वर्ष-24 अंक-43
पृष्ठ-8 मूल्य-2.00

भोपाल
सोमवार 14 सितंबर 2026


भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया/चतुर्थी
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

दैनिक
# समय जगत




भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...


## देश की एकता- अखंडता का आधार है हिंदी
## निरंतर प्रयासों से बढ़ेगी भाषाई समृद्धि

देश में भाषाई विविधता उच्चकोटि की है। जहां विभिन्न राज्यों में अलग- अलग भाषाएं बोली जाती हैं। इन भाषाओं में सर्वाधिक बोली एवं उपयोग की जाने वाली भाषा हिंदी है। जो देश के लगभग सभी राज्यों में बोली जाती है। इस प्रकार हिंदी भाषा देश को एकता के सूत्र में पिरोने का मार्ग प्रशस्त करने के साथ राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को सुदृढ़ बनाती है। देश में हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी भारत में सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषाओं में शामिल है। हालांकि, अलग-अलग क्षेत्रों में हिंदी का स्वरूप और बोलने का तरीका अलग है।

यही वजह है कि हिंदी से जुड़ी कई प्रमुख बोलियां अपनी अलग पहचान और विशेषता रखती हैं। इस तरह बोलियों से भी हिंदी भाषा निरंतर समृद्ध हो रही है। अवधी मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र में बोली जाती है। अयोध्या, लखनऊ, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली और आसपास के क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलता है। अवधी को अपनी सरलता, मिठास और साहित्यिक समृद्धि के लिए जाना जाता है। हिंदी साहित्य में अवधी का विशेष महत्व है। ब्रज भाषा का संबंध उत्तर प्रदेश के मथुरा, वृंदावन, आगरा और आसपास के क्षेत्रों से है। कृष्ण भक्ति साहित्य में ब्रज भाषा का विशेष महत्व रहा है। भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण के प्रेम का वर्णन करने वाली कई प्रसिद्ध रचनाएं ब्रज में लिखी गई हैं। भोजपुरी मुख्य रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में बोली जाती है। यह भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम और दूसरे देशों में बसे भारतीय मूल के लोगों के बीच भी उपयोग की जाती है। बुंदेली का संबंध बुंदेलखंड क्षेत्र से है, जिसमें उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई इलाके शामिल हैं। बुंदेली में लोकगीत, लोककथाएं और वीर गाथाएं काफी लोकप्रिय हैं। इस बोली में बुंदेलखंड की संस्कृति, परंपरा और ग्रामीण जीवन की झलक साफ दिखाई देती है। बघेली मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के रीवा, शहडोल, सतना और आसपास के क्षेत्रों में बोली जाती है। उत्तर प्रदेश के कुछ सीमावर्ती इलाकों में भी इसका प्रभाव देखने को मिलता है। बघेली में लोकगीतों और लोककथाओं की समृद्ध परंपरा है तथा इसका इस क्षेत्र में व्यापक उपयोग होता है।




### हरियाणवी लोकगीत, रागनी और लोककथाएं काफी लोकप्रिय

इस बोली में स्थानीय जीवन, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े शब्दों का खूब इस्तेमाल होता है। हरियाणवी मुख्य रूप से हरियाणा और दिल्ली से लगे कुछ इलाकों में बोली जाती है। इसका अंदाज काफी सहज और देसी माना जाता है। हरियाणवी लोकगीत, रागनी और लोककथाएं काफी लोकप्रिय हैं। छत्तीसगढ़ी मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में बोली जाती है। यह राज्य की लोक संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई है। छत्तीसगढ़ी में लोकगीत, लोकनाट्य और लोककथाओं की समृद्ध परंपरा है। राजस्थानी राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में बोली जाने वाली भाषाई किस्मों का व्यापक नाम है। मारवाड़ी, मेवाड़ी, शेखावाटी और हाड़ौती जैसी बोलियों की अपनी अलग विशेषताएं हैं। इन क्षेत्रीय बोलियों से भी हिंदी भाषा निरंतर समृद्ध हो रही है।

## विश्वास का सबूत है ब्रिक्स की बढ़ती ताकत: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हो रहे मल्टीलेटरल इवेंट के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और अभूतपूर्व भरोसे की तारीफ की। समावेशी वैश्विक शासन और बहुपक्षवाद को मजबूत करने पर ब्रिक्स सत्र की अध्यक्षता करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स सदस्यों के बीच सहयोग और समर्थन से साझा विजन एक विन-विन कोऑपरेशन (जिसमें सभी का फायदा हो) में बदल गया है।

पीएम मोदी ने कहा, हम ब्रिक्स के बढ़ते परिवार में आप सभी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। आज यह ऑडिटोरियम अलग-अलग महाद्वीपों, संस्कृतियों और विकास की यात्राओं को एक साथ ला रहा है। यह ब्रिक्स की बढ़ती ताकत, आकर्षण और उसमें लोगों के अभूतपूर्व भरोसे का सबूत है। उन्होंने आगे कहा, भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान हमने अपनी सारी कोशिशें चार स्तंभों पर केंद्रित की हैं-लचीलापन, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी। मुझे खुशी है कि आपके सहयोग और समर्थन से हम अपनी साझा सोच को ऐसे सहयोग में बदल पाए हैं जिससे सभी को फायदा हो। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दुनिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है और कोई भी संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है और इसका आम लोगों के जीवन पर बहुत बुरा और व्यापक असर पड़ रहा है। महामारी, जलवायु आपदाओं और सप्लाई चेन में रुकावटों ने यह दिखा दिया है कि आज की आपस में जुड़ी दुनिया में कोई भी संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। उन्होंने आगे कहा, इसलिए हमने ब्रिक्स समूह में मजबूती और मुश्किल हालात का सामना करने की क्षमता बढ़ाने पर खास जोर दिया है। चुनौतियों की समय रहते पहचान करना, उनके लिए तैयारी करना और तुरंत कदम उठाना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के साथ संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उनसे निपटने के लिए एक इंटीग्रेटेड ब्रिक्स अर्ली वॉर्निंग सिस्टम (शुरुआती चेतावनी प्रणाली) पर सहमति बनी है। आपदा प्रबंधन के लिए अर्ली वॉर्निंग डेटा इंटीग्रेशन गाइडलाइंस तैयार की गई हैं।

**ब्रिक्स सत्र की अध्यक्षता करते हुए बोले पीएम मोदी**



### प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक बहनों के खातों में पहुंचे 1835 करोड़ रुपए

## प्रदेश की लाड़ली बहना लाभ लेने वाली नहीं अब बन रही है लाभ कमाने वाली : मुख्यमंत्री



**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की लाडली बहनें लाभ लेने वाली नहीं बल्कि लाभ कमाने वाली बन रही है। नारी सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं हो सकता है, इसके लिये प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आगर-मालवा से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 10 हजार से अधिक लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना योजना की 40वीं किश्त के रूप में सिंगल क्लिक से 1835 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। इसमें आगर-मालवा जिले की 1 लाख 13 हजार से अधिक लाड़ली बहनें भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां विभिन्न शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने आगर मालवा जिले को 254 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 50 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 226 करोड़ रुपए से 33 विकास कार्यों का भूमिपूजन और क़रीब 28 करोड़ रुपए से 17 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लगभग 118 करोड़ रुपए की लागत से 3 सड़क परियोजनाओं और 19 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले शासकीय विधि महाविद्यालय का भूमिपूजन किया।

### पट्टों की पक्की रजिस्ट्री कराकर पट्टेधारियों को निःशुल्क देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सितम्बर जनसेवा को समर्पित महीना है। आने वाली 17 सितम्बर से प्रदेश में जनसेवा से जुड़े दो बड़े काम प्रारंभ होने हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना-2026 के तहत हमारी सरकार 17 सितम्बर से एक बहुत बड़ा कदम उठाने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ऐसे सभी 50 लाख से अधिक पट्टेधारियों को, जिनके पास पट्टे तो हैं, परंतु इसकी रजिस्ट्री नहीं है, इन सभी को हमारी सरकार पक्की रजिस्ट्री कराकर निःशुल्क रूप से पट्टेधारियों को प्रदान करेगी। इन 50 लाख पट्टों की पक्की रजिस्ट्री का शुल्क सरकार अपने खजाने से वहन करेगी।

## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित कृष्ण मेनन मार्ग पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित कृष्ण मेनन मार्ग पर महत्वपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण भेंट की। रामदास आठवले के साथ बौद्ध भिक्षुओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी शिष्टाचार भेंट में सहभागी रहा।

आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि भेंट की अवधि में बोधगया स्थित महाबोधि विहार के प्रबंधन एवं बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949 से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। रामदास आठवले जी ने कहा कि बौद्ध भिक्षुओं ने अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को सौंपा। रामदास आठवले जी ने गृह मंत्री जी के समक्ष कहा कि भारत सहित विश्वभर के बौद्ध धर्म के अनुयायियों की लंबे समय से मांग है कि 'बोधगया मंदिर अधिनियम, 1949' को पूरी तरह निरस्त किया जाए तथा महाबोधि विहार का संपूर्ण नियंत्रण एवं प्रबंधन बौद्ध समुदाय को सौंपा जाए। रामदास आठवले ने कहा कि माननीय अमित शाह ने बौद्ध भिक्षुओं की मांग को सकारात्मकता एवं गंभीरता से सुना और इस विषय का शीघ्र समाधान किए जाने का भरोसा दिलाया।

रामदास आठवले ने कहा कि बोधगया वह पावन भूमि है, जहां भगवान गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और विश्वभर के करोड़ों बौद्ध अनुयायियों की इस महातीर्थ से गहरी धार्मिक एवं आध्यात्मिक आस्था जुड़ी हुई है।

## मलेशियाई प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी से की मुलाकात साथ में किया नाश्ता, नेता प्रतिपक्ष को गुड फ्रेंड बताया




**नई दिल्ली।** दिल्ली में संपन्न 18वें ब्रिक्स समिट के बीच मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रविवार को विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। यह मीटिंग ब्रिक्स समिट के इतर हुई। सभी ने साथ में ब्रेकफास्ट किया। लेकिन मुलाकात कहां पर हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कांग्रेस और पीएम इब्राहिम ने एक्स पर तस्वीरें भी शेयर की हैं। इब्राहिम ने लिखा- आज सुबह ब्रेकफास्ट पर अपने अच्छे दोस्त राहुल गांधी से एक बार फिर मिलने का मौका मिला। हमने हाल के अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर अपने विचार शेयर किए।

## टैरिफ से ट्रेड तक विविध विषयों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** कई मुद्दों पर मतभेद के बावजूद भारत ने शनिवार को दो दिवसीय 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले सत्र के बाद नई दिल्ली घोषणापत्र पर सहमति बनाने में कामयाबी हासिल की। इसे भारत की बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। घोषणापत्र में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की स्पष्ट निंदा से लेकर आतंकवाद के सुरक्षित ठिकानों और सीमा पार आतंकी आवाजाही के खिलाफ कार्रवाई का संकल्प लिया गया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर संयम और संवाद की अपील के साथ युद्ध रोकने, परमाणु जोखिम कम करने और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान निकालने पर जोर दिया गया। वहीं, एकतरफा टैरिफ और व्यापार प्रतिबंधों को लेकर पश्चिमी देशों को भी कड़ा संदेश दिया गया। हालांकि घोषणापत्र में ईरान पर अमेरिकी हमलों और खाड़ी देशों पर ईरान के जवाबी हमलों का सीधा जिक्र नहीं की गया है।

**महत्वपूर्ण मुद्दों पर ब्रिक्स में बनी सहमति**



राष्ट्रीय दैनिक
**समय जगत**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक भोपाल एवं दिल्ली से एक साथ प्रकाशित एवं समस्त राज्यों में प्रसारित

पी.एन. द्विवेदी
प्रबंध संपादक
पूर्व अपर संचालक, जनसम्पर्क (अ.प्रा.), पूर्व प्रेस अधिकारी, राजभवन

अशोक त्रिपाठी
प्रधान संपादक एवं प्रबंध संचालक
समय-जगत मी.प्रा.लि.

क्रमांक .................... दिनांक : ..............................

'गर्व से कहो हम अभियंता हैं
देश के निर्माण नियंता हैं'
सृजन-शिल्पी

प्रतिष्ठा में
सम्माननीय अभियंता बंधु,
अभियंता गरिमा अभियान की कोटिश: मंगलकामनाएं

**गर्व से कहें हम भारत रत्न इं. विश्वेश्वरैया के अनुगामी अभियंता हैं, भारत निर्माण नियंता हैं।**

इस भाव और भावना के साथ हमारे द्वारा अपने संपूर्ण कार्यकाल में किये गए श्रेष्ठतम गुणात्मक प्रेरणादायी- अनुकरणीय कार्यों/ नवाचारों को समग्र लोकहित में प्रकाशित और प्रसारित करना आपकी और हमारी अपने हिस्से की ईमानदारी है। इसमें सहभागी है आपका अपना **समय जगत समूह**, जो विगत 18 वर्षों से देश- प्रदेश में **हजारों संवाददाताओं, करोड़ों व्यूअर्स, लाखों सब्सक्राइबर्स एवं पाठकों** के माध्यम से निरंतर विश्व प्रतिष्ठित **विश्वेश्वरैया** जी के व्यक्तित्व और कृतित्व के अविस्मरणीय पक्षों को क्रमबद्ध संपादकीय और आलेखों के साथ प्रकाशित और प्रसारित कर रहा है। **एक संदेश- पूरा देश** के लक्ष्य संकल्पित, मूल्य आधारित पत्रकारिता के प्रमाणिक मापदंडों की यह यात्रा सभी अभियंता वंधुओं के सात्विक- सकारात्मक सहयोग से ही संभव हो पाई है। आपसे विनम्र अपेक्षा है कि आपकी **जन्मतिथि, विवाह तिथि एवं सेवा प्रारंभ तिथि** जैसे सुप्रसंग के अवसरों पर आपके व्यक्तित्व- कृतित्व के विवरणों के संक्षिप्त उल्लेख के साथ आपके उत्कृष्ट करणीय कार्यों का समग्र लोकहित में व्यापक प्रदर्शन अभियंता गरिमा अभियान की दृष्टि से सार्थक कदम होगा। आपके महत्वपूर्ण सुझाव भी हमारे अभियान के पथ प्रदर्शक व लक्ष्य साधक होंगे। साथ ही **विश्वेश्वरैया जी** या अन्य योग्य, दक्ष अभियंता वंधु संदर्भित स्मरण या संस्मरण भी स्वागतयोग्य हैं। समूह के द्वारा देश- प्रदेश के सभी सरकारी या निजी क्षेत्र के कनिष्ठ से वरिष्ठ सभी अभियंता वंधुओं की व्यक्तिगत/ संस्थागत सहभागिता का अनथक प्रयास निरंतर किया जा रहा है। यह सब भी सभी के सहयोग से ही संभव है। क्यों कि हमारा यह मानना है कि अभियंता दिवस से ज्यादा महत्वपूर्ण है **हर दिवस में हो अभियंता**। इसी लक्ष्य के साथ प्रत्येक दिवस में समूह के प्रत्येक केन्द्र द्वारा क्रमशः योग्य और दक्ष अभियंताओं को **विश्वेश्वरैया जी** का स्मृति चिन्ह, मास्क, गौ आधारित प्राकृतिक कृषि से उत्पादित रसायनमुक्त गुड़, काढ़ा चूर्ण भेंट करने की योजना है। साथ ही **प्रकृति संरक्षण का एक मात्र आधार- पौधरोपण का नवाचार** के लक्ष्य को लेकर प्रत्येक वर्ष, रक्षाबंधन (वृक्षाबंधन) से लेकर वर्ष प्रतिपदा तक नित्य ही दक्ष- योग्य अभियंताओं द्वारा उनके निवास/ कार्यालय या सार्वजनिक परिसर में पौधरोपण का आग्रह कर अभियंता गरिमा अभियान को प्रतिष्ठित और प्रमाणिक बनाने की योजना है। यह सब लोकमंगल के पवित्र- पुण्यदायी नवाचार श्रद्धा, स्वप्रेरणा, प्रभाव अथवा दबाव से फलीभूत होंगे। क्यों कि हम अभियंता वंधु राजनेताओं के प्रभाव और ब्यूरोक्रेट्स के दवाव में भी काम करने के आदी हो चुके हैं। इसका भी अंतर्मन की गहराई से विचार करना हमारे लिये महत्वपूर्ण है। यही विश्व प्रतिष्ठित अभियंता शिरोमणि **इं. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी** के प्रति हमारा श्रेष्ठतम- सार्थक समर्पण होगा।

स्मरण रहे कि इंजीनियर श्री **विश्वेश्वरैया जी** के अद्भुत व्यक्तित्व, उत्कृष्ट- गुणात्मक कार्य दक्षता तथा विलक्षण प्रशासनिक क्षमता के साथ किये जाने वाले समग्र जनहितकारी लोकमंगल के विचारों के कारण ही **भारत रत्न** प्रदाय किया गया था। जो उस कालखंड में किसी राजनेता, ब्यूरोक्रेट के लिये दूर- दूर तक दुर्लभ था। उसी प्रतिष्ठा के कारण दशकों तक अभियंता वर्ग की समाज में एक उत्कृष्ट प्रमाणिकता बनी रही है, जिसका अब शनै- शनै क्षरण होता जा रहा है। उसके पुनर्स्थापन के लिये **करो गंभीरता से विचार- करते रहो सदैव लोकमंगल के नवाचार।**

कृपया अपेक्षित जानकारियों के साथ उल्लेखित तिथियों से अवगत कराने का विनम्र आग्रह पुनः निवेदित है। **इंजीनियर विश्वेश्वरैया जी** संदर्भित पूर्व प्रकाशित सामग्री एवं संपादकीय श्रृंखला के अवलोकन के लिये समय जगत के **ई-पेपर, वेबसाइट, वेब चैनल खबर समय जगत** का अवलोकन उपयुक्त और उपयोगी होगा।

**सकारात्मक प्रतिसाद की प्रत्याशा में**

इं. अशोक त्रिपाठी

मुख्यालय : गोयल निकेत, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल (म.प्र.)
☎ : 0755-4273868, 4700406, 4700407, 4700408, 9893284868
दिल्ली कार्यालय : एस-557, हीरा कॉम्प्लेक्स, 203, द्वितीय तल, मुख्य मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-91
ई-मेल : dainiksamayjagat@gmail.com वेबसाइट : www.dainiksamayjagat.com

# इंदौर के 10 सिद्ध विघ्नहर्ता, जहां पूरी होती है हर मुराद

**समय जगत, इंदौर-प्रदीप जोशी।** अहिल्या नगरी की इस पावन धरा पर अपनी कृपा बरसा रहे हैं 10 ऐसे सिद्ध विघ्नहर्ता, जिनकी ख्याति सात समंदर पार तक गूंजती है। शहर की पहचान खजराना गणेश हैं, तो 25 फीट ऊंचे बड़ा गणपति सवा सौ साल से विघ्न हर रहे हैं। वहीं कहीं चिंतामण बप्पा मोबाइल पर अर्जी सुनते हैं, तो कहीं पोटली वाले गणेश विवाह की अड़चने दूर करते हैं। इसी कड़ी में एक ऐसा ऐतिहासिक दरबार भी है जिसका नाता पत्रकारिता से है, जहां प्रेस क्लब के राजा के रूप में बप्पा विराजते हैं। हर मंदिर की अलग मान्यता है और हर दर पर मुराद पूरी होती है। गणेश उत्सव पर जानिए इंदौर के सिद्ध विघ्नहर्ताओं की महिमा -

खजराना गणेश मंदिर , सबसे चमत्कारी- इससे शहर की पहचान और सबसे सिद्ध दरबार। मान्यता है कि यहां तीन परिक्रमा कर धागा बांधने और उल्टा स्वास्तिक बनाने से हर मुराद पूरी होती है। संतान, नौकरी, धन और बुद्धि के लिए यहां देश-विदेश से भक्त आते हैं। बड़ा गणपति - 25 फीट ऊंची प्रतिमा का सवा सौ साल से भी ज्यादा पुराना इतिहास। 1901 में पं. नारायण दाधीच ने इसका निर्माण कराया था। चूना, गुड़, रेत, मैथी, ईंट, सोना-चांदी, सभी तीर्थों के जल और अष्टधातु से बनी 25 फीट ऊंची प्रतिमा पर साल में 4 बार चोला चढ़ाया जाता है। पोटली वाले गणेश - जूनि इंदौर है 750 साल पुराना चमत्कारी मंदिर। भगवान यहां हाथ में पोटली लिए विराजमान हैं। जिन युवक-युवतियों की शादी में अड़चन आ रही है, वे यहां हल्दी की गांठ चढ़ाते हैं और बप्पा उनकी किस्मत पोटली में बांध देते हैं। इंदौर प्रेस क्लब के राजा का ऐतिहासिक प्रांगण हैं। जिसका नाता 66 बरस से पत्रकारिता से जुड़ा है। हिंदी पत्रकारिता के इस पुरातन मंदिर में मां सरस्वती और मां लक्ष्मी भगवान गणेश के साथ विराजित हैं। यहां हर वर्ष हर्षोल्लास से बप्पा की

### जहां खजराना और बड़ा गणपति की ख्याति है विदेशों तक



स्थापना होती है और मीडियाकर्मियों के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण होती हैं। मान्यता है कि यहां कलम के सिपाहियों की हर मनोकामना पूरी होती है। मोबाइल वाले चिंतामण गणेश - जूनि इंदौर का 1200 साल प्राचीन सिद्ध मंदिर। यहां चिट्ठी और फोन से अर्जी लगाने की अनूठी परंपरा है। धार के एक भक्त की चिट्ठी से शुरू हुई मान्यता आज मोबाइल रिंगटोन तक पहुंच गई है, जहां भक्त फोन पर बप्पा से अपनी मनोकामना पूरी करने की गुहार लगाते हैं। परिवार सहित विराजमान गणेश - एयरपोर्ट रोड विद्याधाम आश्रम में स्थित दुर्लभ दरबार है। यहां मां भगवती त्रिपुरा सुंदरी के साथ भगवान गणेश अपने पूरे परिवार रिद्धि-सिद्धि, तुष्टि-पुष्टि, लाभ-शुभ और आमोद-प्रमोद सहित विराजमान हैं। परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यहां विशेष पूजन होता है। बड़ा गणपति के पास ही स्थित 250 साल प्राचीन छोटा गणपति मंदिर अपनी सफेद प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। पुजारी मोहित पंचोली के अनुसार यहां सुबह 3.30 बजे बप्पा को ऐसी अनूठी वेशभूषा पहनाई जाती है, जो कहीं और देखने को नहीं मिलती।

विवाह बाधा दूर करने वाले खड़े गणेशजी - बड़ा रावला, जूनि इंदौर में श्री गौड़ विद्या मंदिर में खड़े गणेश के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस मंदिर में 4 बुधवार तक हल्दी की गांठ और खारक अर्पण करने से रुके हुए कार्य पूरे होते हैं। इंदौर के स्नेहलतागंज स्थित स्वयंभू पंचमुखी श्री अर्केश्वर गणेश धाम में भगवान की पंचमुखी प्रतिमा विराजित है। मान्यता है कि राधेश्याम जोशी द्वारा आंगन में रोपा गया आंकड़े का पौधा 18 वर्ष में वृक्ष बन गया और 23 नवंबर 2002 को खुदाई में उसकी जड़ों से बनी पंचमुखी गणेश प्रतिमा प्रकट हुई। पुजारी सत्यनारायण जोशी के अनुसार यहां दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। 40 साल पहले शुक्ला परिवार द्वारा स्थापित सिद्ध पीठ मरीमाता के सिद्ध विजय गणेश सभी मनोकामना पूरी करते हैं। पुजारी महेंद्र शर्मा के अनुसार यहां व्यापार, नौकरी और समृद्धि से जुड़ी मनोकामना बहुत जल्दी पूरी होती है। गणेश उत्सव पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है।

# सरल परियोजना के तहत 5 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण संपन्न

### संस्था प्रमुख डॉ. ए.के. दीक्षित के दिशा-निर्देशन में आयोजित हुआ प्रशिक्षण

**समय जगत, उज्जैन।** सरल परियोजना के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, उज्जैन में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से नेट हाउस में सुरक्षित सब्जी की खेती विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 8 से 12 सितंबर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण संस्था प्रमुख डॉ. ए.के. दीक्षित के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। इसमें उज्जैन जिले के क्लस्टर क्षेत्र के कई प्रगतिशील युवा किसान एवं किसान महिलाएं सम्मिलित हुईं। परियोजना का मुख्य उद्देश्य युवा किसान भाई-बहनों को खेती की ओर आकर्षित करना और खेती को व्यवसाय का स्वरूप देना है, ताकि युवा वर्ग नेट हाउस में सुरक्षित सब्जी की खेती कर स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर सकें। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में ऑनलाइन, ऑफलाइन, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन एवं फील्ड विजिट के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में डॉ. ए.के. दीक्षित (प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर) ने शेड नेट हाउस में सुरक्षित सब्जी की



खेती के मुख्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा की।

- परियोजना की नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रेखा तिवारी ने प्रोटेक्टेड कल्टीवेशन के विभिन्न स्वरूपों जैसे शेड नेट हाउस, पॉली हाउस, पॉलीनेट हाउस , लो टनल हाउस आदि के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, पौधों की हार्डवुड , सॉफ्ट वुड एवं सेमी सॉफ्टवुड से विभिन्न पौधे कैसे बनाया जाए इसका प्रात्यक्षिक बताया लघु एवं सीमांत कृषको हेतु कम लागत में बनाए जाने वाले नेट हाउस की जानकारी भी दी। डॉ. हंसराज जाटव ने रोजगारोन्मुखी व्यवसाय में एफपीओ के रोल पर प्रकाश डाला। डॉ. एस.के. सिंह ने जैविक खेती के घटकों की जानकारी दी जो सुरक्षित खेती में लागू किए जा सकते हैं। डॉ. आशीष बोबड़े ने संरक्षित सब्जी खेती में लगने वाले कीट, रोग एवं बीमारियों के प्रबंधन के बारे में बताया। डॉ. सविता कुमारी ने प्राकृतिक खेती को अपनाते हुए जीवामृत, घनामृत, बीजामृत आदि घटकों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. मोनी सिंह ने सुरक्षित खेती से प्राप्त उत्पादों को एक्सपोर्ट के माध्यम से व्यवसाय को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र लहर से डॉ. करणवीर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने नेट हाउस में उगाई जाने वाली सब्जियों के बारे में विस्तृत से बताया

- डॉ. सी.पी.पचौरी संस्था प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र नीमच ऑनलाइन मोड़ से पॉलीहाउस में लगने वाले मिर्च एवं टमाटर के पौधों में रोगों के एवं बीमारी के बारे में विस्तृत से बताया साथ ही पॉलीहाउस बनाते समय किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए इस बारे में भी किसान भाइयों को जानकारी दी

- नक्षत्र भ्रमण के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग की नर्सरी एवं आगर मालवा के प्रगतिशील किसान भाई के प्रक्षेत्र पर भ्रमण कराया गया है। लगभग 35 प्रगतिशील युवा किसान और किसान महिला शामिल हुए। कार्यक्रम में क्लस्टर के सामगी, गोलवा, कल्याणपुर देवरा खेड़ी, बूचाखेड़ी चिंतामन जवासिया, बदरखा बाबाजी, लिंबापिपलिया , छावनी ,लक्ष्मीनारायण, बिछड़ोद आनंद खेड़ी, साकरी , गोपाली ,सेवर खेड़ी, जीतर खेड़ी, गुनाइजागीर, सरोला , सालाखेड़ी, बरखेड़ा नजिक एवं उज्जैन से लगभग 35 किसान भाई एवं किसान बहनो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे भविष्य के लिए लाभकारी बताया।

## बेगमगंज में 30 सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान



**बेगमगंज ।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा विभाग में लगातार अपनी सेवाएं देकर सेवानिवृत्त होने वाले 30 शिक्षक – शिक्षिकाओं का आज मप्र राज्य कर्मचारी संघ द्वारा सांदीपनि विद्यालय सभागार में समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार प्रमोद उइके , विशेष अतिथि नायब तहसीलदार विक्रम सिंह रहे जबकि अध्यक्षता प्राचार्य बीईओ राजेंदर श्रीवास्तव ने की। शिक्षक– शिक्षिकाओं में कोमल प्रसाद नायक , अनिल रावत, अमर सिंह राजपूत , श्रीमती मीना मिश्रा , सुनीता जैन , बहादुर सिंह ठाकुर , ओपी शर्मा , कमल जैन, मानसिंह लोधी , माया शाक्य , देवी सिंह जाट , लाल जी शर्मा , विजय प्रजापति , हरिशंकर गुप्ता , पुष्पा सोनी , छाया सोनी , एमएल बघेल , अरुण रैकवार , अंजुम आरा , बलराम हजारी , गुलाब राजपूत , रफिया बेगम , मोहनलाल कुशवाहा , राजेश कुमार पांडे , लाल साहब ठाकुर , रुक्मिणी देवी सोनी ,मलखान , इंदर सिंह यादव , राजेश भोई इत्यादि का प्रशस्ति पत्र, शॉल , श्रीफल एवं पुष्प मालाओं से सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के अतिथियों तहसीलदार प्रमोद उइके , नायब तहसीलदार विक्रम सिंह , बीईओ राजेंद्र श्रीवास्तव , सुल्तानगंज प्राचार्य राकेश सोनी , अशोक शर्मा एवं मीडियाकर्मियों में सईद नादां एडवोकेट, हरि साहू , राजीव दुबे , राहुल अहिरवार, विशाल शिल्पकार का भी मप्र राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों के द्वारा शॉल श्रीफल , पुष्प मालाओं से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र पांडे ने संबोधन के साथ एक गीत प्रस्तुत किया एवं मानसिंह लोधी , अशोक शर्मा , राकेश सोनी ,राजेंद्र श्रीवास्तव , विक्रम सिंह , प्रमोद उइके इत्यादि ने सभी पूर्व एवं वर्तमान शिक्षकों का शाब्दिक सम्मान करते हुए शिक्षकों की महिमा का बखान करते हुए नमन किया।

## सार संक्षिप्त

### भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेखा पाल का निधन, नगर में शोक की लहर



**समा जगत, मंडीदीप ।** नगर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष एवं नगर पालिका की एल्डरमैन रेखा पाल का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। रेखा पाल, कैलाश प्रसाद पाल की धर्मपत्नी एवं सचिन पाल की माताजी थीं। वहीं वे रामस्वरूप पाल, गेंदा लाल पाल एवं विजय पाल की भाभी थीं। उनका अंतिम संस्कार रविवार सुबह 11 बजे स्थानीय विश्राम घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगर वासियों ने शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रेखा पाल के निधन पर विदिशा लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सीमा चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, समाजसेवी जीवन सिंह पाल, विनोद जैन, महाराजा अजय पाल, क्षत्रिय समाज अध्यक्ष सुनील पाल, पूर्व नगर अध्यक्ष उमेश पाल, बद्री सिंह चौहान, पूर्णिमा जैन सहित भाजपा संगठन के मंडल महामंत्री अमित जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की ।

### आरटीआई में मांगी शासकीय जानकारी को विभाग ने बताया व्यक्तिगत, स्थानांतरण के बाद भी पूर्व पदस्थापना पर जमे शिक्षकों की ज्वाइनिंग की स्थिति पर उठे सवाल



**मण्डला ।** शासन की स्थानांतरण नीति–2026 के तहत जिले में जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशासनिक स्थानांतरण किए गए हैं। इसके बावजूद स्थानांतरित शिक्षकों की नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि कई शिक्षक नवीन पदस्थापना पर ज्वाइन करने के बजाय अब भी पूर्व पदस्थापना स्थल पर ही कार्यरत हैं। इससे स्थानांतरण आदेशों के पालन और विभागीय निगरानी व्यवस्था पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

आरटीआई में मांगी ज्वाइनिंग से संबंधित जानकारी

मामले को लेकर आरटीआई के माध्यम से स्थानांतरित शिक्षकों की नवीन पदस्थापना, कार्यभार ग्रहण करने की स्थिति तथा संबंधित शासकीय अभिलेखों से जुड़ी जानकारी मांगी गई थी। बताया गया है कि विभाग ने जवाब में मांगी गई जानकारी को व्यक्तिगत प्रकृति का बताते हुए उपलब्ध कराने से इनकार किया है। आरटीआई आवेदक का कहना है कि उनके द्वारा किसी कर्मचारी की निजी जानकारी, जैसे मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता, पारिवारिक विवरण अथवा अन्य व्यक्तिगत विवरण नहीं मांगा गया था। जानकारी पूरी तरह स्थानांतरण आदेश, नवीन पदस्थापना और शासकीय दायित्व ग्रहण करने से संबंधित अभिलेखों तक सीमित थी।

**शासकीय दायित्व से जुड़ी जानकारी को व्यक्तिगत बताने पर सवाल**– आवेदक के अनुसार स्थानांतरण आदेश विभागीय प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, जबकि नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करना संबंधित कर्मचारी के शासकीय दायित्व से जुड़ा विषय है। ऐसे में इस प्रकार की जानकारी को पूरी तरह व्यक्तिगत बताकर रोकना सवालों के घेरे में है। यदि मांगी गई सूचना के किसी हिस्से में व्यक्तिगत जानकारी शामिल हो तो उस हिस्से को पृथक करते हुए शेष शासकीय जानकारी उपलब्ध कराई जा सकती है।

**कितने ने ज्वाइन किया, कितने अब भी पुराने स्थान पर?**– मामले में विभाग से यह स्पष्ट किए जाने की आवश्यकता है कि स्थानांतरण नीति के तहत कुल कितने शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश जारी हुए, कितने शिक्षकों ने नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण किया और कितने अब भी पूर्व पदस्थापना स्थल पर कार्यरत हैं। साथ ही नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण नहीं करने वाले शिक्षकों के संबंध में विभाग द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई, इसका भी खुलासा होना चाहिए।

# सुठालिया परियोजना में मुआवजे में भेदभाव का आरोप

### अनिश्चितकालीन धरना और भूख हड़ताल की दी चेतावनी

**सुठालिया ।** सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों ने मुआवजे में भेदभाव का आरोप लगाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। किसान संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों ने 15 सितंबर मंगलवार को दोपहर 1 बजे जीन ग्राउंड बस स्टैंड सुठालिया में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल शुरू करने की चेतावनी दी है। किसानों का कहना हैकि जिला एक, मध्य प्रदेश एक, फिर सुठालिया परियोजना में किसानों के साथ भेदभाव क्यों एक ही परियोजना एक ही प्रदेश में सभी प्रभावित किसानों को समान मुआवजा और समान अधिकार दिया जाए।

### ये हे किसानों की 7 मुख्य मांगें ।

सुठालिया परियोजना में सभी किसानों को समान 4 गुना मुआवजा दिया जाए। जिन किसानों की जमीन डूबी है और जिन्हें पूर्व में 2 गुना राशि मिल चुकी है, उन्हें शेष 2 गुना राशि और दी जाए। पीड़ित परिवार के मकान काटे गए हैं, उन्हें जोड़कर शीघ्र मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। किसान की खेती भूमि पर स्थित मकान, कुएं, ट्यूबवेल, पेड़-पौधे, फलदार वृक्ष, पाइपलाइन तथा अन्य परिसंपत्ति का सर्वेक्षण कर मुआवजा राशि शीघ्र प्रदान की जाए। विस्थापन परिवार कट ऑफ दिनांक 01/01/2021 को हटाकर जिस दिन विस्थापन हो, उस दिन तक परिवार आईडी का लाभ दिया जाए। जिन किसानों की 80 -90 प्रतिशत जमीन डूबी है, उनको भी विस्थापन परिवार आईडी का लाभ दिया जाए।जो ग्राम पूर्ण रूप से डूबे हैं उनको विस्थापन ग्रामों की सूची में रखा जाए।

किसान नेताओं ने कहा कि लंबे समय से मांगों को लेकर ज्ञापन दिए जा रहे हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। मजबूरन अब धरना और भूख हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

# लव-कुश की पूजा कर उतारी आरती, समाज को दिया एकता और संस्कार का संदेश

**सिलवानी।** भगवान श्रीराम के पुत्र लव-कुश के जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को कुशवाहा समाज संगठन समिति सिलवानी के तत्वावधान में जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाह, जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल कुशवाह तथा महिला जिला अध्यक्ष अंगूरी कुशवाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने शोभायात्रा में सहभागिता कर समाजजनों को लव-कुश जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालुओं ने धार्मिक उल्लास के साथ भगवान लव-कुश के जयकारे लगाए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने भगवान लव-कुश की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती उतारी तथा समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



**लव-कुश के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वानः** समाजजनों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने कहा कि भगवान लव-कुश का जीवन साहस, संस्कार, अनुशासन और धर्म के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने समाजजनों से भगवान लव-कुश के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

शोभायात्रा में लव-कुश एवं माता सीता के स्वरूप में सजे बच्चों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान कुशवाहा समाज संगठन समिति के पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह सहित अतिथियों का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू भाजपा नेता विभोर नायक पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष बलराम कुशवाहा, कार्यक्रम अध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी नर्मदा कुशवाहा, रेवाराम कुशवाहा, तेजराम कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रदीप कुशवाह ने किया तथा आभार राजेश कुशवाहा ने व्यक्त किया।

# नगर परिषद की सीमा में हो रहा है प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों का विक्रय

**समय जगत, बरेली।** पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से निर्मित मूर्तियों के उपयोग एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद नगर परिषद की सीमा में पीओपी की प्रतिमाओं का विक्रय बेखौफ जारी है। नगर में छोटे-बड़े दुकानदारों द्वारा खुले तौर पर पीओपी की मूर्तियां बिक्री के लिए रखी जा रही हैं, लेकिन इन्हें रोकने के लिए नगर परिषद की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

प्रशासन की ओर से दुकानदारों को पीओपी की प्रतिमाओं के स्थान पर मिट्टी से निर्मित पर्यावरण अनुकूल मूर्तियों के विक्रय के लिए प्रोत्साहित किया जाना था, ताकि धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों की उदासीनता के चलते प्रतिबंधित पीओपी की प्रतिमाओं की बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पीओपी की प्रतिमाओं के जल स्त्रोतों में विसर्जन से जल प्रदूषण का खतरा बना रहता है। वहीं, प्रतिमाओं में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक रंग और अन्य सामग्री भी पर्यावरण के लिए नुकसानदायक माने जाते हैं। ऐसे में नगरवासियों ने नगर परिषद से मांग की है कि नगर क्षेत्र में पीओपी की मूर्तियों के विक्रय की जांच


### प्रतिबंध के बावजूद बाजार में बिक रहीं पीओपी की प्रतिमाएं



कर प्रतिबंध का प्रभावी पालन कराया जाए तथा दुकानदारों को मिट्टी से बनी पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं के विक्रय के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि गणेश उत्सव को लेकर गणेश प्रतिमाओं की नगर में लगभग सौ दुकान लगी हुई है जब मैं दुकानदारों के पास गया तो मैंने शासन के नियम अनुसार प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर प्रतिबंध होने के कारण मूर्ति न बेचने का निवेदन किया लेकिन नगर छोटा है धार्मिक नगरी है कई लोगों ने मुझे फोन करके बोला लोग पैसा देकर मूर्ति खरीद के आए हैं गरीबों का बहुत नुकसान होगा इसलिए मूर्ति बेच रहे हैं नागरिकों के फोन आने के बाद परिषद द्वारा मूर्ति विक्रेताओं पर संवैधानिक कार्यवाही नहीं की गई है परंतु मूर्ति विसर्जन के समय नगर परिषद द्वारा नर्मदा तट एवं नदी किनारों पर गड्ढे कर मूर्तियों का विसर्जन करवाया जाएगा जिससे जल प्रदूषण रोका जा सके। वहीं सीएमओ हरिशंकर वर्मा का कहना है कि शासन द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के विक्रय पर प्रतिबंध लगा हुआ है नगर में कुछ दुकानदारों पर प्लास्टर ऑफ पेरिस एवं मिट्टी की बनी मूर्तियां हैं दुकानदारों के पास जाकर समझाइश देने पर उन्होंने आर्थिक नुकसान होने की बात कह कर मूर्ति बेंचे दिए जाने का निवेदन किया क्योंकि परिषद द्वारा उन्हें पहले किसी प्रकार की नोटिस या समझाइश नहीं दी गई थी इस वजह से उनके द्वारा प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां भी खरीद ली गई हैं आगे परिषद द्वारा त्योहारों के पहले दुकानदारों को सूचना एवं समझाईस दी जाएगी जिससे वह प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां ना खरीदें और आर्थिक नुकसान से बचने के साथ-साथ जल प्रदूषण रोका जा सके। नगर परिषद के एल्डरमैन हरिचरण बारीवा ने कहा कि प्रशासन द्वारा पीओपी की मूर्तियों के प्रतिबंध के बावजूद नगर एवं संपूर्ण क्षेत्र में पीओपी की मूर्तियों का निर्माण एवं विक्रय किया जा रहा है जिससे जल प्रदूषण के साथ-साथ धार्मिक आस्था को भी ठेस पहुंचती है क्योंकि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति जल में प्रदूषण के साथ घूलने में देरी होने के कारण नर्मदा तट एवं नदियों के किनारे पर विसर्जन के बाद खंडित अवस्था में दिखाई देती हैं जिससे धार्मिक आस्था को आघात पहुंचता है मूर्ति बनाने एवं बेचने वालों को तो आर्थिक लाभ पहुंचता है परंतु इससे नदियों में रहने वाले जीवों को नुकसान एवं जल प्रदूषण के साथ-साथ हिन्दू धार्मिक आस्था को आघात भी लगता है जिस पर प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# महाकाल की भस्म आरती अब 3डी में, भक्ति के साथ तकनीक का अनूठा संगम

**समय जगत, उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन को श्रद्धालुओं के लिए और अधिक सजीव एवं विशेष अनुभव बनाने की दिशा में एक अभिनव सुविधा प्रारंभ की जा रही है। अब भस्म आरती में प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित नहीं हो पाने वाले श्रद्धालु 3ष्ठ तकनीक के माध्यम से भस्म आरती के लाइव दर्शन कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक के माध्यम से श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल की भस्म आरती के दिव्य एवं अलौकिक स्वरूप का अनुभव प्रदान किया जाएगा। 3डी तकनीक के माध्यम से भस्म आरती की धार्मिक एवं आध्यात्मिक अनुभूति को और अधिक सजीव रूप में अनुभव करने का अवसर श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। इस विशेष सुविधा का लाभ चलित दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को प्राप्त हो सकेगा। श्रद्धालु प्रातः 4ञ्30 बजे से 6ञ्30 बजे तक मानसरोवर स्थित दुर्लभ दर्शन केंद्र पर जाकर निःशुल्क 3डी भस्म आरती के दर्शन कर सकेंगे। 3 डी भस्म आरती दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं को सामान्य दर्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन उपलब्ध कराने तथा आस्था के साथ आधुनिक तकनीक का समन्वय स्थापित करने की दिशा में श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभिनव सुविधा के माध्यम से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल की भस्म आरती के दिव्य एवं सजीव दर्शन 3ष्ठ तकनीक के माध्यम से एक विशेष और भावपूर्ण अनुभव के रूप में प्राप्त होंगे।



# गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन एवं एएनसी परीक्षण हो सुनिश्चित : डिप्टी सीएम श्री शुक्ल

**रीवा, समय जगत।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निवास कार्यालय भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बालाघाट जिले में स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बालाघाट के पूरे क्षेत्र को स्वास्थ्य सेवाओं से प्रभावी रूप से कवर करना है। कोई भी पात्र व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे और प्रत्येक स्तर पर स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत एवं जवाबदेह बनाया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री सुखवीर सिंह, आयुक्त श्री धनराजू एस, एमडी एनएचएम डॉ सलोनी सिडाना एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बालाघाट जिले के प्रत्येक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्वास्थ्य अधोसंरचना के सशक्तीकरण के लिए आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित पूरे क्षेत्र को स्वास्थ्य सेवाओं के दायरे में लाते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और पहुंच को और बेहतर बनाया जाए।

**शत-प्रतिशत टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करें:** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट नक्सल प्रभावित क्षेत्र से मुक्त हुआ है। ऐसे क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता अभियान से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर पंजीयन हो तथा सभी एएनसी (हृष्ट) समय पर हों, यह सुनिश्चित किया जाए। हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (॥त्रक्क) वाली गर्भवती महिलाओं को समय पर चिन्हित कर उनका नियमित फॉलोअप किया जाए तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार एवं प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

**मैदानी अमले को प्रोत्साहित करें, इंसेंटिव समय पर वितरित हों:** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की



सफलता में मैदानी अमले की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों द्वारा मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों को निरंतर मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन दिया जाए। उनके कार्यों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ निर्धारित इंसेंटिव का समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नियमित रूप से मैदानी क्षेत्रों का दौरा करें, स्वास्थ्य कर्मचारियों की समस्याओं को समझें और उन्हें बेहतर कार्य के लिए प्रेरित करें।

**स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का आवश्यकतानुसार उपयोग करें:** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिले में स्थानीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनटाइड फंड आवश्यकतानुसार उपलब्ध कराया गया है। इसका उपयोग स्थानीय स्तर की आकस्मिक आवश्यकताओं के लिए किया जा सकता है। विशेष रूप से आवश्यक परिवहन, आकस्मिक दवाओं, उपकरणों तथा अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इसका नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**जन्मजात बीमारियों से प्रभावित बच्चों का समय पर उपचार:** उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जन्मजात बीमारियों से प्रभावित बच्चों की पहचान एवं उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। जन्मजात हृदय रोग, क्लेफ्ट लिप, क्लब फुट आदि समस्याओं से प्रभावित बच्चों को चिन्हित कर उनकी आवश्यक सर्जरी एवं उपचार समय पर कराया जाए। उन्होंने कहा कि आरबीएसके के अंतर्गत पात्र बच्चों की आवश्यक सर्जरी एवं उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध है।

**टीकाकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था का भी उपयोग करें:** उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां नियमित टीकाकरण व्यवस्था के माध्यम से शत-प्रतिशत कवरेज प्राप्त करने में कठिनाई हो, वहां आवश्यकता के अनुसार हायर्ड वैक्सीनेटर तथा ऑल्टरनेट वैक्सीन डिलीवरी जैसी व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाए। दूरस्थ एवं कठिन पहुंच वाले क्षेत्रों में विशेष रणनीति बनाकर टीकाकरण का लक्ष्य पूरा किया जाए।

**पंचायतों को सुमन पंचायत के लिए प्रेरित करें:** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को जनभागीदारी से मजबूत किया जाए। पंचायतों को सुमन पंचायत बनने के लिए प्रेरित करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय रूप से शामिल करें।

# पहले 15 महीने का हिसाब दें कांग्रेसी, फिर स्वास्थ्य मंत्री के विभाग बदलने की मांग करें : योगेंद्र शुक्ला

## कांग्रेस की मांग पर भाजपा का पलटवार

**रीवा।** उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्लको स्वास्थ्य मंत्री के पद से हटाने कांग्रेस के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह मंगू की मांग पर भाजपा प्रदेश मीडिया के सदस्य योगेंद्र शुक्ला ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की यह मांग जनहित से ज्यादा राजनीतिक हताशा और अपनी खोई जमीन तलाशने की कवायद नजर आती है। कांग्रेस नेताओं को दूसरों के विभाग और कुर्सी की चिंता करने से पहले अपने 15 महीने के शासन एवं रीवा महापौर के कार्योका हिसाब रीवा की जनता को देना चाहिए। योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि जब कांग्रेस के हाथ में सत्ता थी, तब रीवा और पूरे विंध्य की जनता विकास, रोजगार, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को लेकर सवाल करती रही, लेकिन कांग्रेस सरकार के पास उन सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं था। तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा रीवा और विंध्य के लिए की गई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि उन घोषणाओं में से कितनी योजनाएं धरातल पर पहुंचीं और कितनी केवल राजनीतिक भाषणों तक सीमित रह गईं? उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस नेता स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बयान दे रहे हैं, लेकिन जनता यह पूछने के लिए स्वतंत्र है कि कांग्रेस के 15 महीने के शासनकाल में रीवा की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए क्या निर्णायक कदम उठाए गए थे? यदि कांग्रेस के पास 15 महीने कमलनाथ की सरकार एवं रीवा महापौर के उपलब्धियों की सूची है तो उसे सार्वजनिक करे और जनता के सामने अपना रिपोर्ट कार्ड रखे।

उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता पहले रीवा नगर निगम में किए गए झूठे वादों का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता के बीच जाएं। जनता से किए वादों, की गई घोषणाओं और पूरे किए गए कामों का हिसाब दें। उसके बाद उपमुख्यमंत्री जीके काम पर सवाल उठाने का नैतिक साहस दिखाएं। योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि रीवा की राजनीति अब आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़ चुकी है। आज रीवा विकास के पायदानपर ऊंची चलांग लगाकर उड़ने को तैयार खड़ा हैजनता विकास चाहती है और काम की तुलना करती है। कांग्रेस नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि बयानबाजी से न विकास रुकने वाला है और न जनता का विश्वास बदला जा सकता है।

### कमलनाथ ने सिर्फ अपने क्षेत्र का कराया विकास

योगेंद्र शुक्ला ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पार्टी के पास अपने शासनकाल का हिसाब देने के लिए ठोस जवाब नहीं है, उसके नेता अब स्वास्थ्यमंत्री का विभाग बदलने कीमांग के जरिए सुर्खियां बटोरना चाहते हैं। जनता अब इस तरह की राजनीति को समझ चुकी है। केवल बयान देने से न तो अस्पताल बनते हैं और न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होता है। नकारात्मक और अराजकतावादी राजनीति से वोट भी नहीं मिलते उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यों पर सवाल उठाना लोकतंत्र में कांग्रेस का अधिकार है, लेकिन आलोचना तथ्य और तर्क के आधार पर होनी चाहिए, राजनीतिक कुंठा के आधार पर नहीं। यदि स्वास्थ्य क्षेत्र में कोई कमी है तो कांग्रेस उसे तथ्य सहित सामने रखे और सुधार के सुझाव दे। रीवा में हो रहे चौमुखी विकास से पीड़ित कांग्रेस पार्टी अनर्गल और आधारहीन बयान पर उतर रही है योगेंद्र शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस को यह भी बताना चाहिए कि कमलनाथ सरकार के समय रीवा के विकास को रोकने इको पार्क को निरस्त करने सहित सिर्फ रीवा और विंध्य के क्षेत्र के सड़क बिजली पानी का पैसा कमलनाथ ने छिंदवाड़ा ले जाने का जो पाप किया था उसमें किसी भी कांग्रेसियों ने कभी एक शब्द नहीं बोला बारिश में नगर निगम की स्थिति क्या रही और सत्ता में रहते कांग्रेस ने अपने वादों को कितना पूरा किया। जनता अब भाषणों से नहीं, धरातल पर दिखाई देने वाले काम से नेताओं का का मूल्यांकन करती है।

## पत्रकार स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा के लिए आवेदन 25 सितम्बर तक

**रीवा।** प्रदेश के पत्रकारों एवं फोटोग्राफर्स को स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। स्वास्थ्य बीमा अधिकतम चार लाख और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा अधिकतम 10 लाख रुपए का होगा। प्रदेश के 21 से 70 वर्ष की आयु के सभी पत्रकार इसके लिए पात्र होंगे। समूह बीमा योजना का लाभ अधिमान्य पत्रकारों तथा ऐसे गैर अधिमान्य पत्रकारों को दिया जाएगा जिन्हें संबंधित संस्थान द्वारा फार्म 16 एवं पीपीएफ कटौती स्लिप दी जाती है। मध्यप्रदेश के मूल निवासी एवं नई दिल्ली में कार्यरत पत्रकारों को भी इसकी पात्रता है। योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। बीमा के संबंध में जानकारी जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट एमइन्फो डॉट ओआरजी पर उपलब्ध है। बीमा योजना के तहत 65 वर्ष से अधिक आयु के पत्रकारों का पूरा प्रीमियम राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। गैर अधिमान्य पत्रकारों के लिए 50 प्रतिशत प्रीमियम पत्रकार द्वारा और 50 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इस श्रेणी में दैनिक समाचार पत्र के चार, साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक समाचार पत्र और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं जनसम्पर्क विभाग तथा डीएव्हीपी में पंजीकृत वेब मीडिया के दो-दो पत्रकार पात्र होंगे।

# टीईटी के विरोध में बजरंगबली के दरबार में लगाई शिक्षकों ने अर्जी

## चिरहुला, रामसागर और खेमसागर मंदिर में की पूजा



**रीवा।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन मध्यप्रदेश का विरोध जारी है। सरकार और न्यायालय से राहत नहीं मिलने के बाद शिक्षकों ने अब धार्मिक आस्था का सहारा लेते हुए रीवा के प्रमुख हनुमान मंदिरों में पहुंचकर अपनी मांगों के समाधान की प्रार्थना की। शिक्षक संघ के सदस्यों ने चिरहुलानाथ मंदिर, रामसागर मंदिर और खेमसागर मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान बजरंगबली के समक्ष अपनी अर्जी लगाई।शिक्षकों का कहना है कि वे 25 से 30 वर्षों तक शासन की सेवा कर चुके हैं। उनकी उम्र अब 54 से 56 वर्ष तक हो चुकी है। ऐसे में लंबे समय तक सेवा देने के बाद दोबारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए बाध्य किया जाना उनके साथ अन्याय है। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि उनका विरोध परीक्षा से नहीं, बल्कि पहले से कार्यरत शिक्षकों पर भूतलक्षी प्रभाव से टीईटी लागू किए जाने से है।शिक्षकों ने बताया कि 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए भी शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने की स्थिति बनी। इस निर्णय के खिलाफ शिक्षकों की ओर से पुनर्विचार याचिका दायर की गई थी। मध्यप्रदेश सरकार की ओर से भी पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई, लेकिन दोनों ही याचिकाएं खारिज हो गई।जिला अध्यक्ष शास्त्रीय शिक्षक चंद्रमोदय मिश्रा ने कहा कि जब न्यायालय और शासन स्तर पर उनकी मांग का समाधान नहीं हुआ तो शिक्षक अब दैवीय शक्ति की शरण में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि रीवा में चिरहुलानाथ को जिला न्यायालय, रामसागर भगवान को हाईकोर्ट और खेमसागर भगवान को सुप्रीम कोर्ट के प्रतीक के रूप में मानते हुए तीनों स्थानों पर अर्जी लगाई गई है। शिक्षकों ने भगवान से प्रार्थना की कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी का यह आदेश लागू न किया जाए और भूतलक्षी प्रभाव से लागू किए जा रहे प्रावधान पर रोक लगाई जाए।

## सार-समाचार

### बोड़ा में क्रिएटर मीटअप, 100 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हुए शामिल



**बोड़ा।** रविवार को अंधेरिया बाघ माता मंदिर परिसर में क्रिएटर मीटअप बोड़ा के तहत जिला स्तरीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अंधेरिया बाघ माता मंदिर में मां काली की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से आए सोशल मीडिया क्रिएटर्स का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सोशल मीडिया पर सक्रिय क्रिएटर्स को एक-दूसरे से परिचित कराना, आपसी सहयोग बढ़ाना और नए क्रिएटर्स को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम में राजगढ़ जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से 100 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हुए। इस अवसर पर थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राजपूत, भाजपा युवा नेता कपिल पाटीदार और शुभम शर्मा , रामकृष्ण पाटीदार, सचिन जोशी, उमा कमल नाथ, दीपक मालवीय, निखिल विश्वकर्मा, रोहित अहिरवार विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने सोशल मीडिया क्रिएटर्स का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी क्रिएटर्स ने नए क्रिएटर्स को वीडियो बनाने, बेहतर कंटेंट तैयार करने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग के संबंध में मार्गदर्शन दिया। फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण कंटेंट के माध्यम से कमाई के अवसरों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के संयोजक छगनलाल कालूराम की दुकान मां भगवती ज्वेलर्स बोड़ा के संचालक द्वारका प्रसाद उर्फ बंटी सोनी( पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बोड़ा) रहे। कार्यक्रम के समापन के बाद सभी क्रिएटर्स ने सहभोज किया। कार्यक्रम में पधारे सभी का आभार व्यक्त सचिन जोशी ने व्यक्त किया।

### गुढ़ में युवक पर प्राणघातक हमले का आरोप गंभीर हालत में रीवा रेफर

**रीवा।** गुढ़ नगर में शनिवार 12 सितंबर 2026 को दोपहर लगभग 3 बजे एक युवक पर कथित प्राणघातक हमले का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश सोनी उर्फ राजू ने आरोप लगाया है कि जब वह अपना बकाया पैसा मांगने के लिए कपूरचंद सोनी की दुकान पर पहुंचा, तभी वहां विवाद शुरू हो गया। राजू का आरोप है कि कपूरचंद सोनी के पुत्र दीपांशु सोनी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब भूतेश्वर सोनी मौके पर पहुंचे, तब विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान कपूरचंद सोनी भी वहां पहुंच गए और दोनों के साथ मारपीट की गई। घायल राजू सोनी ने बताया कि हमले के दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद वह और उसके परिजन किसी तरह अपनी जान बचाकर गुढ़ थाने पहुंचे, जहां शिकायत दर्ज कराई गई। पीड़ित के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। गंभीर चोटों के चलते उसे गुढ़ अस्पताल से जिला अस्पताल रीवा रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि उसके गले में पांच टांके लगे हैं तथा दाहिने पैर की दो हड्डियां टूट गई हैं। जिला अस्पताल में उपचार के बाद पैर में प्लास्टर चढ़ाया गया है।

# माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया जा रहा संदेश

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में संपूर्ण प्रदेश में माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गणेश उत्सव के माध्यम से जन-जन तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना और नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिलेवासियों से अपील की है कि गणेश उत्सव के दौरान अपने घरों में मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाकर स्थापित करें। उन्होंने कहा कि मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं तथा इनके विसर्जन से जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलती है। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि गणेश उत्सव को आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का पर्व भी बनाएं। परिवार के सदस्य मिलकर मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा तैयार करें और बच्चों को भी इस पहल से जोड़ें, ताकि उनमें प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो।माटी गणेश-सिद्ध गणेश÷ अभियान के माध्यम से जिले में पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा जनभागीदारी का संदेश दिया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने में सभी नागरिकों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वावधान में



माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया जा रहा संदेश

संपूर्ण प्रदेश में माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गणेश उत्सव के माध्यम से जन-जन तक पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना और नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के तहत कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिलेवासियों से अपील की है कि गणेश उत्सव के दौरान अपने घरों में मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाकर स्थापित करें। उन्होंने कहा कि मिट्टी से निर्मित प्रतिमाएं पर्यावरण के अनुकूल होती हैं तथा इनके विसर्जन से जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलती है। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि गणेश उत्सव को आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का पर्व भी बनाएं।

# सरकारी सड़क की खुदाई पर गंभीर सवाल– बिना एनओसी और क्षतिपूर्ति के सड़क काटे जाने का आरोप

## शासकीय संपत्ति को नुकसान पर एफआईआर और दोगुनी वसूली के प्रावधान के बावजूद कार्रवाई क्यों नहीं?

**रीवा।** अधिवक्ता बी के माला जिला एवं सत्र न्यायालय रीवा, जिला- रीवा, मध्यप्रदेश जारी विज्ञप्ति में कहा है कि शहर के पुराने नेशनल हाईवे नंबर-07 रतहरा से चोरहटा मार्ग पर सीवरेज परियोजना के नाम पर की गई सड़क खुदाई को लेकर लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली और शासकीय संपत्ति की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। उपलब्ध अभिलेखों एवं संबंधित विभागीय नियमों के अनुसार इस सड़क का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग , कार्यपालन यंत्री संभाग रीवा के अधीन कराया गया है। इसी शासकीय सड़क को सीवरेज नेटवर्क के कार्य के लिए मेसर्स सहज कंस्ट्रक्शन, बी-606/607, राजद बिजनेस हब, बाड़ा के पास गणेश मंदिर, नगीनावाड़ी, कतारगाम, सूरत 395004, गुजरात द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया है। शासन के स्पष्ट आदेश के बावजूद एनओसी और क्षतिपूर्ति राशि का सवाल- लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, भोपाल के आदेश क्रमांक 157/2712/19/2025/यो/भोपाल, दिनांक 16 जनवरी 2025 के तहत शासकीय सड़क पर रोड कटिंग से पूर्व संबंधित विभाग से औपचारिक अनापत्ति प्रमाणपत्र प्राप्त करना तथा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि जमा करना आवश्यक है। ऐसे में मूल प्रश्न यह है कि क्या मेसर्स सहज कंस्ट्रक्शन ने पुराना नेशनल हाईवे नंबर-07 रतहरा से चोरहटा



मार्ग की खुदाई से पूर्व लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन यंत्री संभाग रीवा से विधिवत एनओसी प्राप्त किया था? क्या शासन द्वारा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि पूर्व में जमा कराई गई थी? यदि एनओसी और क्षतिपूर्ति राशि के बिना सड़क काटी गई, तो फिर संबंधित विभाग ने शासकीय सड़क की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप क्यों नहीं किया? सीबीयूडी पोर्टल की अनिवार्य प्रक्रिया भी जांच के दायरे में- सड़क एवं भूमिगत अधोसंरचना कार्यों में राष्ट्रीय सीबीयूडी पोर्टल की प्रक्रिया का पालन भी महत्वपूर्ण है। कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संबंधित कार्यस्थल की स्थिति के फोटो अपलोड करने, कार्य की सूचना देने तथा आवश्यक अनुमति/समन्वय सुनिश्चित करने की प्रक्रिया का पालन किया जाना अपेक्षित है। इसलिए यह भी जांच का विषय होना चाहिए कि कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सीबीयूडी पोर्टल पर संबंधित कार्य की सूचना दी गई या नहीं? कार्यस्थल के अनिवार्य पूर्व-कार्य फोटो अपलोड किए गए या नहीं? संबंधित विभाग को विधिवत सूचित किया गया या नहीं? सड़क की वास्तविक स्थिति, रोड कटिंग की लंबाई-चौड़ाई और खुदाई का स्थान अभिलेख में दर्ज किया गया या नहीं? कार्य के बाद सड़क की बहाली के लिए निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन किया गया या नहीं? नियमों में कार्रवाई का प्रावधान, फिर जवाबदेही किसकी? यदि किसी कार्य एजेंसी द्वारा संबंधित विभाग से आवश्यक हृष्ट प्राप्त किए बिना तथा निर्धारित क्षतिपूर्ति राशि जमा किए बिना शासकीय सड़क की खुदाई की जाती है और उससे शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचती है, तो उपलब्ध विभागीय प्रावधानों के अनुसार संबंधित एजेंसी के विरुद्ध स्नढ्ढक्रदर्ज कराने तथा क्षतिपूर्ति राशि की निर्धारित दोगुनी राशि की वसूली जैसी कार्रवाई का प्रावधान है।

ऐसी स्थिति में सवाल केवल सड़क काटे जाने का नहीं है, बल्कि उससे बड़ा सवाल शासकीय संपत्ति की निगरानी और उसकी रक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही का है। यदि नियमों के उल्लंघन की जानकारी विभागीय अधिकारियों को थी, तो समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गई?

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का एक माह का विशेष अभियान

# विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएगा सेवा संकल्प अभियान : सांसद

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में एक माह का 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के साथ विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में शहडोल जिले में भी बूथ स्तर तक व्यापक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने रविवार को शहडोल स्थित 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित कर अभियान की जानकारी दी। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीधी लोकसभा सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य किया है। आगामी 7 अक्टूबर 2026 को उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा एक माह तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।





उन्होंने कहा कि भाजपा प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' मनाती है, लेकिन इस वर्ष 25 वर्षों की सेवा यात्रा पूर्ण होने के कारण यह अवसर विशेष है। इसी को देखते हुए इस बार सेवा एवं जनभागीदारी का दायरा बढ़ाते हुए एक माह का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। सांसद डॉ. मिश्रा ने कहा कि किसी सरकार का पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होना भी उपलब्धि माना जाता है, लेकिन भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का विश्वास और आशीर्वाद प्राप्त कर सेवा करना असाधारण उपलब्धि है। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है।

सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उनके अनुसार 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने तथा 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराने जैसे कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। कोरोना महामारी के दौरान 200 करोड़ से अधिक निःशुल्क कोविड टीके लगाए गए। ये आंकड़े केवल योजनाओं की जानकारी नहीं हैं, बल्कि आम नागरिकों के जीवन में आए बदलाव को दर्शाते हैं।

**जिले के प्रत्येक बूथ पर 17 सितंबर को जलेगा 'आशीर्वाद का दीपक':** सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर युवा मोर्चा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी दिन शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दीपक' कार्यक्रम होगा।

## संपादकीय

# वैश्विक शांति व समृद्धि का आधार बनेगा ब्रिक्स सम्मेलन

देश की राजधानी दिल्ली में 12 एवं 13 सितंबर को संपन्न ब्रिक्स देशों का सम्मेलन महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। यह भारत देश के लिये ऐतिहासिक उपलब्धि भी है। जिसमें एक मंच पर एकत्रित हुए विश्व के विविध देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने वैश्विक प्रतिबद्धताओं, सरोकारों, मूल्यों, आपसी समन्वय, सहयोग, वैश्विक शांति एवं समृद्धि के लिये संकल्प व्यक्त किया। भारत ने चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता की है और उसकी अध्यक्षता का मूल मंत्र बिल्डिंग फॉर रेसिलिन्स, इन्नोवेशन, कोआपरेशन एंड सस्टेंएबिलिटी तथा ह्यूमनिटी फर्स्ट है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ब्रिक्स अब केवल ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का पुराना समूह नहीं रह गया है। मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया के पूर्ण सदस्य बनने के बाद यह 11 सदस्यीय समूह बन चुका है। ब्रिक्स देशों में दुनिया की करीब आधी आबादी रहती है और क्रय-शक्ति समानता के आधार पर वैश्विक जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत के आसपास है। यही वजह है कि नई दिल्ली में होने वाला सम्मेलन पश्चिमी देशों सहित पूरे विश्व की निगाहों के केंद्र में है। भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स का एजेंडा केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं रखा गया है। व्यापार, निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल तकनीक एमएसएमई स्टार्टअप, वैश्विक मूल्य- श्रृंखलाओं, पर्यावरण आपदा-रोधी क्षमता और भुगतान प्रणालियों जैसे व्यावहारिक मुद्दों पर पूरे वर्ष बैठकें हुई हैं। इसी तरह गुरुग्राम में ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में ऊर्जा सुरक्षा और स्मार्ट ग्रिड तथा ऊर्जा भंडारण के लिए ब्रिक्स डिजिटल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की सटीकता से शुरुआत हुई। इसी व्यापक आर्थिक रणनीति के बीचक्रिटिकल मिनरल्स भारत की अध्यक्षता का सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक पहलू बनकर उभर रहे हैं। लिथियम, निकेल कोबाल्ट ग्रेफाइट, कॉपर, रेयर अर्थ एलिमेंट्स और प्लेटिनम ग्रुप की धातुएं आज केवल खनिज नहीं रह गई हैं, ये इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी, सेमीकंडक्टर, सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, रक्षा प्रणालियों एयरोस्पेस, दूरसंचार और आधुनिक डिजिटल अर्थव्यवस्था की बुनियादी ताकत बन चुकी हैं। इसलिए जिस देश या समूह के पास इन खनिजों के भंडार, खनन, प्रोसेसिंग और तकनीक पर नियंत्रण होगा, उसके पास भविष्य की औद्योगिक शक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। इस बार का यह ब्रिक्स सम्मेलन वैश्विक उत्थान एवं कल्याण तथा मानवीय मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन का आधार बनेगा, यह उम्मीद की जा रही है।

# राजनीति में 'शुचिता' और 'शिष्टाचार' की है आवश्यकता

**डॉ. अनूप मिश्रा**

राजनीतिक बहसों में मतभेद और तीखे हमले भारतीय लोकतंत्र का हिस्सा रहे हैं, लेकिन जब विरोध का माध्यम व्यक्तिगत आक्षेप और किसी की गरिमा व धार्मिक आस्था को आहत करने वाले फर्जी आधुनिक साधनों तक पहुंच जाए, तो यह गंभीर चिंता का विषय बन जाता है। सोमवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से निर्मित एक वीडियो प्रस्तुत करने का मामला इसी विषय को रेखांकित करता है। डीपफेक और एआई की मदद से किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति अथवा किसी धार्मिक पीठ के प्रमुख का विकृत रूप पेश करना केवल एक राजनीतिक विरोधी पर प्रहार भर नहीं है, बल्कि यह सार्वजनिक जीवन में शुचिता, सामान्य शिष्टाचार और नैतिक सीमाओं के पतन को भी दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक चुने हुए जन-प्रतिनिधि और संवैधानिक प्रमुख होने के साथ-साथ लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र 'गोरक्षपीठ' के पीठाधीश्वर भी हैं। भारत की संत परंपरा और श्रद्धालुओं के मन में इस पीठ का विशेष और पूजनीय स्थान है। राजनीतिक विरोध की अपनी सीमाएं होती हैं। नीतियों, कानून-व्यवस्था, विकास और भ्रष्टाचार पर सवाल पूछना विपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार है। किंतु, एआई तकनीक के ज़रिए किसी पीठाधीश्वर के चरित्र और आस्था से जुड़ी झूठी तस्वीरें गढ़ना सार्वजनिक विमर्श के गिरते स्तर का, पतन का प्रतीक है। सपा कार्यालय में घटित इस घृणित कार्य का सबसे विरोधाभासी पहलू यह है कि इसमें ऐसे व्यक्ति पर कीचड़ उछालने का प्रयास किया गया, जिसका व्यक्तिगत व सार्वजनिक जीवन एक खुली किताब की तरह और निष्कलंक रहा है। आप उनसे धार्मिक या राजनीतिक मतभेद रख सकते हैं। लेकिन वह चाहें गोरक्षपीठाधीश्वर की भूमिका में सामने आएं अथवा सूबे के मुख्यमंत्री के रूप में, आप योगी आदित्यनाथ पर कदाचार या विलासी जीवन जीने का आरोप नहीं लगा सकते। वह एक कॉरपोरेट सीईओ की कार्यशैली में पूरी कुशलता से प्रदेश का संचालन करते हैं, लेकिन उनकी जीवन शैली एक संत या संन्यासी जैसी ही रहती है। राम मंदिर का प्रबंधन पूरी तरह स्वतंत्र ट्रस्ट के अधीन है, लेकिन ट्रस्ट का अनुरोध पत्र मिलते ही उन्होंने चढ़ावा प्रकरण पर एसआईटी का गठन कर आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। इसके बावजूद अगर कोई योगी आदित्यनाथ को इस प्रकरण से जोड़ने का भोंडा प्रयास करता दिखाई दे तो इसे चुनावी लाभ के लिए पतन की पराकाष्ठा ही कहा जा सकता है। यहां यह उल्लेख करना भी आवश्यक हो जाता है कि गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में गुरु गोरखनाथ धाम का संपूर्ण नियंत्रण योगी आदित्यनाथ के पास है।

पीठ को नाथ संप्रदाय के देश-दुनिया में बसे अनुयायियों व अन्य भक्तों से नियमित चढ़ावा प्राप्त होता होगा। साधारण गेरुआ वस्त्र पहनने, साधारण भोजन करने और साधारण बिस्तर पर सोने वाले योगी आदित्यनाथ आखिर क्या करते हैं इस धनराशि का? सपा प्रमुख ने इस बारे में एक क्षण भी सोचा होता तो वह ऐसा आरोप लगाने से पहले सौ बार सोचते। उन्हें मालूम होना चाहिए कि गुरु गोरखनाथ धाम प्रतिदिन हजारों लोगों का पेट भरने के अलावा विगत कई वर्षों से अनेक चैरिटेबल स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालय, चिकित्सालयों का संचालन और समाज के वंचित तबकों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहा है। अनगिनत लोगों की रोजी-रोटी गुरु गोरखनाथ मंदिर से जुड़ी है। योगी आदित्यनाथ के साथ आपकी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता हो सकती है, लेकिन उनकी जीवन-शैली व ईमानदारी पर सवाल उठाना मानसिक दिवालिएपन के सिवा कुछ नहीं कहा जा सकता। योगी आदित्यनाथ जनहित से जुड़े मुद्दों पर कभी समझौता करते नहीं दिखाई देते, चाहें भले ही उन्हें इसकी कोई कीमत चुकानी पड़े। बाजार का नियम कहता है कि उत्पाद बनाने वाला उसे बेचने के लिए कोई कसर न छोड़े। लेकिन, जिस मुख्यमंत्री के राज्य में देश के 55 फीसदी मोबाइल फोन का निर्माण हो रहा हो, वह अपने तमाम संवादों में बच्चों, विद्यार्थियों, युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों से स्मार्टफोन से दूरी बनाने की अपील करता है। वह राजस्व की चिंता किए बगैर अपनी सभाओं में युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराता है। वह लिकर व ड्रग माफिया की कमर तोड़ता है। ऐसे योगी को व्यसन के साथ जोड़कर दिखाना साबित करता है कि लगातार दो हार के बाद अखिलेश यादव राजनीतिक लड़ाई लड़ने की इच्छाशक्ति खो बैठे हैं। अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जो किया वह एक थका हुआ, हारा हुआ, कमजोर व्यक्ति ही कर सकता था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का मुख्य उद्देश्य समाज को सशक्त बनाना, शासन-प्रशासन में पारदर्शिता लाना और दैनिक जीवन को सुगम बनाना है। लेकिन जब राजनीतिक दल इस तकनीक का उपयोग अपने विरोधियों का चरित्र-हनन करने या भ्रामक नैरेटिव बनाने के लिए करने लगते हैं, तो यह सीधे तौर पर समाज के लिए, लोकतंत्र के लिए खतरा बन जाता है। यह घटना दर्शाती है कि आने वाले समय में चुनावी स्पर्धा और राजनीतिक जंग में डीपफेक तथा फेक मीडिया का दुरुपयोग किस कदर बढ़ सकता है।

# करोड़ों भरोसेः जीवन के साथ भी, जीवन के बाद भी

## नजरिया

**हममें से बहुत से लोगों की स्मृतियों में एलआईसी किसी कार्यालय से पहले घर की एक पुरानी फाइल में मिलता है। वह फाइल, जिसे पिता बहुत संभालकर रखते थे। जिसमें बच्चों के प्रमाण-पत्रों, जमीन के कागजों और घर की दूसरी जरूरी चीजों के बीच एलआईसी की एक पॉलिसी भी रखी होती थी। बचपन में हमें नहीं मालूम था कि उस कागज का अर्थ क्या है। बाद में समझ आया कि उस कागज में पिता ने रुपये नहीं रखे थे, हमारे भविष्य की चिंता रखी थी। शायद इसीलिए एलआईसी की कहानी केवल एक बीमा कंपनी की कहानी नहीं है। यह उन करोड़ों माता-पिताओं की कहानी है, जिन्होंने अपनी आज की छोटी-छोटी जरूरतों में कटौती करके अपने बच्चों का कल सुरक्षित किया।**

**प्रणय विक्रम सिंह**




किसी ने बेटी की पढ़ाई के लिए पॉलिसी ली। किसी ने उसके विवाह के लिए। किसी ने बुढ़ापे की चिंता में। और किसी ने यह सोचकर कि मैं रहूं या न रहूं, मेरे बच्चों के सपने नहीं रुकने चाहिए। यहीं से एलआईसी के तीन अक्षर एक संस्था से आगे बढ़कर विश्वास का दूसरा नाम बन गए। वस्तुतः यह भाव भारत के लिए नया नहीं है। यह उस भारतीय जीवन-दृष्टि का सहज विस्तार है, जिसमें मनुष्य केवल अपने वर्तमान के लिए नहीं जीता, बल्कि परिवार, पीढ़ियों और भविष्य के प्रति अपने दायित्व को भी जीवन का धर्म मानता है। हमारे यहां 'मैं' से पहले 'हम' की चिंता रही है। पिता अपने श्रम में संतान का भविष्य जोड़ता है, मां अपनी बचत में पूरे परिवार की सुरक्षा और एक पीढ़ी अपने पुरुषार्थ में अगली पीढ़ी की समृद्धि का संकल्प संजोती है। 1 सितंबर 1956 को 5 करोड़ की प्रारंभिक पूंजी से भारतीय जीवन बीमा निगम की यात्रा शुरू हुई थी। आज सात दशक बाद एलआईसी लगभग 57 लाख करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियों का प्रबंधन करने वाली विराट वित्तीय संस्था है। लेकिन क्या यही उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। एलआईसी की सबसे बड़ी उपलब्धि किसी बैलेंस शीट में नहीं लिखी जा सकती। उसकी सबसे बड़ी पूंजी करोड़ों भारतीय परिवारों की वह निश्चिंत नींद है, जिसके पीछे यह भरोसा रहा कि कठिन समय आया तो कोई हमारे अपनों के साथ खड़ा होगा। इसीलिए 'जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी' केवल एक पंक्ति नहीं रही। यह भारतीय परिवार के मन में किया गया एक वादा बन गई। 'जिंदगी के साथ' उसके सपनों की चिंता। और 'जिंदगी के बाद' उसके अपनों की चिंता। इससे बड़ा भरोसा भला कोई संस्था क्या अर्जित कर सकती है? संयोग नहीं है कि एलआईसी का ध्येय-वाक्य 'योगक्षेमं वहाम्यहम्' भी भारतीय मनीषा के एक शाश्वत सूत्र से आता है। श्रीमद्भगवद्गीता का यह सूत्र हमारी सनातन चेतना में योग और क्षेम अर्थात प्राप्ति और उसकी रक्षा के गहरे भाव को अभिव्यक्त करता है। एलआईसी ने इसी 'योगक्षेम' को आधुनिक भारत में आर्थिक सुरक्षा की भाषा दी। आज के पुरुषार्थ को कल की निश्चिंतता से जोड़ा। एक ओर 'योगक्षेमं वहाम्यहम' का सनातन आश्वासन और दूसरी ओर 'जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी' का आधुनिक विश्वास दोनों के केंद्र में चिंता अपने से अधिक अपनों की है। सत्तर वर्षों में देश बदला है। वह एलआईसी भी बदली है, जिसका अभिकर्ता कभी साइकिल पर गांव-गांव पहुंचता था। हाथ में डायरी होती थी, बैग में फॉर्म होते थे और मन में अपने पॉलिसी धारकों के परिवारों की पूरी कहानी। आज वही एलआईसी डिजिटल युग में मोबाइल स्क्रीन तक पहुंच चुकी है।

माध्यम बदले हैं, लेकिन मूल मंत्र 'सेवा, सुरक्षा और संबल' नहीं बदला। 1956 में विश्वास का जो पौधा लगाया गया था, वह आज विशाल वटवृक्ष है। उसकी जड़ों में जनविश्वास है, तने में तपस्या है, शाखाओं में सेवा है और उसकी छांव में करोड़ों परिवारों के भविष्य की आश्वस्ति है। इस वटवृक्ष को विशाल बनाने में एलआईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान है, लेकिन विशेष रूप से उन लाखों अभिकर्ताओं का भी, जिन्होंने बीमा को कागज से निकालकर घर-घर का विश्वास बनाया। कभी गर्मी में, कभी बारिश में, कभी गांव की पगडंडियों पर, कभी शहर की गलियों में। वे केवल पॉलिसी बेचने नहीं गए। वे किसी पिता को भविष्य की चिंता समझाने गए, किसी मां को सुरक्षा का भरोसा देने गए और किसी परिवार के आने वाले कल से अपना रिश्ता जोड़ने गए। इसी परिश्रम ने एलआईसी को संस्था से संस्कार बनाया है। लेकिन इस यात्रा का एक राष्ट्रीय पक्ष भी है। बीमा से सुरक्षित होता प्रत्येक परिवार अंततः राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा को ही मजबूत करता है। परिवार की बचत जब संगठित आर्थिक शक्ति बनती है, तो वह देश के दीर्घकालीन विकास में भी सहभागी होती है। यह बचत से सुरक्षा, सुरक्षा से स्वावलंबन और स्वावलंबन से राष्ट्र-सामर्थ्य की यात्रा है क्योंकि भारत की शक्ति केवल उसके बाजार के आकार में नहीं, उसके परिवारों की मजबूती में भी निहित है। सुरक्षित परिवार, समर्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के बीच एक अदृश्य किंतु अटूट संबंध है। आज 70वें स्थापना दिवस पर हमें केवल पीछे मुड़कर उपलब्धियों को नहीं देखना है। आगे भी देखना है। भारत बदल रहा है। भारत की आकांक्षाएं बढ़ रही हैं। नया भारत डिजिटल है, युवा है और अपने भविष्य को लेकर पहले से अधिक सजग है। इसलिए अब हमारी जिम्मेदारी है कि बीमा केवल शहरों तक नहीं, अंतिम गांव तक पहुंचे, केवल समर्थ परिवार तक नहीं, सामान्य श्रमिक और किसान तक पहुंचे, माताओं-बहनों, युवाओं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। क्योंकि आर्थिक संकट जब दरवाजा खटखटाता है, तब वह अमीर-गरीब पूछकर नहीं आता। लेकिन उस संकट के सामने सुरक्षा का एक छोटा-सा कवच किसी परिवार को बिखरने से बचा सकता है। सत्तर वर्ष बहुत लंबा समय होता है। इस दौरान कितनी पीढ़ियां बदल गईं। कितने बच्चे पिता बने, कितने पिता दादा बन गए। कितने पुराने पॉलिसी दस्तावेज पीले पड़ गए। लेकिन एक चीज नहीं बदली-भरोसा।

वही भरोसा, जिसके साथ किसी पिता ने वर्षों पहले पॉलिसी के कागज पर हस्ताक्षर किए होंगे। वही भरोसा, जिसके साथ आज उसका बेटा अपने बच्चे के भविष्य की योजना बनाता है। यही एलआईसी की सबसे बड़ी विरासत है। और आज जब हम सात दशकों की इस यात्रा का उत्सव मना रहे हैं, तो मन में एक ही भाव आता है कि 1956 में ?5 करोड़ से एक निगम बना था, लेकिन उसे 'एलआईसी' करोड़ों भारतीयों के विश्वास ने बनाया। धन कमाया जा सकता है। परिसंपत्तियां बनाई जा सकती हैं। व्यवसाय बढ़ाया जा सकता है। लेकिन विश्वास कमाना पड़ता हैज् एक दिन में नहीं, एक वर्ष में नहीं, पीढ़ियों तक सेवा करके। एलआईसी ने यही विश्वास कमाया है। तभी आज भी जब कोई पिता अपने बच्चे के भविष्य के लिए निश्चिंत होकर हस्ताक्षर करता है तो उसके मन में वही पुराना विश्वास होता है कि मैं हर समय उसके साथ रह पाऊं या नहींज्मेरी चिंता, मेरा प्रेम और मेरी जिम्मेदारी उसके साथ रहेगी। शायद बीमा का सबसे मानवीय अर्थ भी यही है और एलआईसी की सात दशक लंबी यात्रा का भी। यही भारतीयता है। अपने हिस्से के सुख में अगली पीढ़ी की चिंता रखना। अपने पुरुषार्थ में परिवार का भविष्य जोड़ना और अपने आज में आने वाले कल की सुरक्षा का प्रबंध करना। यही हमारी सनातन संस्कृति का वह शाश्वत संस्कार भी है, जो मनुष्य को केवल अपने लिए नहीं, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए जीना सिखाता है। मनुष्य चला जाता है, लेकिन अपनों के लिए उसकी चिंता नहीं जाती। पीढ़ियां बदल जाती हैं, लेकिन प्रेम की जिम्मेदारी नहीं बदलती। 'योगक्षेमं वहाम्यहम' के सनातन भाव से 'जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी' के आधुनिक विश्वास तक एलआईसी की सात दशक लंबी यात्रा भारतीय परिवार की चिंता को संबल, उसके भविष्य को सुरक्षा और उसके विश्वास को राष्ट्र की आर्थिक शक्ति से जोड़ने की यात्रा है।

# आपदाओं से निपटने बहुआयामी रणनीति की है जरूरत

**दिनेश शर्मा**



क्षेत्रीय स्तर पर, हिमालयी क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग लगभग न के बराबर है। जबकि इन देशों को साथ मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि जलवायु और पर्यावरण से जुड़ी आपदाएं राजनीतिक सीमाओं को नहीं मानतीं, जैसा कि नेपाल की त्रासदी से पता चला है। सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेकांग जैसी बड़ी नदियां हिमालय से निकलती हैं और कई देशों से होकर गुजरती हैं। हिमालय लगातार खतरनाक आपदाओं के रूप में एक के बाद एक चेतावनियां दे रहा है–जैसे अचानक बाढ़, हिमस्खलन, ग्लेशियल झील के फटने से आई बाढ़, बादल फटना, भूस्खलन और ज़मीन का बुरी तरह धंसना। हमने केदारनाथ, धौलीगंगा, जोशीमठ, सिक्किम और अब नेपाल में इन्हें होते देखा है, अपने पीछे भारी तबाही छोड़ते हुए। हर आपदा के बाद, ग्लेशियरों की निगरानी, आरंभिक चेतावनी प्रणालियां विकसित करने, खतरे और जोखिमों की मैपिंग करने और बचाव संबंधी एवं नुकसान कम से कम रखने के उपाय करने की बातें होती हैं। कुछ हफ्तों या महीनों के बाद, शोर-शराबा थम जाता है और सब कुछ पहले की भांति हो जाता है।

हिमालयी क्षेत्र में आपदाओं से निपटने के लिए एक बहुआयामी रणनीति की ज़रूरत है, जिसमें वैज्ञानिक शोध, नीति-निर्माण, क्रियान्वयन तंत्र, जन-जागरूकता और समुदाय की भागीदारी शामिल हो। विज्ञान ने हिमालय के पर्यावरण, खासकर ग्लेशियरों और जल प्रणालियों से जुड़ी स्थिति के खतरों के बारे में स्पष्ट राय दी है–कि क्या करने की ज़रूरत है और समझने में क्या कमियां हैं। वैश्विक स्तर पर, इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने कई रिपोर्टें प्रकाशित की हैं, जिनमें विभिन्न देशों से ग्लेशियरों और पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र पर शोध के नतीजों को एक साथ लाया गया है। भारत में, नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर ने रिमोट सेंसिंग तस्वीरों का इस्तेमाल करके भारतीय हिमालयी क्षेत्र में कुल मिलाकर लगभग 28,000 ग्लेशियल झीलों में से ज़्यादा जोखिम वाली 7,500 ग्लेशियल झीलों की मैपिंग की है। साथ ही, खतरनाक हो सकने वाली ग्लेशियल झीलों से बनने वाली बाढ़ की संभावना भी तैयार की है। इसमें बाढ़ का खतरा और अगर ये झीलें कभी टूटती हैं, तो नीचे बसे इलाकों तक बाढ़ की लहरें पहुंचने में लगने वाले संभावित समय का ब्योरा भी दिया गया है। इस साल मार्च में, काठमांडू स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने दो अहम रिपोर्टें प्रकाशित कीं– 1990 से 2020 तक हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में ग्लेशियरों की बदलती गतिशीलता% और एचकेएच ग्लेशियर आउटलुक हिमालयी ग्लेशियरों की 50 साल की निगरानी से मिली जानकारी। इन रिपोर्टों के नतीजे चिंताजनक हैं। पहली रिपोर्ट हिंदू कुश क्षेत्र के 63,761 ग्लेशियरों के डेटा पर आधारित थी, जो 55,000 वर्ग किलोमीटर से ज़्यादा इलाके में फैले हैं और जिनमें अनुमानित 5,700 क्यूबिक किलोमीटर बर्फ का भंडार है। विश्लेषण से पता चला है कि इस इलाके में ग्लेशियर 1990 से लगातार सिकुड़ रहे हैं, जिससे कुल ग्लेशियर क्षेत्र में 12 प्रतिशत की कमी आई है और बर्फ के अनुमानित भंडार में 9 फीसदी की गिरावट हुई है। ग्लेशियर सिकुड़ने की रफ़्तार सबसे ज़्यादा 2010 और 2020 के बीच बढ़ी, खासकर पूर्वी और मध्य हिस्सों में। सिंधु नदी बेसिन के ग्लेशियर क्षेत्र में 6 फीसदी की कमी आई, जबकि गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन में क्रमशः 21 और 16 प्रतिशत की कमी देखी गई। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि ग्लेशियर के इस तरह सिकुड़ते जाने का सीधा नतीजा सूखे के मौसम में पानी की कमी और ग्लेशियल झील के टूटने से बनी बाढ़, हिमस्खलन, भूस्खलन और मलबे के बहाव जैसे जोखिम होंगे।

निगरानी किए गए 38 ग्लेशियरों पर आधारित दूसरी रिपोर्ट संकेत देती है कि 'हिमालय के क्रायोस्फीयर (बर्फ वाले हिस्से) के कुछ हिस्से ऐसे नाजुक मोड़ के करीब हैं, जिसके बाद उनकी सिकुड़न को रोकना संभव नहीं होगा।' आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा ग्यामत्शो का नीति निर्माताओं के लिए सीधा संदेश था–'यह कोई दूर की समस्या नहीं है, बल्कि एक ऐसा संकट है जो वर्तमान में मुंह बाए खड़ा है, और हर गर्मी और मॉनसून में नई आपदाएं आ रही हैं। इस सदी में बर्फ घटने की दर दोगुनी हो गई है।' नेपाल में बनी नवीनतम आपदा के बाद ये शब्द लगभग भविष्यवाणी जैसे लगते हैं। ग्यामत्शो के अनुसार, 'यह अब अनदेखी की जा सकने वाली वह स्थिति नहीं रही कि अचानक से सामना हो; ये हमारा नया यथार्थ हैं।' ग्लेशियर गतिशीलता विज्ञान और 1974 से इकट्ठा किए गए सैटेलाइट एवं ज़मीनी डेटा के विश्लेषण पर आधारित यह शायद सबसे स्पष्ट चेतावनी थी। वैज्ञानिक डेटा विश्लेषण से और कार्रवाई न करने के गंभीर नतीजों के बारे में चेतावनी देकर अपना काम कर रहे हैं, लेकिन नीति निर्माता, राजनेता और प्रशासन की प्रतिक्रिया धीमी, बिखरी हुई या उदासीन भी रही है। दुनिया भर में, आईपीसीसी की रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया सुस्त रही है, खासकर जब मुख्य मुद्दे को हल करने की बात आए–यानी ग्लोबल वार्मिंग के असर को कम करने के लिए उत्सर्जन में कटौती करना, जो सीधे तौर पर हिमालय को प्रभावित कर रहा है।

क्षेत्रीय स्तर पर, हिमालयी क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग लगभग न के बराबर है। जबकि इन देशों को साथ मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि जलवायु और पर्यावरण से जुड़ी आपदाएं राजनीतिक सीमाओं को नहीं मानतीं, जैसा कि नेपाल की त्रासदी से पता चला है। सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेकांग जैसी बड़ी नदियां हिमालय से निकलती हैं और कई देशों से होकर गुजरती हैं। उदाहरणार्थ, एक देश में भूस्खलन से दूसरे देश में प्रलयंकारी बाढ़ आ सकती है। कम से कम और कुछ नहीं तो डेटा और जानकारी साझा की जानी चाहिए, तत्पश्चात संयुक्त निगरानी और वैज्ञानिक सहयोग किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर भी, नीति-निर्माताओं ने लगातार विज्ञान पर आधारित चेतावनियों को नज़रअंदाज़ किया है। कई आपदाओं के बावजूद, आपदा के जोखिम को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, और जलविद्युत परियोजनाओं और बड़े बुनियादी ढांचे का निर्माण जारी है। पिछले साल जुलाई में ग्लेशियर झील के फटने से ल्हेन्दे खोला नदी में आई बाढ़ ने नेपाल के रसुवा-नुवाकोट क्षेत्र में कम से कम एक दर्जन जलविद्युत परियोजनाओं को नुकसान पहुंचाया था, जो इस बार और बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। त्रिशूली बेसिन में कम से कम 36 जलविद्युत परियोजनाओं पर काम चल रहा है या पूरा होने के अलग-अलग चरणों में हैं। बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों ने इन परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभावों को व्यवस्थित रूप से नज़रअंदाज़ करके या कम आंककर अपना योगदान दिया है। भारत में भी उन घाटियों और बेसिन में जलविद्युत परियोजनाओं पर काम जारी है, जहां ग्लेशियल झील फटने से बनने वाली बाढ़, हिमस्खलन और मलबे के बहाव की आशंका पूरी-पूरी है। पर्यावरण की दृष्टि से हिमालय के संवेदनशील क्षेत्र भू-राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील हैं, जिनमें भारत, चीन और नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र शामिल हैं।

# राजस्थान निकाय चुनाव में किलाबंदी

**विजय चौधरी**

राजस्थान में निकाय चुनावों के दौरान राजनीतिक दल अपने पार्षदों और प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी में जुटे हैं। होटलों और रिसॉर्ट्स में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। यह कदम विरोधियों से ज्यादा अपनों पर अविश्वास को दर्शाता है, जिससे लोकतंत्र का मजाक बन रहा है। किले किसी जमाने में राज पाट, प्रजा और खजाने की हिफाजत के लिए बनाए जाते थे। राजस्थान तो किलों और रियासतों की धरती रहा है। कहीं किले के भीतर राजमहल सुरक्षित था, कहीं पूरा शहर ही चारदीवारी में बसा था। बाहर से आने वाले खतरे को रोकना ही उनकी सबसे बड़ी जरूरत थी। समय बदला, राजशाही गई, लोकतंत्र आया। लेकिन किले का विचार अभी बाकी है। फर्क इतना है कि अब खतरा बाहर से नहीं, सत्ता के भीतर के गणित से दिखाई देने लगा है। नगरीय निकाय चुनाव में पार्षद प्रत्याशियों की जिस तरह किलाबंदी हो रही है, वह लोकतंत्र की एक ऐसी तस्वीर सामने रखती है, जिस पर हंसा भी जा सकता है और गंभीरता से सोचा भी जा सकता है। कभी राजा अपने किले में सुरक्षित रहता था, अब राजनीतिक दल अपने संभावित प्रतिनिधियों को किले में सुरक्षित रख रहे हैं। होटल, रिसॉर्ट, बसें और निगरानीज्चुनाव का यह नया किलाबंदी तंत्र खुलेआम सक्रिय है। अभी नतीजे आए नहीं हैं, लेकिन राजनीतिक दलों ने उससे पहले ही अपने संभावित प्रतिनिधियों की आवाजाही शुरू कर दी है। पार्षद प्रत्याशी ही नहीं, कई जगह उनके परिवार भी बसों में बैठाकर सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाए जा रहे हैं। न कोई छिपाव, न कोई संकोच। जैसे यह भी चुनावी प्रक्रिया का स्वाभाविक हिस्सा हो और इस पूरी कवायद में प्रदेश के बड़े राजनीतिक चेहरे भी जुटे हुए हैं, जिन नेताओं से प्रदेश के बड़े सवालों पर नेतृत्व की उम्मीद होती है, वे फिलहाल पार्षदों की संख्या संभालने, अपने खेमे को सुरक्षित रखने और चुनाव बाद के गणित को साधने में व्यस्त हैं। यहीं से लोकतंत्र का मखौल शुरू होता है। सवाल सीधा है, आखिर किलेबंदी की जरूरत क्यों पड़ रही है? क्योंकि जनता पार्षद चुनती है, लेकिन मेयर या बोर्ड अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता नहीं करती। नतीजे आने के बाद पार्षदों की संख्या सत्ता का गणित तय करती है। एक एक वोट की कीमत बढ़ती है। बहुमत का हिसाब लगता है। निर्दलीय अचानक निर्णायक हो जाते हैं और फिर शुरू होती है अपने ही पार्षदों को संभालकर रखने की कवायद। सीधे चुनाव हों तो काहे की किलेबंदी? जिसे जनता मेयर बनाना चाहती है, उसे सीधे चुनने का अधिकार जनता को दे दीजिए। फिर न रिसॉर्ट की जरूरत होगी, न बसों की कतार की, न यह हिसाब रखने की कि कौन किसके संपर्क में है और कौन किस खेमे में जा सकता है।

इस पूरे खेल में निर्दलीय सबसे दिलचस्प किरदार हैं। चुनाव से पहले जिनकी राजनीतिक हैसियत सीमित दिखाई देती है, नतीजे के बाद वही सत्ता की चाबी बन जाते हैं। एक-एक निर्दलीय के लिए खेमेबंदी होने लगती है। तो फिर एक प्रयोग क्यों न कर लिया जाए? निर्दलीय इतने ही निर्णायक हैं तो सत्ता उन्हीं के पास रहने दीजिए। भाजपा और कांग्रेस दोनों विपक्ष में में बैठकर लोकतंत्र की रखवाली करें! व्यंग्य अपनी जगह, लेकिन किलाबंदी का असली अर्थ कहीं ज्यादा गंभीर है। यह विरोधी से ज्यादा अपने ही चुने हुए प्रतिनिधि पर अविश्वास की कहानी है। पार्टी ने टिकट दिया, चुनाव चिह्न दिया, अपना उम्मीदवार बताया और जनता के सामने उतारा। चुनाव होते ही उसी प्रतिनिधि को अपने घेरे में रखना पड़ा। जिसे अपना कहकर मैदान में उतारा, उसी के लिए किला बनाना पड़े-इससे बड़ा अविश्वास क्या होगा? और अगर खुले में रहने वाला पार्षद इतना असुरक्षित है, तो सवाल कानून-व्यवस्था पर भी उठता है। क्या उस पर राजनीतिक दबाव बनाया जा सकता है? लालच या धमकी दी जा सकती है? परिवार को प्रभावित किया जा सकता है? क्या अपहरण जैसी आशंकाएं भी इस किलेबंदी के पीछे हैं?

# सीमा पर जाने का मौका, 'मां तुझे प्रणाम' योजना में आवेदन 22 तक

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग की 'मां तुझे प्रणाम' योजना के तहत युवाओं को देश की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा कराने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना का उद्देश्य युवाओं में देश की सीमाओं और सेना के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना तथा उन्हें सैन्य गतिविधियों और जवानों की दिनचर्या से परिचित कराना है। इसके साथ ही युवाओं को प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व वाले स्थानों का भ्रमण भी कराया जाएगा।

योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड से 10 युवाओं का चयन किया जाएगा। इनमें 5 युवक और 5 युवतियां शामिल होंगी। बालक और बालिका वर्ग में एनएसएस, एनसीसी, मेधावी, स्काउट और खेल विधा से एक-एक युवक एवं युवती का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को भारत की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा अथवा प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थलों के भ्रमण का अवसर मिलेगा। योजना में आवेदन करने वाले युवक-युवतियों की आयु 31 दिसंबर 2027 तक 15 से 25 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना जरूरी है। एक जिले में केवल उसी जिले के मूल निवासी अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगे। दूसरे जिले के अभ्यर्थियों के आवेदन मान्य नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा ऐसे युवक-युवतियां, जो पहले ही 'मां तुझे प्रणाम' योजना का लाभ ले चुके हैं, दोबारा आवेदन के लिए पात्र नहीं होंगे।

# रामदेव के अवतरण दिवस दूज पर धूमधाम से निकाली ध्वज यात्रा, 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका

**समय जगत, सिवनी मालवा।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भादों सुदी दूज को सिवनी मालवा के भीलट देव स्थित श्री बाबा रामदेव जी के मंदिर में बाबा के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में श्री बाबा रामदेव मंदिर समिति न्यास व उत्सव समिति द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। इस दौरान आसपास के जिलों सहित क्षेत्र के गांव गांव से पैदल यात्रा करते हुए श्रद्धालु हाथ में ध्वजा और घोड़े लेकर नाचते गाते हुए मंदिर पहुचे और बाबा को मत्था टेक दर्शन किए। भीलट देव परिसर और मंदिर परिसर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर समिति ने दर्शनार्थियों के लिए रैलिंग लगाकर दर्शन की उत्तम व्यवस्था की। मंदिर प्रांगण में बड़े बड़े कूलर, पंखे लगाएं गए। उमस भरी गर्मी और रुक रुक कर हुई तेज बारिश में भी भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**विशाल ध्वजा यात्रा निकाली:** बाबा के अवतरण दिवस पर रविवार को प्रातः 8 बजे रही चौक से ध्वजा यात्रा निकाली गई। ध्वजा यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, युवा, बच्चे नाचते गाते जयकारा लगाते हुए 8 किलोमीटर पैदल सफर तय कर बाबा रा देवरा भीलट देव पहुची। पूरे मार्ग भर लोगों ने बहुत ही आत्मीयता से बाबा रा देवरा जाने वाले हजारों भक्तों का स्वल्पाहार, फलहार खिलाकर स्वागत किया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। भक्तों की सुरक्षा के लिए जगह जगह पुलिस और सुरक्षा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में तैनात रहें। जो यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनाते रहें।



**1 दिन पूर्व से मंदिर में लगा भक्तों का तांता:** बाबा के उत्थान दिवस भादो सुदी दूज को लेकर दूर दराज से आने वाले भक्तों की मंदिर परिसर में मंदिर समिति ने ठहरने की उचित व्यवस्था रखी उन्हें भोजन प्रसादी भी कराई गई वहीं अवतार आनंद दिवस के दिन रविवार को भोर से ही मंदिर में बाबा के भक्तों का ताता लग गया। ध्वजा यात्रा पहुचने के बाद आचार्य आदर्श गुरु गुप्त काशी ने बाबा का अभिषेक, पूजन, हवन, आरती कर बाबा को भोग लगाया। ततपश्चात भंडारा प्रसादी शुरू की गई।

**50 हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन:** बाबा रामदेवजी के अवतरण दिवस पर दूर दराज और क्षेत्रीय जनता को मिलाकर 50 हजार से अधिक बाबा के भक्तों ने मंदिर में आमद देकर मत्था टेक बाबा के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर में आए भक्तों को भंडारे का प्रसाद दिया गया। जोरदार बारिश में भी भक्तों की आस्था कम नही हुई। कड़कती बिजली और गिरते पानी में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस दौरान भक्तों ने ध्वजा और घोड़े भी चढ़ाए।

**बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु:** वहीं सुप्रसिद्ध भजन गायक अनिरुद्ध शर्मा हैदराबाद ने खम्मा खम्मा हो म्हारा रुणिचे रा धनिया, हालो हालो रुनिचे चाला, चालों चालों रुनिचे चाला जैसे सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**चाकचौबंद रहीं पुलिस व्यवस्था:** सिवनी मालवा से लेकर मंदिर परिसर तक सिवनी मालवा पुलिस की चक 54 व्यवस्था रही यात्रा मार्गो का यातायात भी ठीक करते पुलिस अधिकारी दलबल के साथ लग रहें। नवागत नगर निरीक्षक नवीन कुमार पांडेय, यातायात निरीक्षक सुंदरलाल पवार, उपनिरीक्षक नागेंद्र वर्मा की पूरे समय देखरेख रहीं।

## सार संक्षिप्त

### सुठालिया में दिखा विज्ञान और गणित का हुनर 100 भैया–बहनों ने दिखाई प्रतिभा



**समय जगत, सुठालिया ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को जिला स्तरीय गणित–विज्ञान मेला 2026 का आयोजन उत्साह, उमंग और ज्ञानवर्धक वातावरण के बीच किया गया। जिले में पहली बार गणित एवं विज्ञान विषय पर आधारित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शिशु मंदिर परिसर में हुआ, जिसमें जिलेभर से लगभग 100 भैया–बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन के दौरान भैया–बहनों ने अपनी प्रतिभा, तर्कशक्ति, रचनात्मकता एवं प्रयोगात्मक ज्ञान का शानदार प्रदर्शन किया। मेले में विज्ञान प्रश्न मंच, गणित प्रश्न मंच, मॉडल प्रस्तुतीकरण, विज्ञान प्रयोग एवं गणित प्रयोग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विज्ञान एवं गणित प्रश्न मंच में प्रतिभागियों ने अपनी विषयगत जानकारी, तर्कशक्ति और त्वरित उत्तर देने की क्षमता का प्रदर्शन किया। वहीं मॉडल प्रस्तुतीकरण में भैया–बहनों ने विभिन्न वैज्ञानिक एवं गणितीय अवधारणाओं को आकर्षक एवं रचनात्मक मॉडल के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समिति अधिक ओम पालीवाल, मनोज मिश्रा, कामेश नामदेव, विज्ञान मेला संयोजक महेश त्यागी, विज्ञान मेला प्रभारी देवेंद्र उमठ, संस्था प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने भैया–बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। जिलेभर से आए प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता से विद्यालय परिसर में पूरे दिन ज्ञान, जिज्ञासा, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का वातावरण बना रहा। इस आयोजन ने भैया–बहनों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ–साथ विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों से सीखने और नए विचारों को जानने का अवसर भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र मीणा ने किया।

### आदिवासी समाज के महा आंदोलन को जिला कांग्रेस का समर्थन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कांग्रेसजन बड़ी संख्या में माखन नगर पहुंचकर करें सहयोग

**इटारसी।** सर्व आदिवासी समाज नर्मदापुरम द्वारा समाज की विभिन्न मांगों एवं अधिकारों को लेकर विशाल महा आंदोलन का आयोजन आगामी 15 सितंबर मंगलवार को माखन नगर तहसील कार्यालय के सामने किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम ने इस आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए जिले के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में माखन नगर पहुंचने की अपील की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि आदिवासी समाज की जायज मांगों और उनके अधिकारों की लड़ाई में कांग्रेस हमेशा उनके साथ खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनके अधिकारों, सम्मान और न्याय से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे आदिवासी भाइयों के साथ हमारी पूरी संवेदनाएं और समर्थन है। मैं जिले के सभी कांग्रेसजनों से अपील करता हूं कि 15 सितंबर को अधिक से अधिक संख्या में माखन नगर पहुंचकर आदिवासी समाज की आवाज को मजबूती प्रदान करें। इसी विषय पर आगे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव वंचित, शोषित एवं आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी उनके साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सभी कांग्रेसजनों से अपील की गई है कि वे 15 सितंबर को माखन नगर तहसील कार्यालय के सामने आयोजित महा आंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर आदिवासी समाज की मांगों का समर्थन एवं सहयोग करें। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# बैराड़ में नदी किनारे चल रही थी कच्ची शराब की भट्टी, पुलिस पहुंची तो आरोपी भागे

## 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब, बर्तन व 34 हजार रुपए का माल बरामद



**समय जगत, बैराड़।** बैराड़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बेडियापुरा में नदी किनारे से 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस के पहुंचते ही शराब बनाने और बेचने में शामिल दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके से शराब के साथ दो लोहे के ड्रम और एल्युमीनियम की परात भी जब्त की है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 34 हजार रुपए बताई गई है।

जानकारी के अनुसार 12 सितंबर की शाम बैराड़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बेडियापुरा में रन्नो पुत्र सावधान बेडिया और रोमित पुत्र विजय कुमार बेडिया अपने घर के पीछे नदी किनारे हाथ भट्टी की कच्ची शराब बनाकर बेच रहे हैं। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर वहां मौजूद दोनों व्यक्ति भाग निकले। मुखबिर ने दोनों की पहचान रन्नो पुत्र सावधान बेडिया और रोमित पुत्र विजय कुमार बेडिया, निवासी बेडियापुरा टोरिया के रूप में की।

मौके पर आरोपियों द्वारा छोड़ी गई दो सफेद प्लास्टिक की कट्टियां मिलीं। पुलिस ने दोनों कट्टियों को खोलकर जांच की तो उनमें कच्ची शराब मिली। दोनों कट्टियों में करीब 30-30 लीटर, कुल 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब भरी हुई थी। पुलिस ने शराब को विधिवत जब्त कर लिया। इसके अलावा मौके पर लहान से भरे दो लोहे के ड्रम मिले, जिन्हें पंचों की मौजूदगी में नष्ट किया गया और कार्रवाई का पंचनामा तैयार किया गया। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश शर्मा, सउनि हरिओम पाण्डेय, सउनि केदार सिंह, प्रधान आरक्षक इकबाल अहमद, प्रधान आरक्षक गिर्राज मीणा, प्रधान आरक्षक हरिओम जाटव, आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद, संदीप राठौर, रविन्द्र धाकड़, धर्मपाल धाकड़, धर्मेन्द्र रावत, ज्ञान सिंह रावत, अतर सिंह रावत, देवेन्द्र राठौर, शोभाराम मीणा, महिला आरक्षक निशा गौड़, चालक आरक्षक मनीष परिहार, आरक्षक अजय नीखरा और सै. सावित्रीबाई की भूमिका रही।

### अभियुक्त को 6 माह का कारावास एवं 1,60,750 की प्रति कर राशि देने का आदेश

**समय जगत, हरदा ।**अधिवक्ता शैलेन्द्र जोशी ने बताया कि अपीलीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त अनिल धनगर को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अंतर्गत दोष सिद्ध पाते हुए 6 माह का साधारण कारावास एवं चेक की राशि एवं ब्याज राशि 160750 रुपये अपीलार्थी को अदा करने का फैसला दिया है। अपीलार्थी के अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार जोशी ने बताया है कि परिवादी मेसर्स संजय ट्रेक्टर्स द्वारा एक परिवाद अभियुक्त अनिल धनगर के विरुद्ध निम्न न्यायालय में संस्थित किया था ।आरोपी के द्वारा परिवादी के प्रतिष्ठान से एक ट्रैक्टर का सौदा किया था। तय सौदा राशि में से 1 लाख रुपए आरोपी से लेना रही थी। आरोपी के द्वारा उक्त राशि का अपना हस्ताक्षरित चेक परिवादी को दिया था। उक्त चेक राशि का आहरण ना होने से परिवादी चेक बाउंस का परिवाद दायर किया था। विचारण न्यायालय द्वारा साक्ष्य एवं विधि का गम्भीरता पूर्वक विश्लेषण एवं दस्तावेजों का कूट परिक्षण, मुख्य परिक्षण एवं प्रति परीक्षण का सूक्ष्मता से अध्ययन ना करते हुए आलोच्य निर्णय पारित कर आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। तत्पश्चात परिवादी/अपीलार्थी द्वारा उक्त दोषमुक्ति के निर्णय के विरुद्ध अपीलीय न्यायालय में अपील प्रस्तुत की। अपीलार्थी अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार जोशी ने अंतिम तर्क में व्यक्त किया कि प्रकरण में विचारण व परिवादी के प्रति परीक्षण के दौरान की गई अपराध की स्वीकारोक्तियों को विचारण न्यायालय ने ध्यान नहीं दिया। मांग सूचना पत्र विधिवत् तामिल होने के बाद भी आरोपी द्वारा मांग सूचना पत्र का जबाब नहीं दिया गया। प्रश्नगत चेक विधिक दायित्व एवं ऋण के प्रतिफल स्वरुप दिया गया है जिसका पर्याप्त साक्ष्य है। प्रकरण में आरोपी जब विचारण न्यायालय में उपस्थित हुआ तभी उसने न्यायालय के समक्ष आदेश पत्रिका अनुसार इस तथ्य को स्वीकार किया था कि उसने प्रश्नगत चेक दिया है और ट्रैक्टर क्रय किया है। जिस दिन अपराध विवरण निर्मित किया गया उस दिन भी आरोपी ने चेक के भुगतान को देना स्वीकार किया है। आरोपी ने परिवादी के खंडन साक्ष्य में कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं किया है। तार्किक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपीलीय न्यायालय जयदीप सिंह द्वारा उपरोक्त तथ्यों के आलोक में विचारण न्यायालय द्वारा पारित आरोपी के दोषमुक्ति के निर्णय को अपास्त किया गया।

# गणेश उत्सव को लेकर बैराड़ में शांति समिति की बैठक संपन्न, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

## पंडालों में बिजली कनेक्शन और बारिश से बचाव के इंतजाम रखने के निर्देश, आयोजकों से ली तैयारियों की जानकारी

**बैराड़।** आगामी गणेश चतुर्थी पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर बैराड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने गणेश प्रतिमा स्थापना करने वाले आयोजकों से तैयारियों की जानकारी ली और पंडालों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए।

एसडीओपी आनंद राय के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी, पंडाल आयोजक, पार्षद, डीजे-बैंड संचालक, गणमान्य नागरिक और पत्रकार शामिल हुए। अधिकारियों ने आगामी दिनों में होने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की। एसडीओपी आनंद राय ने आयोजकों से पंडालों की स्थिति, स्थान और व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए पंडालों में बिजली की व्यवस्था विशेष सावधानी से की जाए। बिजली के खुले तार नहीं रखे जाएं और विद्युत सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। पुलिस ने सभी आयोजकों से प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए गणेश उत्सव मनाने की अपील की। बैठक में थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, नगर परिषद बैराड़ एवं विद्युत केंद्र के अधिकारी, गणेश उत्सव समितियों के सदस्य, पार्षद, गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्र के पत्रकार मौजूद रहे।

# खुलेआम गोली मारकर घायल करने वाले आरोपी का पुलिस ने निकाला जूलूस, आरोपी के पास से बंदूक की जप्त



**सिरोंज।** गत एक दिन कृषि उपज मंडी के पास खुलेआम अड़ी बाजी का प्रकरण दर्ज करवाने वाले एक युवक विक्रम अहिरावण के प्रायवेट पार्ट के पास गोली मारकर प्राण घातक हमला करने वाले आरोपी आमिर माफिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी के बताये अनुसार रविवार को पुलिस ने आरोपी के पास से बंदूक जप्त कि गयी उसके साथ नवीन?बस स्टैंड से थाना तक आरोपी को जूलूस के रूप में पैदल लेकर पहुंचे और आरोपी अपराध करना पाप है नारा लगाता हुआ चल रहा था। थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध धारा 109,296, बीएन एस एवं 25 आर्म्स एक्ट व एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी के पास घटना में प्रयुक्त हथियार को जप्त किया गया।

दिनभर सोशल मिडिया पर चली पुलिस लापरवाही के चर्चा- विदित हो कि तीन दिन पूर्व ही उक्त आरोपी सहित एक अन्य आरोपी के विरूद्ध युवक विक्रम अहिरवार ने कराया था अड़ी बाजी का प्रकरण दर्ज - युवक विक्रम अहिरवार ने मंडी में आमिर माफिया सहित एक अन्य आरोपी के विरूद्ध अड़ी बाजी का प्रकरण दर्ज कराया था उसके दूसरे दिन ही मंडी निरीक्षक द्वारा उक्त आरोपी के विरूद्ध जान से मारने की धमकी का प्रकरण दर्ज कराया था । लेकिन पुलिस द्वारा तीन दिन तक उक्त आरोपी को गिरफ्तार तक नहीं किया आरोपी खुलेआम घूमता रहा और आरोपी ने अड़ी बाजी का प्रकरण दर्ज करने वाले युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया जिसमें सोशल मिडिया पर पुलिस अधिकारियों की लापरवाही की चर्चा जोरों पर रही। अब देखना है पुलिस अधिकारियों की लापरवाही पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।

### अल्फर्टगंज में अतिक्रमण एवं अस्वच्छता के विरुद्ध नगर निगम की सख्त कार्रवाई

**कटनी ।** शहर में स्वच्छ, व्यवस्थित एवं अतिक्रमणमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम द्वारा अतिक्रमण एवं अस्वच्छता के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम के अतिक्रमण एवं स्वच्छता अमले द्वारा शुक्रवार को बी.डी अग्रवाल वार्ड अंतर्गत अल्फर्टगंज क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यवसायियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। संयुक्त कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण एवं नियमों के उल्लंघन के मामले में 2 कबाड़ दुकानों को सील किया गया। वहीं सार्वजनिक स्थान पर अस्वच्छता फैलाने एवं स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने के मामले में एक व्यवसायी के विरुद्ध 5,000 का अर्थदंड लगाया गया। नगर निगम अमले द्वारा कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यवसायियों को स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए तथा दुकान एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखना भी सुनिश्चित करें।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स इनवायरो बायो क्लीन सॉल्यूसन कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट एंड डिस्पोजल फेसीलिटी खसरा नं. 867/6 ग्राम – रैपुरा, तहसील – रीठी, जिला – कटनी, (म.प्र.) क्षेत्रफल 0.4 हेक्टेयर, क्षमता 200 किलोग्राम/घंटा हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई. ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम रैपुरा, तहसील रीठी, जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई–5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म0प्र0प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई–5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय, नवीन भवन पता – एन.एच. – 30, जबलपुर – रीवा बायपास रोड, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा शो रूम के पास गुलवारा तहसील – मुडवारा, जिला – कटनी (म.प्र.) मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म0प्र0) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 29.10.2026 दिन गुरूवार को प्रातः 10:00 बजे मेसर्स इनवायरो बायो क्लीन सॉल्यूसन कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट एंड डिस्पोजल फेसीलिटी ग्राम – रैपुरा, तहसील – रीठी, जिला – कटनी, (म.प्र.) के परियोजना स्थल के परिसर के समीप आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मुन्नी बाई रघुवंशी पति राजेंद्र सिंह रघुवंशी , निवासी – डुंगासरा , तह.– नईसराय जिला – अशोकनगर म.प्र.। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम अशरफी बाई रघुवंशी (Asarfi Bai Raghuwanshi ) त्रुटिवंश दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, मेरा सही नाम स्थाई निवास प्रमाण पत्र में मुन्नी बाई रघुवंशी पति राजेंद्र सिंह रघुवंशी दर्ज है , जो कि सही व सत्य है, अतः प्रकाशन उपरांत मेरे सभी शैक्षणिक / गैर शैक्षणिक/ व्यक्तिगत दस्तावेजों मे सही नाम मुन्नी बाई रघुवंशी पति राजेंद्र सिंह रघुवंशी ( Munni Bai Raghuwanshi W/O Rajendra Singh Raghuwanshi )के नाम से जाना – पहचाना व लिखा– पढ़ा दर्ज किया जावे

**पुराना नाम**
**अशरफी बाई रघुवंशी**
**पति राजेंद्र सिंह रघुवंशी**
**Asarfi Bai Raghuwanshi**
**w/o Rajendra Singh**
**Raghuwanshi**
**नया नाम**
**मुन्नी बाई रघुवंशी**
**पति राजेंद्र सिंह रघुवंशी**
**Munni Bai Raghuwanshi**
**W/O Rajendra Singh**
**Raghuwanshi**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रामलाल अहिरवार पिता चम्पालाल अहिरवार , निवासी – चोपनकला , तहसील – चाचोडा , जिला – गुना म. प्र.। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामेश्वर ( Rameshvar ) त्रुटिवंश दर्ज हो गया है, जो कि गलत है , मेरा सही नाम परिचय पत्र में रामलाल अहिरवार पिता चम्पालाल अहिरवार दर्ज है , जो कि सही व सत्य है, अतः प्रकाशन उपरांत मेरे सभी शासकीय/ अशासकीय/ व्यक्तिगत दस्तावेजों मे सही नाम रामलाल अहिरवार पिता चम्पालाल अहिरवार ( Ramlal Ahirwar S/o Champalal Ahirwar) के नाम से जाना – पहचाना व लिखा– पढ़ा दर्ज किया जावे

**पुराना नाम**
**रामेश्वर पिता चम्पालाल अहिरवार**
**Rameshvar S/O**
**Champalal Ahirwar**
**नया नाम**
**रामलाल अहिरवार पिता चम्पालाल**
**अहिरवार**
**Ramlal Ahirwar S/o**
**Champalal Ahirwar**

**जाहिर सूचना**

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हु की मेरे पक्षकार द्वारा एक किता दुकान क्र.– बीएस–2, जो खसरा क्रं. 272, रकबा 0.0400 हे. के अंश भाग पर दुर्गा मंदिर के पीछे ग्राम–नीलबड पर निर्मित है भूमिस्वामी श्री दिनेश मोरिया आत्मज श्री राम सेवक मोरिया आयु–वयस्क निवासी–12,सेवनिया गौंड तह.हुजुर जिला भोपाल की दुकान दुर्गा मंदिर के पीछे ग्राम–नीलबड में स्थित है, को अखिलेश पटेल पुत्र श्री बुद्धसेन पटेल निवासी– म.नं.36, 5 नं.बस स्टाप दुर्गा नगर,शिवाजी नगर हुजुर,टी.टी.नगर भोपाल द्वारा क्रय कर अनुबंध बयाना राशी अदा कर दी गई है, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सोसाइटी आदि का उक्त सम्पति के संबंध में कोई पूर्व संव्यवहार हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उक्त कार्यवाही पूर्ण कर संपत्ति के विक्रयपत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा तथा सम्बंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार रहेगा। सूचित हो।

**(राजकुमार सिंह)**
अधिवक्ता
श्री गायत्री ला चेम्बर
जी-4, अटलांटिस आर्केड,
मो. नंबर 9826837524, 9907028273

**सूचना**

. मैं हीरालाल लोधी पिता अन्नीलाल लोधी निवासी तिंदनी पोस्ट नयागांव तहसील जिला नरसिंहपुर म. प्र. का मूलनिवासी हूं मेरे अविवाहित सुपुत्र संजय लोधी ने एक ट्रैक्टर MP49ZC7616 जिसका चेसिस नंबर 933211514490 इंजन नंबर 533223710594 हैं जिसका पंजीयन जिला परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर में पंजीकृत हैं मेरे पुत्र का निधन दिनांक 20 फरवरी 2026 को हो गया है मैं संजय लोधी का पिता हूं उक्त वाहन को मेरे नाम से दर्ज किया जाना है जिसमे मेरी धर्मपत्नी धनौता बाई लोधी पुत्र अनिल लोधी एवं पुत्री सुनीता लोधी व अन्य वारसानो को मेरा नाम दर्ज किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के अंदर मुझे या सक्षम न्यायल्य मैं साक्ष्य के साथ आपति प्रस्तुत कर सकता हैं दिनांक 14 सितंबर 2026.

***हीरालाल लोधी तिन्दनी पोस्ट नयागांव जिला नरसिंहपुर म.प्र.***

**नाम परिवर्त सूचना**

मै दीपांशु पाठक तनय श्री प्रवीण पाठक आयु 23 वर्ष निवासी चित्रांश नगर कालोनी तह0 व जिला टीकमगढ म0प्र0 का होकर शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि आधार नं0 9076 3851 4732

1. दीपांशु पाठक पुत्र श्री प्रवीण पाठक है जो मेरे यह कि मैं कथन करता हूँ कि मेरा सही नाम अंकसूचीयों एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है जो सत्य एवं सही है।

2. यह कि मै कथन करता हूँ कि मेरे ड्राईविंग लायसेंस मे मेरा नाम दीपांशु पाठक पुत्र श्री प्रवीण कुमार पाठक अंकित है जबकि मेरे पिता का सही नाम प्रवीण पाठक है।

3. यह कि मैं कथन करता हूँ कि मैं यह शपथपत्र अपने ड्राईविंग लायसेंस मे अपने पिता का सही नाम –प्रवीण पाठक अंकित कराने वास्ते प्रस्तुत कर रहा हूँ।

स्थान :– टीकमगढ
दिनांक:– 10..09..2026

**सत्यापन**

**शपथकर्ता**
**सत्यापनकर्ता**

मै सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सही व सत्य है।

स्थान :– टीकमगढ
दिनांक:– 0..09.2026

# सेवा, सुशासन और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए कदम में भाजपा मनाएगी सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम



**टीकमगढ़, समय जगत।** भाजपा की महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक पद पर 25 वर्ष सेवा- सुशासन के रूप में पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे जिससे आम जनमानस को शासन की योजनाएं एवं पार्टी की विचारधारा से अवगत कराया जा सके, सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के निमित्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश महामंत्री व सागर सांसद लता वानखेड़े मुख्य वक्ता के रूप में सर्किट हाउस टीकमगढ़ में पत्रकारों के बीच उपस्थित रही।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती सरोज राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता राहुल सिंह, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र तिवारी, महामंत्री इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, सुनील धुवारा, संध्या सोनी ,विभा श्रीवास्तव,अभिषेक खरे रानू, गोरेलाल सेन आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सरोज राजपूत ने प्रेस वार्ता में शुरूआत करते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान के कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की भागीदारी से जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है एवं वरिष्ठ पत्रकारों का आभार स्वप्निल तिवारी ने किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भारतीय जनता पार्टी सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम मनाने जा रही है जो नरेंद्र मोदी के सेवा- सुशासन में संवैधानिक पद के 25 वर्ष पूर्ण होने पर उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जहां सरकारों को 5 वर्ष पूर्ण होना भी उपलब्धि माना जाता है, वहां भारत जैसे विशाल देश में 25 वर्षो तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाना और उनकी सेवा करना अपने आप में असाधारण है और लोकतंत्र इतिहास का स्वर्णिम अध्याय भी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला।4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया। 12 करोड़ शौचायलयों का निर्माण एवं 80 करोड लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराया। 200 करोड़ कोविड के मुफ्त टीके उपलब्ध कराना सामान्य घटना नहीं है, उनके जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास रहा है।

# शव मिलने से फैली सनसनी



**टीकमगढ़, समय जगत।** अनगड़ा की तलैया में मंगल आदिवासी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों का आरोप है कि मंगल को देवा कुचबंदिया अपने साथ लेकर गया था और इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। इसी घटनाक्रम के बाद रविवार को परिजनों ने बताया कि मंगल आदिवासी, निवासी पिछोर, रिश्तेदारी में आया था और देवा उसे कॉम्प्लेक्स से अपने साथ लेकर गया था। इसके बाद मंगल घर नहीं लौटा। परिजनों के मुताबिक शाम को देवा ने फोन पर कहा कि ÷अपने आदमी को बचा सके तो बचा ले, डूब रहा है÷ लेकिन यह नहीं बताया कि वह कहां है। इसके बाद से देवा के फरार होने की बात सामने आई है। इन सवालों का जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा, लेकिन मंगल की मौत के बाद कोतवाली पुलिस की प्रारंभिक कार्रवाई पर सवाल जरूर खड़े हो गए हैं। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची है और एफएसएल टीम जांच कर रही है। प्रथमदृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। लूट के मामले में मंगल के देवा के साथ होने और पैसों के विवाद से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि हर पहलू की जांच की जाएगी। परिजनों ने मंगल के देवा के साथ होने की बात कही है, लेकिन पुलिस जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मृत्युंजय अस्पताल के नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का 100 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ



**मंडीदीप, समय जगत।** शहर के सेठ फूलचंद नगर, वार्ड क्रमांक 1 स्थित मृत्युंजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में रविवार को नि :शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में 100 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान अस्पताल के स्त्री रोग परामर्श डॉ. ज्योति शलभ तिवारी, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार राठौर, फिजिशियन डॉ. एम. एच. राईन (एमडी) तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुज निगम (ऑर्थोपेडिक सर्जन) द्वारा जोड़ों के दर्द, घुटना प्रत्यारोपण, फ्रैक्चर, कमर दर्द, गठिया और स्पोर्ट्स इंजरी जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की विस्तृत जांच की गई। अस्पताल की संचालक डॉ ज्योति तिवारी ने बताया कि क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था, जिसका स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर लाभ उठाया।

### आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक में हुई चर्चा



**समय जगत, बोड़ा।** पुलिस थाना बोड़ा परिसर में रविवार को आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस सहित आने वाले अन्य धार्मिक त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राजपूत एवं नायब तहसीलदार मोतीलाल पंथी ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन समितियों से त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देकर प्रशासन एवं पुलिस को तत्काल सूचना दी जाए। बैठक में त्योहारों के दौरान निकलने वाले जुलूस, धार्मिक आयोजन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। पुलिस एवं प्रशासन ने नागरिकों से शासन के नियमों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन सिंह राजपूत, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष सतीश पाटीदार, पार्षद राजू भिलाला, राधेश्याम सोमतीया, हीरालाल यादव, प्रदीप जैन, बृजपाल सिंह राजावत, दिनेश शर्मा, डॉ.शिवनारायण वर्मा, घनश्याम गोवा, संतोष पाटीदार, मोहन गुप्ता नगर सेठ, विजय सिंह खींची तूती,राधेश्याम विश्वकर्मा लाइमैन, अंबाराम अहिरवार पटवारी, मुकेश सिसोदिया,हेमराज सेन, होकम प्रजापति, हरिओम शर्मा, विष्णु मालवीय, आर्यन पाटीदार,राहुल पाटीदार,देवेंद्र धनगर,सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### दतिया में सरआम गुण्डागर्दी, राजगढ़ चौराहे पर सड़क पर पड़े राहगीर को लात-घूंसों और चप्पलों से पीटा



**दतिया।** राजगढ़ चौराहे पर सड़क पर पड़े एक राहगीर के साथ एक महिला और पुरुष द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में दोनों व्यक्ति राहगीर को लात-घूंसों और चप्पलों से पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित महिला द्वारा राजगढ़ चौराहे पर लंबे समय से कब्जा कर अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं जिससे आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है परंतु पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण देखते रहते हैं पर इसके विरुद्ध आजतक कोई ठोस कार्रवाई नही की गई जिससे उसके हौंसले बुलंद हो गए हैं। सवाल यह है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की मनमानी और राहगीर के साथ मारपीट पर प्रशासन कब कार्रवाई करेगा? स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पुलिस से मामले की तत्काल जांच कर मारपीट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तथा राजगढ़ चौराहे से कथित अतिक्रमण व कब्जे को हटाने की मांग की है। प्रशासन इस मामले को तुरंत संज्ञान में लेकर कार्रवाई करे।

# मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 2 शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे थाना थांदला पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल की बरामद



**समय जगतख झाबुआ।** पुलिस अधीक्षक जिला झाबुआ 'श्री देवेन्द्र पाटीदार' द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबुआ 'श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया' एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) थांदला 'श्री राजेश सुलिया' के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थांदला 'श्रीमती तारा मण्डलोई' के नेतृत्व में थाना थांदला पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 07.09.2026 को फरियादी कालु पिता हुमा मुणिया निवासी छोटा जुलवानिया अपने पुत्र गोविंद मुणिया को संस्कार स्कूल, थांदला छोड़ने आया था। फरियादी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक डच.45 डज.7351 स्कूल की पार्किंग में खड़ी कर मजदूरी करने कस्बा थांदला चला गया। दोपहर करीब 14रू00 बजे वापस आने पर मोटरसाइकिल अपने स्थान पर नहीं मिली। फरियादी द्वारा मोटरसाइकिल की आसपास एवं कस्बा थांदला में तलाश की गई, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना थाना थांदला पर प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा तत्काल 'अपराध क्रमांक 520/2026, धारा 303(2) बीएनएस' पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी थांदला श्रीमती तारा मण्डलोई द्वारा पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज में दिखाई दे रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं तस्दीक के लिए कस्बा थांदला तथा आसपास के विभिन्न ग्रामों में लगातार जानकारी एकत्र की गई। पुलिस टीम की सतत मेहनत एवं सूझबूझ से सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे संदिग्धों की पहचान 'नवीन पिता थावरिया कटारा, उम्र 29 वर्ष, निवासी बीड़ महुडीपाड़ा' 'राकेश पिता हुमजी मुणिया, उम्र 27 वर्ष, निवासी छोटा जुलवानिया' के रूप में हुई। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की वारदात करना स्वीकार किया गया।

# प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को 'सेवा संकल्प अभियान होगा प्रारंभ



**समय जगत, पांढुरना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री की सेवा यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं से हुए बदलाव और 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को जिले के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अभियान की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय पांढुरना में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त पद्मश्री मोहन नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले तथा भाजपा जिला महामंत्री एवं अभियान के जिला संयोजक देवेन्द्र गायकवाड़ ने जानकारी दी।

**एक माह तक होंगे विविध कार्यक्रम:** अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को सेवा दिवस के रूप में होगी। इस दिन रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और समाजसेवा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शाम 7 बजे कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों के घर पहुंचकर 'आशीर्वाद का दीया' जलाएंगे। पांढुरना सहित प्रमुख धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम भी होंगे।

# छात्रों की गूंज कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने की बैठक



**समय जगत, मुरैना।** आगामी 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने जा रहे 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना द्वारा तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी देवेंद्र शर्मा एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राम किंकर गुर्जर जी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र जाटव ने संयुक्त रूप से की । बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने आगामी 19 सितंबर को होने जा रहे इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर विस्तृत रूप से तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लोकसभा में प्रति पक्ष के नेता जननायक आदरणीय श्री राहुल गांधी जी छात्रों से जन संवाद करेंगे । कार्यक्रम की तैयारियों, अधिक से अधिक छात्र-युवा कार्यकर्ताओं की सहभागिता तथा इंदौर पहुंचने की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शहर कांग्रेस के प्रभारी आदरणीय राम किंकर गुर्जर जी ने भी सभी को लक्ष्य बनाकर तैयारी करने के लिए कहा। जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना ने 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने के लिए जिले से व्यापक सहभागिता का आह्वान किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पार्टी के प्रवक्ता हरीश पाठक ने बताया कि बैठक में जिले भर के ब्लॉक अध्यक्ष मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष ,मंडल अध्यक्ष विभागों व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित हुए । जिनमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी डॉ देवेंद्र शर्मा शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी रामकिंकर गुर्जर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र जाटव मुरैना विधायक माननीय दिनेश गुर्जर जी अंबाह विधायक देवेंद्र सखवार जी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीतू भैया सबलगढ़ के पूर्व विधायक बैजनाथ कुशवाह भगवान सिंह तोमर राम लखन डंडोतिया जसवीर गुर्जर मनोज दैपुरिया हरि सिंह सिकरवार सतपाल सिंह कुशवाह राधा रमन डंडोतिया हरी सिंह सिकरवार,प्रबल प्रताप सिंह मावई संगठन महासचिव कुलदीप यादव लोकेंद्र यादव जिला कांग्रेस के प्रवक्ता हरीश पाठक मोर्चा संगठन के अध्यक्ष विभागों के अध्यक्ष मंडलों के अध्यक्ष पार्षद एवं पदाधिकारीगण कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आगामी गणेश उत्सव के मद्देनजर थाना उनाव में गणेश पंडाल समितियों एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित



**दतिया, समय जगत।** आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना उनाव परिसर में गणेश उत्सव के दौरान स्थापित किए जाने वाले गणेश पंडालों की समितियों के सदस्यों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस द्वारा गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पंडाल समितियों से पंडाल स्थापित करने से पूर्व आवश्यक अनुमति प्राप्त करने, विद्युत व्यवस्था सुरक्षित रखने, अग्निशमन एवं आपातकालीन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने तथा पंडाल के आसपास यातायात एवं आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करने के संबंध में समझाइश दी गई साथ ही गणेश प्रतिमाओं की स्थापना एवं विसर्जन के दौरान डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित नियमों के अनुसार उपयोग करने, धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए किसी भी प्रकार के विवाद अथवा आपत्तिजनक गतिविधि से बचने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा विवादित सामग्री प्रसारित न करने के संबंध में भी निर्देशित किया गया। पुलिस द्वारा सभी समितियों एवं नागरिकों से गणेश उत्सव को शांति, भाईचारे एवं आपसी सौहार्द के साथ मनाने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं पंडाल समितियों के सदस्यों द्वारा पुलिस को शांतिपूर्ण आयोजन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## मुक्तिधाम के गेट पर दीवार खड़ी कर दुकान बनाने की तैयारी, प्रशासन दे ध्यान



**दतिया।** नए लाल के पास स्थित मुक्तिधाम के मुख्य गेट के सामने अतिक्रमण का मामला सामने आया है। स्थानीय रहवासियों द्वारा मुक्तिधाम के गेट के आगे दीवार खड़ी कर दुकान बनाने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो मुक्ति धाम के प्रवेश मार्ग पर भी अतिक्रमण हो जाएगा। सवाल यह है कि जब मुक्तिधाम जैसी सार्वजनिक और अंतिम संस्कार की जगह भी अतिक्रमण से सुरक्षित नहीं है तो प्रशासन कब जागेगा? लोगों ने नगर पालिका एवं प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर अतिक्रमण तत्काल हटाने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# नगर में खुलेआम चल रहा बाल मजदूरी का खेल

## दुकानों से लेकर होटल-ढाबों और गैरेजों तक में नाबालिगों से कराया जा रहा काम, मंडलम अध्यक्ष ने बाल कल्याण समिति को भेजा पत्र





**समय जगत, ब्यौहारी ।** शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में बाल मजदूरी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि क्षेत्र की कई किराना दुकानों, होटल-ढाबों, चाय की दुकानों, रेस्टोरेंट, मोटर गैरेज, ईंट-भट्ठों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराई जा रही है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और स्कूल बैग होने चाहिए, उसी उम्र में उनसे दुकानों और प्रतिष्ठानों में काम कराया जाना बाल संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। मामले को लेकर ब्यौहारी मंडलम कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय द्विवेदी ने बाल कल्याण समिति, जिला शहडोल को पत्र सौंपकर ब्यौहारी क्षेत्र में बाल मजदूरी के खिलाफ तत्काल विशेष अभियान चलाने और दोषी प्रतिष्ठान संचालकों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि आर्थिक परिस्थितियों का फायदा उठाकर कम उम्र के बच्चों से विभिन्न स्थानों पर काम कराया जा रहा है। कई बच्चे सुबह से शाम तक दुकानों, होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों में काम करते नजर आते हैं। इससे उनकी पढ़ाई छूटने के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि नाबालिग बच्चों से खुलेआम काम कराया जा रहा है तो संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इन प्रतिष्ठानों में काम करने वाले बच्चों की जानकारी नहीं है, या फिर जांच और कार्रवाई की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित है?

**जिम्मेदार विभागों की भूमिका पर भी उठे सवाल:** मंडलम अध्यक्ष विनय द्विवेदी ने बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्री मती कल्याणी बाजपेयी को पत्र के माध्यम से मांग की है कि ब्यौहारी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाया जाए। किराना दुकानों, होटल, ढाबों, चाय की दुकानों, गैरेज, ईंट-भट्ठों और अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर यह पता लगाया जाए कि कहीं नाबालिग बच्चों से श्रम तो नहीं कराया जा रहा है।

उन्होंने यह भी मांग की है कि यदि जांच के दौरान बाल मजदूरी का मामला सामने आता है तो संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर उनके पुनर्वास और शिक्षा से जोड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विनय द्विवेदी ने कहा कि बाल मजदूरी जैसे गंभीर विषय पर महज औपचारिक जांच या एक-दो प्रतिष्ठानों तक कार्रवाई सीमित नहीं रहनी चाहिए। पूरे ब्यौहारी क्षेत्र में अभियान चलाकर वास्तविक स्थिति सामने लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य किसी भी आर्थिक गतिविधि से अधिक महत्वपूर्ण है और उन्हें मजदूरी के बजाय शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए।

पत्र में बाल मजदूरी की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच किए जाने की मांग की गई है।

# चार वर्षों से स्वच्छता का संकल्प निभा रहा कायस्थ समाज

# चित्रगुप्त घाट पर मातृशक्ति ने चलाया सफाई अभियान

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी है आवश्यक

**समय जगत, नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर समाज के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने घाट परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा बीते चार वर्षों से प्रत्येक रविवार को चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बारिश के दौरान समाजजनों द्वारा स्वच्छता के साथ.साथ वृक्षारोपण को भी प्राथमिकता दी जाती है। रविवार को बारिश नहीं होने के कारण मातृशक्ति सहित पुरुष सदस्यों ने चित्रगुप्त घाट के किनारे तथा आसपास के गुर्जों और तटों पर जमा कचरे एवं गंदगी की सफाई की। इस अवसर सीबी खरे, नगरपालिका उपाधक्ष अभय वर्मा ममता तिवारी,सुमन वमा, प्रीति खरे, मंजूला वर्मा ज्योति वर्मा प्रिया श्रीवास्तव राजेंद्र श्रीवास्तव,रितु श्रीवास्तव, सुनील रायए विजय वर्मा, मनोज वर्मा,केशव देव वर्मा, अशोक वर्मा, माधव देव वर्मा लालता प्रसाद सहित अनेक सामाजिक



बंधु मौजूद थे। इस दौरान ऋषिकेश श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहींए बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। चित्रगुप्त घाट जैसे सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की नियमित सफाई से न केवल वातावरण स्वच्छ रहता हैए बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। समाज द्वारा पिछले चार वर्षों से लगातार चलाया जा रहा यह अभियान इसी सामाजिक जिम्मेदारी का उदाहरण है।

**स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी :** समाज के लोगों का कहना है कि स्वच्छता अभियान के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी जोड़ा गया है। पर्यावरण संरक्षण भी जरूरी है। बारिश के दिनों में पौधारोपण कर उन्हें संरक्षित करने का प्रयास किया जाता हैए ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ और हरा.भरा वातावरण मिल सके। वर्षा ऋतु में समाज द्वारा स्वच्छता के साथ.साथ पौधारोपण कार्यक्रम भी किया जा रहे हैं।

# पत्रकार कॉलोनी में भगवान श्री गणेश जी की स्थापना की हैं जोरदार तैयारियां



**समय जगत, इटारसी।** स्थानीय शिव धाम समिति पत्रकार एवं शिक्षक नगर में इस वर्ष गणेश उत्सव उत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है क्षेत्र में भव्य गणेश जी की प्रतिभा स्थापित की जा रही है गणेश उत्सव को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए समिति के महिला एवं पुरुष सदस्य द्वारा दिन रात जोर-शोर से तैयारी जुटे हुए हैं गणेश जी की स्थापना को लेकर पंडाल को बेहद सुंदर और आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है लाइटिंग से लेकर फूलों की सजावट का विशेष ध्यान दिया जा रहा है इस वर्ष गणेश उत्सव पर महिला विग की भागीदारी बेहद खास होने वाली है समिति की महिला सदस्यों द्वारा उत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इन कार्यक्रमों की रूपरेखा कोअंतिम रूप दिया जा रहा है समिति की महिलाओं का कहना है कि इन कार्यक्रमों के जरिए समाज में एक जुटता और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा मिलेगा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि गणेश उत्सव के दौरान कार्यक्रम में सपरिवार शामिल सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### खराब ट्रांसफार्मर को लेकर विद्युत ऑफिस के सामने महिलाओं का धरना



**समय जगत, पन्ना।** पन्ना श्यामरडांडा ग्राम की महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों, बुजुर्गों और ग्रामीणों के साथ विद्युत ऑफिस देवेंद्रनगर के सामने बैठ गईं। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 20 दिन से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया। बिजली व्यवस्था बहाल कराने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए धरना प्रारंभ कर दिया है आगे देखना है कब तक विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर रखने की व्यवस्था की जाती है।

### विश्व हिंदू परिषद का मनाया गया स्थापना दिवस



**समय जगत, बिस्टान।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के 62वें स्थापना दिवस के अवसर पर 12 सितंबर 2026 को संत सियाराम प्रखंड के जामली खंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला मंत्री सौरभ धामंडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित जनों को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली तथा हिंदू समाज की एकता के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, संस्कार और संगठन को मजबूत करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने संगठन के कार्यों एवं सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम की अधिक्षता अनिता दीदी कुशवाह ने की साथ ही कार्यक्रम में सचिन गुप्ता जिला गौ रक्षा प्रमुख,शीतल दीदी दुर्गा वाहिनी जिला सह संयोजिका सहित बड़ी संख्या में जामली खंड की दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

### बाबा रामदेव जी की दूज पर निकाला विशाल जुलूस जयकारों से गूंजा चंद्रपुरा ढाबला



**समय जगत, बोड़ा।** ग्राम चंद्रपुरा ढाबला में बाबा रामदेव जी की दूज के अवसर पर श्रद्धा और उत्साह के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु बाबा रामदेव जी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा रामदेव जी के ध्वज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद ध्वज के साथ जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने बाबा रामदेव जी के दर्शन एवं पूजन कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### अयोध्या धाम में हरदा की सेवा को मिला राष्ट्रीय सम्मान,परमानंद सिंह बघेल बने सेवा रत्न



**समय जगत,हरदा।** प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या धाम में आयोजित भव्य राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव एवं सेवा रत्न सम्मान समारोह में हरदा के समाजसेवी एवं रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल को मानव सेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में उनके निरंतर,निस्वार्थ एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जय महाराणा रक्तदान समूह भारत के संस्थापक एवं अध्यक्ष रक्तमित्र शैलू मंडलोई ने बताया कि राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन अयोध्या द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नेपाल,भूटान सहित विभिन्न स्थानों से आए रक्तदाता,समाजसेवी एवं सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। अयोध्या की पावन धरती पर जब हरदा के रक्तमित्र परमानंद सिंह बघेल का नाम राष्ट्रीय सम्मान के लिए पुकारा गया तो यह हरदा जिले के लिए बेहद गौरव और भावुकता का क्षण बन गया। वर्षों से जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की व्यवस्था कराने,आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता पहुंचाने और समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उनके सेवाभाव को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिला।

# अवैध खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई

**समय जगत, कटनी।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में खनिज विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न मार्गों पर सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान ई-टीपी में स्वीकृत मात्रा से अधिक गिट्टी भरकर परिवहन करते पाए जाने पर 4 ट्रकों को तत्काल जब्त किया गया। कार्रवाई के बाद सभी वाहनों को अभिरक्षा में लेकर यातायात पुलिस चौकी, कटनी में खड़ा कराया गया है। जांच में निर्धारित मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा



भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

**ओवरलोडिंग पर भी रहेगी प्रशासन की पैनी नजर:** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनिज परिवहन में नियमों की अनदेखी, ई-टीपी में दर्ज मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन तथा ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच का अभियान जिले के विभिन्न मार्गों पर लगातार जारी रहेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनिज परिवहन में संलिप्त वाहन संचालकों में हड़कंप की स्थिति है। जिला प्रशासन ने खनिज कारोबार से जुड़े सभी वाहन संचालकों एवं संबंधित व्यक्तियों को निर्धारित नियमों और स्वीकृत मात्रा के अनुरूप ही खनिज का परिवहन करने की सख्त हिदायत दी है।

# सीईआरसी अध्यक्ष जिष्णु बरुआ एवं सचिव हरप्रीत सिंह प्रूथी ने किया एनटीपीसी सिंगरौली का दौरा



**समय जगत, सिंगरौली।** केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) के अध्यक्ष जिष्णु बरुआ एवं सचिव हरप्रीत सिंह प्रूथी ने एनटीपीसी सिंगरौली का दौरा किया। परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली ई. प्रभाकर राव के नेतृत्व में आयोजित इस उच्चस्तरीय दौरे के दौरान विद्युत उत्पादन, प्रचालन एवं तकनीकी उत्कृष्टता, स्टेज-3 परियोजना की प्रगति, सुरक्षा व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण तथा कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व से जुड़ी विभिन्न पहलों का व्यापक अवलोकन किया गया। अतिथियों के शक्तिनगर आवासीय परिसर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पहुंचने पर ई. प्रभाकर राव, कमांडेंट सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी सिंगरौली के महाप्रबंधक गण द्वारा उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत शिक्षा एवं बालिका सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन की बालिकाओं को स्कूल बैग एवं स्टेशनरी किट प्रदान किए गए। साथ ही, परियोजना प्रभावित एवं आसपास के क्षेत्रों की जरूरतमंद बालिकाओं को उनकी शिक्षा एवं विद्यालय आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से साइकिलों का वितरण भी किया गया। माननीय अध्यक्ष एवं सचिव ने बालिकाओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, अनुभवों एवं भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### माटी गणेश, सिद्ध गणेश निर्माण हेतु कार्यशाला आयोजित



**समय जगत, श्योपुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था भोलेनाथ समग्र विकास समिति एवं सुमन युवा शक्ति समिति बलावनी के संयुक्त तत्वावधान में माटी गणेश, सिद्ध गणेश ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से पूर्व जनपद सदस्य दक्खो बाई एवं जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह, ब्लॉक समन्वयक नीतू सिंह गौतम उपस्थिति रही कार्यक्रम में प्रियंका मौर्य द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों एवं छात्रों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ स्वयं गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं।इस अवसर पर 'नवांकुर संस्था प्रमुख श्रीनिवास शर्मा, रामलखन सुमन, मेंटर बबलू नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को बघवा देना रहा।

# खण्डेलवाल की स्मृति में 2 कमरों का निर्माण

**समय जगत, अमझेरा।** नगर के समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी मुरलीधर खण्डेलवाल का विगत दिनों निधन हुआ था। पिता की स्मृतियों को बनाएं रखने के लिए पुत्र महेश राजा खण्डेलवाल ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो कमरों का निर्माण करवाया साथ ही मरीजों को बैठने के लिए स्टील की कुर्सियां भेट की है।

**रात में परिजन होते थे परेशान, कमरे देंगे राहत:** स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ सुशांत बहादुर ने बताया कि इन कमरों का सबसे ज्यादा उपयोग मरीज के परिजनों के लिए होगा। क्योंकि रात्रि में अस्पताल के अंदर भर्ती प्रसूताओं के साथ आने वाले परिजन परेशान होते थे। जिन्हें अब राहत मिलेगी। इन कमरों का निर्माण पार्किंग एरिया में 30 बाय 15 में निर्माण किया गया है। इन कमरों में लाइट, पंखे, सहित रात्रि में रुकने की व्यवस्था की है।



**13 दिन में पार्किंग एरिया में बना दिया कमरा:** महेश खण्डेलवाल ने बताया कि पिता जी ने पूरे जीवन मे दान पुण्य को अधिक महत्व दिया था साथ ही गरीबों की सेवा करना हमे सिखाया था उन्ही के बताए मार्ग पर चलते हुए अन्य परिजनों की सहमति से कुछ दान करने का निर्णय लिया था। अस्पताल प्रभारी डॉ बहादुर से चर्चा हुई तो उन्होंने मरीजो के परिजनों को रुकने की समस्या बताई जिसके बाद तुरंत निर्णय लिया और कार्य प्रारम्भ करवा दिया। दिन रात मजदूरों ने कार्य करके पगडी कार्यक्रम के दिन दोनों कमरे तैयार कर दिए जिसे विधिवत मरीजो के परिजनों के लिए खोल दिया गया है। खण्डेलवाल परिवार के द्वारा अन्य संस्थाओं को विकास के लिए दान राशि दी गई है।



### चाचौड़ा बायपास की बदहाली के विरोध में सद्बुद्धि यज्ञ, गड्ढों में लगाए पौधे

**समय जगत चाचौड़ा-बीनागंज।** चाचौड़ा-बीनागंज नगर की विभिन्न जनसमस्याओं एवं लंबे समय से जर्जर पड़े चाचौड़ा बायपास की सड़क को लेकर शनिवार को चाचौड़ा बायपास पर शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक जनहित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सद्बुद्धि यज्ञ कर नगर परिषद एवं जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान सड़क की बदहाल स्थिति की ओर आकर्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बायपास पर बने गड्ढों में पौधे लगाकर शासन-प्रशासन को यह संदेश दिया गया कि सड़क की समस्या लंबे समय से बनी हुई है और अब इसके स्थायी समाधान की आवश्यकता है। पूर्व युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौरभ यादव ने कहा कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों और आम नागरिकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सौरभ यादव ने बताया कि चाचौड़ा-बीनागंज नगर की जनसमस्याओं एवं बायपास की जर्जर सड़क को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन दिए जाने के सात दिवस पूर्ण होने के बावजूद सड़क की समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्रवाई नहीं होने पर यह सांकेतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ संजय मीना ने कहा कि हमें आश्वासन नहीं, समस्या का समाधान चाहिए। बायपास की सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों एवं साथियों ने नगर की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। पूर्व शहर अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्णत: शांतिपूर्ण एवं जनहित में था और इसका उद्देश्य प्रशासन एवं नगर परिषद का ध्यान जनसमस्याओं की ओर आकर्षित करना है।

# लोक अदालत में 2,812 मामलों का निपटारा, 22.41 करोड़ के अवार्ड-वसूली का समाधान

## टूटते दांपत्य को मिला नया जीवन, समझौते से फिर साथ आए पति-पत्नी

**समय जगत, धार।** नेशनल लोक अदालत में सिर्फ मुकदमों का निपटारा नहीं हुआ, बल्कि कई परिवारों को भी नई शुरुआत मिली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव प्रदीप सोनी ने बताया कि लोक अदालत में कुल 13,575 प्रकरण रखे गए, जिनमें 2,812 प्रकरणों का निराकरण किया गया। विभिन्न मामलों में करीब 22 करोड़ 41 लाख रुपये के अवार्ड एवं वसूली का समाधान हुआ।

लोक अदालत की सबसे भावुक तस्वीर कुटुम्ब न्यायालय से सामने आई, जहां लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी ने पुराने मतभेद भुलाकर आपसी सहमति से फिर साथ रहने का निर्णय लिया। संवाद, समझाइश और सुलह के प्रयासों से वर्षों से दूर दंपती को दोबारा साथ लाने में सफलता मिली।

यह पहल बताती है कि लोक अदालत केवल विवादों और मुकदमों के निपटारे का मंच नहीं, बल्कि रिश्तों को बचाने और परिवारों में शांति लौटाने का माध्यम भी है। आपसी सहमति से मामलों का शांतिपूर्ण समाधान होने से पक्षकारों को त्वरित राहत मिली।

जिला सचिव प्रदीप सोनी ने कहा कि लोक अदालत की सफलता सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। इसका उद्देश्य शीघ्र न्याय उपलब्ध कराने के साथ विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कर समाज में सौहार्द और भाईचारा कायम करना है।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ममता जैन कहा कि लोक अदालत त्वरित एवं सुलभ न्याय के साथ पक्षकारों के बीच आपसी सहमति और सौहार्द स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं संबंधित विभागों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन ने कहा कि लोक अदालत समाज और देश में मानसिक शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बातचीत और समझौते के माध्यम से विवाद समाप्त होना परिवार और समाज के लिए सकारात्मक संदेश है।

लोक अदालत का संदेश साफ है—न्याय के साथ रिश्ते भी बचें, विवाद खत्म हों और समाज में शांति कायम हो।





# 'हमारे गौरव-हमारे इंजीनियर' अभियान के तहत टीकमगढ़ में हुआ सम्मान










**समय जगत, टीकमगढ़।** 15 सितंबर को मनाए जाने वाले इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में समय जगत समूह द्वारा देशभर में चलाए जा रहे 'हमारे गौरव-हमारे इंजीनियर' सम्मान अभियान के तहत टीकमगढ़ में भी समाज और जिले के विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रमुख हस्तियों का सम्मान किया गया। इस पहल का उद्देश्य अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए समाज के विकास में योगदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना है। अभियान के तहत समय जगत के टीकमगढ़ जिला ब्यूरो चीफ मोहसिन अहमद ने कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नरेंद्र अरजरिया को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

सम्मान के दौरान सभी अतिथियों ने समय जगत समूह की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करने से उन्हें और अधिक जिम्मेदारी एवं उत्साह के साथ काम करने की प्रेरणा मिलती है। ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और नई पीढ़ी को भी अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि किसी भी जिले के विकास में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, इंजीनियरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सामूहिक भूमिका होती है। ऐसे सम्मान लोगों के उत्साह को बढ़ाते हैं। उन्होंने समय जगत समूह की पहल की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक पत्रकारिता और समाज को जोड़ने वाला प्रयास बताया। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि समाज में अच्छा काम करने वाले लोगों का सम्मान किया जाना बेहद जरूरी है। इससे सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि मीडिया समाज और प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है और इस तरह के आयोजन लोगों को बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। भाजपा जिला श्रीमती अध्यक्ष सरोज राजपूत ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक कार्यों को पहचान और सम्मान मिलना खुशी की बात है। ऐसे अभियान लोगों को अपने क्षेत्र में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने समय जगत की इस पहल को सराहनीय बताया। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि शहर और जिले के विकास के लिए लगातार बेहतर कार्य करने की जरूरत है। जो लोग विकास और जनसेवा के क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं, उनका सम्मान निश्चित रूप से उनका उत्साह बढ़ाता है। उन्होंने समय जगत समूह द्वारा शुरू किए गए सम्मान अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है।

वरिष्ठ पत्रकार डॉ. नरेंद्र अरजरिया ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य समाज की सकारात्मक गतिविधियों को सामने लाना और अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करना भी है। सम्मान की संस्कृति समाज को जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि समय जगत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान निश्चित रूप से सराहनीय और प्रेरणादायक है। समय जगत के जिला ब्यूरो चीफ ने कहा कि 'हमारे गौरव-हमारे इंजीनियर' अभियान के माध्यम से उन लोगों को सम्मान देने का प्रयास किया जा रहा है, जो अपने कार्यों के माध्यम से समाज और जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सम्मान केवल एक मोमेंटो तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज के लिए योगदान देने वाले लोगों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी समय जगत समूह की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




## 'हमारे गौरव-हमारे इंजीनियर' अभियान में इंजीनियर मनोज पंडित का किया सम्मान

**समय जगत, इंदौर।** समय जगत द्वारा 15 सितंबर इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में चलाई जा रही 'हमारे गौरव – हमारे इंजीनियर' सम्मान श्रृंखला के तहत कार्यपालन यंत्री मनोज पंडित का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समय जगत के ब्यूरो प्रमुख प्रदीप जोशी ने मनोज पंडित को भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान के दौरान वरिष्ठ पत्रकार आदित्य उपाध्याय एवं इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े साथी अधिकारी–कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मनोज पंडित ने कहा कि सर विश्वेश्वरैया जी के सिद्धांत और कार्य आज भी इंजीनियरिंग क्षेत्र के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।



## पीएचई विभाग एईबीएल उइके को समय जगत ब्यूरो हरदा नारायण नामदेव द्वारा भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैयाजी की प्रतिमा भेंट कर किया गया सम्मान

**समय जगत, हरदा।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी समय जगत समूह द्वारा एक संदेश पूरा देश के लक्ष्य संकल्पित यात्रा के तहत भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में विश्वेश्वरैया जी इंजीनियर सम्मान आयोजन कर अभियंताओं को भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैयाजी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया जा रहा है। इसी कड़ी में हरदा पीएचई विभाग एईबीएल उइके को हरदा समय जगत ब्यूरो नारायण नामदेव द्वारा अभियंता शिरोमणि विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया। श्री उइके ने इस अवसर पर कहा कि कहा कि समय जगत की यह पहल प्रशंसनीय है, इससे निश्चित ही अभियंताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होता है।




## हमारे गौरव हमारे इंजीनियर अभियान के तहत कार्यपालन यंत्री को किया सम्मानित

**समय जगत, मंडला।** समय जगत समूह के 'हमारे गौरव–हमारे इंजीनियर' अभियान के तहत लोक निर्माण विभाग की कार्यपालन यंत्री श्रीमती अर्पणा त्रिपाठी को समय जगत प्रतिनिधि एसपी तिवारी द्वारा अभियंता शिरोमणि विश्वेश्वरैया जी की तस्वीर एवं समय जगत की प्रति भेंटकर कार्यपालन यंत्री को सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 सितंबर को प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को देंगे ई-स्कूटी की सौगात

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत 16 सितंबर को भोपाल से मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी का वितरण करेंगे। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बुधवार को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। इससे विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की राह आसान होगी। साथ ही, कॉलेज आने-जाने में भी सहूलियत होगी। राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर, भोपाल में सुबह 10 बजे से होगा। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों को शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को कक्षा 12वीं में प्रथम प्रयास में ही 70 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान आना जरूरी हैं। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना का लाभ स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत विद्यार्थी को दिया जाता है। योजना में सभी संकायों के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है।


**मेरिट में आने वाले 7,500 से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगी स्कूटी**

### पन्ना के बलराम कृषि महोत्सव में वर्चुअली शामिल हुए मुख्यमंत्री

# केन बेतवा लिंक परियोजना के क्रियान्वयन से बुंदेलखंड क्षेत्र में आयेगी खुशहाली : मुख्यमंत्री

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पन्ना महाराजा छत्रसाल और भगवान श्री जुगल किशोर की नगरी है। यह एकमात्र धरती है, जहां हीरा मिलता है, विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पन्ना नेशनल पार्क में बाघ पुनर्स्थापना की बदौलत बाघों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को पन्ना में आयोजित प्रदेश के 28वें बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र को केन बेतवा लिंक परियोजना सहित अन्य बड़ी सौगातें मिली हैं। इससे क्षेत्र में खुशहाली और नागरिकों के जीवन स्तर में बदलाव आएगा। आज लाड़ली बहना योजना की महिला लाभार्थियों को 40वीं किस्त भी मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर 17 सितम्बर से एक माह तक संचालित होने वाले सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ होगा। आगामी 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री श्री मोदी बतौर कुशल प्रशासक 25 वर्ष पूर्ण करेंगे। यह हम सब के लिए गौरव और गर्व का पल है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन से विश्व में भारत का मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है।

### किसानों से संवाद कर की कार्यों की सराहना



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बलराम कृषि महोत्सव के कार्यक्रम में जिले के प्रगतिशील किसानों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। ग्राम शाहपुर खुर्द की महिला कृषक कविता रानी ने बताया कि वे 2019 से निरंतर प्राकृतिक खेती कर रही हैं। वर्तमान में 6 गांव के लोगों को प्रशिक्षण के जरिए उन्नत खेती के गुर भी सिखा रही हैं। इसके अलावा कृषि में कम लागत से आय बढ़ोत्तरी के तरीके भी बताती हैं। महिला कृषक ने कृषि विज्ञान केंद्र पन्ना से निरंतर मिले सहयोग और मार्गदर्शन की जानकारी भी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धान लगाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी चाही। धामी मोहल्ला पन्ना निवासी राजकमल शर्मा ने कृषि क्षेत्र में शुरू किए गए स्टार्ट–अप की जानकारी दी। जरूआपुर के प्रगतिशील कृषक सुब्रत मलिक ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से उद्यानिकी खेती के जरिए आय में बढ़ोत्तरी की जानकारी दी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के हितग्राही नत्थू प्रसाद यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनू योजना अंतर्गत मुर्रा भैंस क्रय कर सफलतापूर्वक डेयरी व्यवसाय गतिविधि करने के बारे में अवगत कराया।

आज केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसान हित में कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलराम महोत्सव के आयोजन से किसानों को बहुत लाभ मिलेगा। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा आधुनिक कृषि सहित नवाचार तकनीकों की जानकारी से बड़ी संख्या में किसान लाभांवित होंगे। पवई बांध, मझगांय और रुंझ सहित कई लघु सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से वृहद स्तर पर किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यानिकी खेती अपनाने की अपील करते हुए किसानों से प्राकृतिक खेती को भी प्रोत्साहन देने की अपील की। उन्होंने किसानों से अतिरिक्त आय के अवसर के रूप में पशुपालन और अन्य गतिविधियां अपनाने पर जोर दिया। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र करते हुए गौशाला की राशि में बढ़ोत्तरी की जानकारी भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान में ग्रामीण जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क रजिस्ट्री की सुविधा का लाभ भी मिलेगा। भविष्य में इस योजना को नगरीय क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत होम-स्टे जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात भी कही। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। उपस्थित किसानों से किसान सम्मान निधि के लाभ संबंधी जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभारी मंत्री एवं विधायकगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की। कार्यक्रम में पन्ना विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्यों की जानकारी दी। साथ ही गौशालाओं के विकास और दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लक्ष्य में बढ़ोत्तरी का आग्रह किया। गुन्नौर विधायक डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने ग्राम श्यामरडाडा में जैविक खेती के बारे में बताया। साथ ही अतिवर्षा से फसल हानि का सर्वे कर मुआवजा वितरण की बात कही।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

# पृथ्वीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अतर्रा में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आयोजित

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, सुनी आमजन की समस्याएं, मौके पर हुआ निराकरण

**समय जगत, निवाड़ी।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों के माध्यम से समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित एवं प्रभारी निराकरण, क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं के कियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना तथा प्रशासन की संवेदनशील, पारदर्शी एवं उत्तरदायी कार्यप्रणाली सुदृण करने के उद्देश्य प्रदेश में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शिविर लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन द्वारा पृथ्वीपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत अतर्रा में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर लगाया गया।




शिविर में पूर्व विधायक पृथ्वीपुर डॉ. शिशुपाल यादव, सरपंच अतर्रा श्री आशाराम अहिरवार, कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया, डीएफओ श्री मनोज कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री रोहन सक्सेना, एसडीएम सुश्री विनीता जैन, तहसीलदार श्री शुभम मिश्रा, नायब तहसीलदार श्री अनिल कुमार नरवरिया, सीईओ जनपद पंचायत पृथ्वीपुर श्री दुर्गेश भूमरकर अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। पूर्व विधायक पृथ्वीपुर डॉ शिशुपाल यादव ने कहा कि ष्संवाद से समाधान, विश्वास से विकासष् यह मुख्य रूप से सुशासन लोकतंत्र, टीमवर्क और मजबूत मानवीय संबंधों के मूल सिद्धांतों को दर्शाती है। शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं और शिकायतों के मौके पर प्रभावी निराकरण हेतु प्रशासन गांव की ओर, चौपाल, मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविरों के माध्यम से आमजन को सीधा लाभ प्राप्त हुआ है। वर्तमान में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र हितग्राही को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी प्रत्येक वर्ग, जाति, गरीब, असहाय, महिला शसक्तीकरण, वृद्ध, बच्चों, दिव्यांग एवं प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। अपार प्रसन्नता है कि कलेक्टर, एसपी एवं जिला प्रशासन के विभागों के अधिकारी यहां उपस्थित हैं। आप सभी अपनी समस्याओं और शिकायतों को बताएं, आपकी समस्या का मौके पर निराकरण किया जाएगा। जांच संबंधी आवेदनों में निष्पक्ष जांच उपरांत अतिशीघ्र निराकरण किया जाएगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के स्वागत बेला को रोककर कहा कि शिविर में आए माता, बहनें, कृषक एवं ग्रामीण जनों का मैं...बहुत बहुत स्वागत करता हूं। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत जिले में सतत रूप से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मुहैया कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य को गंभीरता से लेते हुई कहा कि गर्भवती माताएं अपनी नियमित जांच कराएं। एनीमिया के कारण माता और उसके बच्चे के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता। इस दौरान गर्भवती माताएं संतुलित एवं पोषक आहार लें और नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर एनीमिया की जांच अवश्य कराएं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें, उन्हें शिक्षा के अलावा नैतिक शिक्षा, देश की संस्कृति और सभ्यता और महापुरुषों की जीवनी से परिचित कराएं। उन्होंने आंगनवाड़ी में बच्चों को भेजने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने कहा कि आज के डिजिटल युग में, मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि साइबर अपराध और ऑनलाइन फ्रॉड को लेकर सतर्क रहें। किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी (व्ज्च) या बैंक विवरण साझा न करें। इसके साथ ही, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए पुलिस की हेल्पलाइन चौबीसों घंटे सक्रिय हैं। कानून और व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जन-सहयोग बेहद जरूरी है।

जब तक आप सजग नहीं होंगे और पुलिस का साथ नहीं देंगे, तब तक समाज से अपराध और नशे जैसी कुरीतियों को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता। आप बिना किसी डर या संकोच के अपनी बात पुलिस के सामने रखें, हम हर कदम पर आपके साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में कलेक्टर ने स्वयं आवेदकों के पास जाकर आवेदन प्राप्त किए। मौके पर शिकायत सुनी गई और संबंधित अधिकारी से त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# अथ साप्ताहिक राशिफलम 14 से 20 सितम्बर 2026 तक

**समय जगत, झांसी। (1) मेष राशि** –सप्ताह की शुरुआत प्रथम दिन से ही अर्थ सम्पदा प्राप्ति पर, परिवार में असहयोग ,, वाद विवाद ,शारीरिक अस्वस्थता से शुरू होगी,, पर दूसरे तीसरे चौथे दिन पराक्रम में वृद्धि व व्यापार से धन प्राप्ति के साथ साथ परिवार व,पडौसियों से सहयोग, मिलेगा , पांचवें छठवें दिन प्राचीन भूमि भवन सम्वंधी कार्य में समय जाया होगा,,शरीर को कष्ट हो सकता है,, वाहन सम्भल कर प्रयोग करें,, सप्ताह के अंतिम दिन सुखद परिणाम प्राप्त होंगे,, संतान पक्ष से प्रसन्नता होगी,, हनुमान जी दर्शन व चालीसा का पाठ करते रहे ।

**(2) वृषभ राशि** - सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता और सर्वत्र सफलता से होगी,, दूसरे तीसरे चौथे दिन घर परिवार में असहज वातावरण होगा,, वातावरण में पारिवारिक धन सम्पदा का वटवारा हो सकता है कर्ज रोग मुकद्दमे से प्रभावित होगे पांचवें छठे दिन कोई पारिवारिक धार्मिक कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार होगी,, स्वजनों का समागम होगा,, परन्तु एलर्जी की समस्या से वच कर रहे,,सांतवे दिन एका एक बडी सफलता सम्भव है जमीन जायदाद का सौदा करने से बचें, भगवती की आराधना करें।

**(3) मिथुन राशि** --, सप्ताह के प्रथम दिन अधिक व्यय का प्रभार होगा,, दूसरे तीसरे चौथे दिन व्यापार धंधे में अधिक लाभ की स्थिति,,समाज परिवार में आपकी मान प्रतिष्ठा में बढ़ोत्तरी होगी,,मन और शरीर दोनों प्रसन्न रहेंगे,, प्रगति दायक नवीन योजनाओं का सूत्रपात होगा,, पांचवें छठे दिन रुका हुआ धन प्राप्त होगा,,पुराना वाद विवाद पुनः होगा,, सातवें दिन अनुकूलता प्राप्त होगी, गणपति की आराधना करें

**,(4)कर्क राशि** -प्रथम दिवस आकस्मिक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे,, किसी पुराने विवाद में समझौता या विजय प्राप्त होगी,, पर दूसरे तीसरे चौथे दिन एकाएक अधिक धन खर्च होने के अनेक कारण उपस्थित होंगे,, खर्च प्रभार बढ़ने से मानसिक पीडा बडेगी,, सिर व नेत्रों में पीडा सम्भव है,, पांचवें छठे दिन परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर धन लाभ कमाएंगे मान सम्मान प्रतिष्ठा प्राप्त होगी,, सप्ताहांत में कुछ धन संग्रह हो जाएगा,,पर परिवार में मन मुटाव हो सकता है भगवान शिव की आराधना करें।

(5) सिंह राशि -सप्ताह की शुरुआत कठिन परिश्रम से होगी,, पिता का सहयोग मिलेगा,, दूसरे तीसरे चौथे दिन आंशिक सफलताएं प्राप्त होगी जिसके कारण चल रही समस्याओं का कुछ समाधान होगा,, कुछ मनोकामनाएं आंशिक रूप से पूर्ण होगी,, पांचवें छठे दिन व्यापार काम धंधे में हानि हो सकती है,, बाएं नेत्र व शिर में पीडा हो सकती है,, सर्दी जुखाम बुखार से भी पीड़ित हो सकते हैं,, पर सप्ताह का अंत आंशिक सफलता व प्रसन्नता के साथ होगा,, सूर्य नारायण को प्रातः काल अर्घ्य देकर नमस्कार करे,, पीपल प्रदक्षिणा भी करें।

**(6) कन्या राशि** – यह सप्ताह पिछले सप्ताहों से अधिक सफलता दायक रहेगा,, सप्ताह की शुरुआत ही भाग्य वर्धन से शुरू होगी,, एकाएक शुभ व वहु प्रतीक्षित समाचार मिलेंगे,, दूसरे तीसरे चौथे दिन नए रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे,, पुराने व्यापार का प्रसार बढेगा,, नौकरी पेशा लोगों का नई तैनाती,,व वहु प्रतीक्षित प्रमोशन हो सकता है,, पांचवें छठे दिन एकाएक बढे लाभ के अवसर प्राप्त होंगे,, पुराने रिश्ते दारो से भेंट होगी,, खुश नुमा वातावरण रहेगा,, सप्ताहांत मानसिक तनाव व आकस्मिक खर्च के साथ होगा, गणेश जी की आराधना करें,

**(7)तुला राशि** -सप्ताह की शुरुआत प्राचीन समस्याओ एवं वस्तुओं के कारण अडचने वढेगी व आकस्मिक यात्रा के साथ होगी,, दूसरे तीसरे चौथे दिन प्रगतिशील योजनाओं का क्रियान्वयन होगा,, भाग्य की ताकत से रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे,, स्थानान्तरण होगा,, ससुराल पक्ष का सहयोग मिलेगा,, पांचवें छठे दिन नए कार्यो की शुरुआत होगी,, विद्यार्थियों को परीक्षाओं में सफलता मिलेगी,, सप्ताहांत विशिष्ट सफलताओं के साथ सम्पन्न होगा,, भगवती जगदम्बा की आराधना सहित सात मुखी रुद्राक्ष पहनें

**(8) वृश्चिक राशि** –सप्ताह की शुरुआत विशाद युक्त रहेगी,, दूसरे तीसरे चौथे दिन उदर विकार, प्राचीन रोग उभरेंगे,, जीवन में आकस्मिक परिवर्तन होगा,,हिंसक व आवारा पशुओं से भय होगा,, दीर्घ कालिक समस्याओं का सूत्रपात हो सकता है,, पुरातन सम्पत्ति विवादित हो सकती है,, पांचवें छठे सातवें दिन परिस्थितियों में सुधार होगा,, ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा भाग्य की ताकत से विगडे कार्य पुनः सुधरेंगे,, तीर्थ यात्रा होगी किसी धर्म गुरु या शुभ चिंतक से भेंट होगी,,मन में आंशिक संतुष्टि के साथ सप्ताह का समापन होगा,, हनुमान चालीसा पाठ व हनुमान जी के दर्शन अवश्य करें,

**,(9) धनु राशि** -सप्ताह की शुरुआत में ही लेनदार आपको परेशान कर सकते हैं,, स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है,, दूसरे तीसरे चौथे दिन परिवार का सहयोग मिलेगा,, दाम्पत्य जीवन में दैनिक साथी अनुकूल रहेगा,, दैनिक व्यवसाय में लाभ होगा,, किसी के साथ साझेदारी हो सकती है,, कोई पडौसी तनाव दे सकता है,, पांचवें छठे दिन कोई पुराने मामले उखड कर आपको परेशान कर सकते हैं,, उदर के निचले हिस्से में पीडा सम्भव हो सकती है,, अस्थियों में भी दर्द हो सकता है,, पर सातवें दिन परेशानियों से राहत मिलेगी,, किसी का सहयोग मिलेगा,, पीपल की प्रदक्षिणा करें,, हनुमान दर्शन करें।

**(10) मकर राशि** - सप्ताह की शुरुआत सन्तान पक्ष की चिंता से शुरू होगी,, सन्तान के साथ नरमी का वर्ताव करें,, दूसरे तीसरे चौथे दिन ऋण, रोगों,वाद विवाद से पीड़ित होकर बडा नुकसान कर सकते हैं,,अपयश के भागीदार वन सकते हैं,,मुकद्दमे वाजी से वचे अन्यथा हार होगी,, पांचवें छठे दिन आंशिक अस्थाई सुधार आएगा,, दैनिक रोजगार में लाभ होगा,, दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा,, पारिवारिक कटुता कम होगी,, सप्ताहांत के दिन पुरानी समस्याएं फिर खडी हो कर आपको परेशान कर सकती हैं,, प्रतिदिन हनुमान जी के दर्शन करें,, शनिवार को असहाय वर्ग को भोजन कराएं,

,(11)कुम्भ राशि -----सप्ताह की शुरुआत में ही मातृपीडा,, अशांति का वातावरण तैयार होगा,, दूसरे तीसरे चौथे दिन सन्तान पक्ष से सहयोग मिलेगा,, सन्तानों के कुछ काम बनेंगे,, अभ्यास अनुभव प्राप्त होगे,, पांचवें छठे दिन,, शत्रु षड्यंत्र करेंगे,, ऋण बढ़ने से तनाव बढेगा,, मुकद्दमों में पराजय होगी,, कोई समाचार आपको परेशान कर सकता हैं,, पर सप्ताहांत आंशिक सफलताओं के साथ सम्पन्न होगा,, हनुमान जी की आराधना करें,,शिवजी को जल चढ़ाएं,, पीपल प्रदक्षिणा करें।

**(12)मीन राशि** - सप्ताह की शुरुआत छोटे भाई बहिनों के सहयोग से शुरू होगी,, किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा,, दूसरे तीसरे चौथे दिन से जमीन जायदाद से सम्वंधित मामलों में प्रगति होगी,,सुख के साधन बढ़ेंगे,,माता का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है,,स्वांस सम्वंधी परेशानी हो सकती है,, पांचवें छठे दिन सन्तानों से सम्वंधित मामलों में प्रगति होगी,,अच्छे समाचार सुनने को मिलेगे,, किसी सन्तान को रोजगार मिलेगा,,नए अनुभव मिलेंगे,, सप्ताहांत में कोई शारीरिक समस्या आ सकती है,, अथवा ऋण लेना पड सकता है,,वाद विवाद से बचें,, नारायण मंत्र का जप करें।

**–ज्योतिष कर्ता–**
**पं कमला कान्त अरजरिया**
**(अन्तर्राष्ट्रीय भागवताचार्य शिवमहापुराणव देविपुराणप्रवक्ता),, वैदिक अनुष्ठान कर्ता**
**हाल निवास -गल्ला मंडी रोड, झांसी**
**मो. 9450041559 , 8299510965**

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निवाड़ी में इको क्लब ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

**समय जगत, निवाड़ी।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय निवाड़ी में आज दिनांक 11-09-2026 को इको क्लब के तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. एन. खान के मार्गदर्शन एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. ए. के. वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कीवृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं पारिस्थितिक महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की सुंदरता बढ़ाने वाले तत्व नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण एवं जैव विविधता के संवर्धन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की नींव बन सकता है। पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।इको क्लब प्रभारी डॉ. ए. के. वर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर सक्रिय रहने तथा महाविद्यालय परिसर को अधिकाधिक हरित बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इको क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और पर्यावरणीय चेतना विकसित करने के लिए निरंतर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।वृक्षारोपण अभियान में डॉ. जे. आर. अहिरवार, डॉ. आर. के. अहिरवार, डॉ. पुष्पेंद्र कटियार, डॉ. एस. के. धुसिया, डॉ. जितेन्द्र आरोलिया सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा महाविद्यालय परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया। इको क्लब द्वारा आयोजित यह वृक्षारोपण अभियान विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता विकसित करने और 'हरित परिसरदृस्वच्छ परिसर' की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक सराहनीय एवं सार्थक पहल रहा।

# थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**समय जगत, ललितपुर।** जनपद में आयोजित थाना समाधान दिवस के तहत शनिवार को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई थाना कोतवाली ललितपुर पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस में पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, कब्जा, आपसी विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर परीक्षण करें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# ट्रक से लोहे की रॉड चोरी मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समय जगत, ललितपुर।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने ट्रक से लोहे की रॉड चोरी करने के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पुलिस ने धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र हरजू अहिरवार निवासी ग्राम सेरवासकलां, थाना तालबेहट को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार वादी राजेश पुत्र छिद्दन रजक निवासी ग्राम बांसी, थाना जखौरा ने 10 सितंबर 2026 को सूचना दी थी कि उसके ट्रक संख्या न्च94ज्5050 से लोहे की रॉड के बंडल चोरी कर लिए गए हैं। शिकायत के आधार पर थाना तालबेहट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। गठित पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी अंकित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में इससे पूर्व चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। फरार अन्य आरोपियों की तलाश एवं मामले की विवेचना जारी है। ट्रक से लोहे की रॉड चोरी के इस मामले में पुलिस अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अपराध में शामिल किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

## ऑपरेशन दहन : 57 मुकदमों की 400 लीटर अवैध शराब आग के हवाले

**ललितपुर।** जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन दहन' के तहत थाना बार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 57 मुकदमों से संबंधित 400 लीटर अवैध कच्ची शराब को नष्ट कर दिया। करीब 42 हजार रुपये मूल्य की इस शराब को न्यायालय की अनुमति प्राप्त होने के बाद गठित समिति की निगरानी में आग के हवाले किया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर संचालित अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने जनपद के सभी थाना प्रभारियों को जब्त मादक पदार्थों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में थाना बार पुलिस ने मालखाने में जमा अवैध शराब के निस्तारण की कार्रवाई पूरी की।

# तरीचर कलां में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जनसंपर्क, सीएमओ ने सुनीं वार्डवासियों की समस्याएं

**समय जगत, निवाड़ी।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार क्षेत्र में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए श्मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियानश् तेजी से चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन में नगर परिषद तरीचर कलां द्वारा वार्डों में पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सुनीता खरे ने नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 02 का सघन भ्रमण किया और स्थानीय नगरवासियों से जनसंपर्क किया।



इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मूलभूत आवश्यकताओं से अधिकारियों को अवगत कराया। सीएमओ श्रीमती सुनीता खरे ने सभी वार्डवासियों की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधीनस्थ कर्मचारियों को समस्याओं के समयबद्ध और स्थायी निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता हर नागरिक की समस्या का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना है।

इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हिन्दी दिवस एक राष्ट्र-एक संविधान और एक राजभाषा के सिद्धान्त का द्योतक है : डॉ. उदय त्रिपाठी

**समय जगत, झांसी।** वरिष्ठ साहित्यकार, गांधीवादी विचारक डॉ. उदय त्रिपाठी ने कहा कि हिन्दी की सहजता और सरलता ही इसकी मौलिक विशेषता है। यदि स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी ने राष्ट्रभाषा की भूमिका निभाई तो देश के पूरव - पश्चिम-उत्तर दक्षिण के लोगों के बीच सम्पर्क स्थापित करने की भूमिका भी हिन्दी सतत् निभा रही है।

भारत सरकार ने संविधान लागू होने पर हिन्दी को राजभाषा के रूप में 14 सितम्बर से लागू किया था । इसी तारीख से हिन्दी दिवस मनाया जाता है। अतः हिन्दी दिवस एक राष्ट्र-एक संविधान और एक राजभाषा के सिद्धान्त का द्योतक है।

# राजनीति के दंगल में धार्मिक तुष्टीकरण के दांव

**भविष्य की आहट**
**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया**

**समय जगत, झांसी।** बंगाल से लेकर दिल्ली तक दुर्गा पूजा पर मांसाहार के भक्षण पर बयानों, प्रदर्शनों और शब्द मंथन का दौर प्रारम्भ हो गया है। खान-पान, रहन-सहन और सोच-विचार के आधार पर देश को बांटने का प्रयास आक्रान्ताओं के आगमन के साथ ही शुरू हो गया था। चाटुकारों की लोलुप मानसिकता ने राष्ट्रभक्ति को दफन करके मीरजाफर की सोच को अंगीकार किया और भौतिक सुख की कल्पना में स्वयं के दुःखद अंत तक पहुंच गये। अतीत के पन्ने में चाटुकारों, लालचियों और स्वार्थी लोगों की कहानियां भरी पडीं हैं। सत्ता सुख, सम्मानित मंच और आर्थिक भण्डारण की मृगमारीचिका के पीछे दौडने वालों ने समय से साथ अवसरवादिता को अपनाया।

कभी कट्टरता के आगे नतमस्तक हुए तो कभी शक्ति के आगे घुटने टेक दिये। कभी वैभव बटोरने के लिए नैतिकता की हत्या की तो कभी विलासता के लिए नीलामी के तख्ते पर खडे हो गये। ऐसे ही लोगों ने अपनों के छला और विरासत में मिलने वाली स्वयं की राष्ट्रीय थाथी को आतिताइयों के हाथों में पहुंचा दिया। संस्कृति, संस्कार और सनातन किस्तों में कत्ल होता चला गया। वैदिक परम्पराओं और मान्यताओं पर कुठाराघात होता चला गया। शान्त, सहज और सरल जीवन यापन करने वालों पर चन्द चालाकों ने शिकंजा कसा और शाश्वत सिद्धान्तों की मनमानी व्याख्यायें करके स्वयं भू संरक्षक बना बैठे। धर्म को छुईमुई का पौधा बनाकर रख दिया गया। अजर, अमर और अविनाशी धर्म को छुने, खाने, पहनने, बोलने, करने जैसी क्रियाओं से नष्ट होने की परिभाषायें दी जाने लगीं। विजातीय होने की घोषणायें होने लगी। परिणामस्वरूप सत्य पर असत्य का आवरण चढता चला गया। देश, काल और परिस्थितियों के अनुरूप जीवन शैली अपनाने वालों ने नये परिवेश में भी अपनी मान्यताओं को रूढियों में बदलकर लकीर पीटना शुरू कर दिया। शासकों ने शासितों पर अपनी मान्यताओं को थोप दिया। लम्बे समय तक गुलामी झेलने के कारण आम आवाम का आत्मविश्वास तार-तार हो गया। यही कारण है कि स्वाधीनता संग्राम में आक्रामकता को अंगीकार करने वालों के स्थान पर काले अंग्रेज बन चुके विलायती चाटुकारों के हाथों में षडयंत्र के तहत देश सौपा गया। नये तानाशाह का राजतिलक हुआ। बांटो और राज करो, की नीतियां चलती रहीं। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर बटवारे किये जाते रहे। सभी वर्गो के मीरजाफरों को पर्दे के पीछे से संरक्षण दिया जाता रहा। हालात यहां तक पहुंच गये कि तुष्टीकरण के लिए संविधान संशोधन भी किये जाते रहे ताकि अपने लोगों को खुश रखा जा सके। कभी न्याय के मापदण्ड बदले गये तो कभी धार्मिक सम्पत्तियों के लिए कठोर नियम बनाये। कभी पुरातन मान्यताओं को तोडा गया तो कभी आस्था पर आघात किया गया। स्वतंत्र भारत में ऐसे अनगिनत उदाहरण भरे पडे हैं जिनमें से शाहबानो प्रकरण तो आज देश की राजनीति से जवाब मांग रहा है। सन् 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो बेगम प्रकरण में स्वयं का भरण-पोषण करने में असमर्थ तलाकशुदा महिला के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अंतर्गत भरण-पोषण के अधिकार को मान्यता दी। कोर्ट ने शाह बानो बेगम के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उन्हें गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया जिससे कट्टरपंथी नाराज हो गये। रूढवादियों के तुष्टीकरण हेतु तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने सदन में 19 मई 1986 को मुस्लिम महिला अधिनियम पारित किया और देश की सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को निष्प्रभावी कर दिया। मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए वक्फको मजबूत किया गया। वर्तमान में वक्फबोर्ड के पास कुल 8.72 लाख से अधिक पंजीकृत अचल संपत्तियां, 16 हजार से अधिक चल संपत्तियां तथा 38 लाख एकड़ से अधिक भूमि है। ईसाइयों की धार्मिक संपत्तियों के लिए कैनन लॉ के नियम लागू होते हैं। वहीं हिन्दुओं के मंदिरों की सम्पत्तियों पर सरकारी कब्जे के फरमान जारी होते रहे। अधिकांश पर सरकारी कारिन्दों को प्रशासक बनाकर बैठा दिया गया जो सरकार के इशारे तथा स्वयं की मर्जी से व्यवस्थाओं संशोधित कर रहे हैं। इतिहास के पन्नों की कालिख के अलावा अब वर्तमान परिदृष्य बेहद कष्टप्रद होता जा रहा है। भगवां यात्रायें निकालने वाले हों या फिर हरे झंडे के नीचे धमकियां देने वाले। नीली जमात के सिपाहसालार हों या फिर सफेद टोपी वालों की भीड। लाल फीताशाही हो या फिर खद्दरधारियों की जमातें। समाज सेवक के लबादे में लिपटे षडयंत्रकारी हों या फिर बुद्धिजीवियों के स्वयं भू ठेकेदार। सभी एक सुनियोजित षडयंत्र के तहत आम आवाम को ठगने, सत्ता सुख भोगने, विलासता के संसाधन जुटाने में लगे हैं। सनातन की सरलता ने उसे राजनैतिक दलों का चारागाह बना दिया है। बहुसंख्यक का नाम देकर उस पर अत्याचारों की दावानल निरंतर गिराया जा रहा है। जातिगत वैमनुष्यता फैलाई जा रही है। वैदिक मान्यताओं तक को हाशिये पर पहुंचाया जा रहा है। उदाहरण के लिए सनातनी ग्रन्थों में उल्लेखित चार धामों के विस्तार को लें तो वर्तमान में सरकारी तंत्र की गतिविधियों में छुपा षडयंत्र सामने आ ही जाता है। देश के वर्तमान मानचित्रानुसार उत्तराखण्ड में श्रीबद्रीनाथ धाम, उडीसा में श्रीजगन्नाथ धाम, तमिलनाडु में श्रीरामेश्वरम धाम तथा गुजरात में श्रीद्वारिका धाम की स्थिति ही चारों धाम की परिभाषा को पूर्ण करते हैं परन्तु उत्तराखण्ड की सरकारी मशानरी लम्बे समय से अपने राज्य में ही चारों धाम होने का जयघोष करके सनातनी ग्रन्थों को झूठा साबित करने पर तुली है। वहां के सरकारी आंकडों में श्रीबद्रीनाथ, श्रीकेदारनाथ, श्रीगंगोत्री और श्रीयमुनात्री ही चारों धाम हैं। ऐसा ही प्रयास कांग्रेस के शासन काल में श्रीरामसेतु की प्रमाणिकता के दौरान भी किया गया था जिसमें प्रमाणों को झुठलाकर उसे काल्पनिक तक बताया गया था। सूत्रों में समायोजित सनातनी ग्रन्थों ने अपने दर्शन को कथानकों के माध्यम से रोचकता प्रदान करते हुए वर्णित किया है जिसे तत्वदर्शियों, ज्ञानियों तथा तपस्वियों से ही उसका मर्म समझा जा सकता है। जैसे कहानी के कथानक, कथोपकथन आदि के पीछे उसकी शिक्षा छुपी होती है वैसे ही सनातनी ग्रन्थों की व्याख्या भी है। संस्कृत को हिन्दी में अनुवादित करने वालों ने अपनी समकालीन सामाजिक व्यवस्थाओं को भी धर्म के नाम पर परोस दिया था जिसे आज भी अनेक कथित विद्वानजन मान्यता के रास्ते से रूढि बनाने पर तुले हैं। अनेक अनुवाद तो देश की गुलामी के दौरान कराये गये। ग्रन्थों को आतिताई शासनों ने विकृत किया था। सामाजिक व्यवस्था को सुखद बनाने वाले आज स्वयं के हित साधने में लगे हैं। द

लगत राजनीति के दिखावे के पीछे निजी हितों की लहरें छुपी हैं जो अब सुनामी बनकर देश को ही नस्तनाबूत करने पर तुल गईं हैं। बहुरूपिये बनकर खद्दरधारियों की जमातें चुनावी काल में मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वार पहुंचने लगते हैं। जातिगत महापुरुषों को देवता, भगवान और परमात्मा तक मानने लगते हैं। अभी से ही संख्याबल के आधार पर नये दावपेंच चले जा रहे हैं। ऐसे में देश को आम आवाम को स्वयं आगे आकर एक देश-एक कानून की मांग उठाना चाहिए तभी राजनीति के दंगल में धार्मिक तुष्टीकरण के दांव विफल होंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# बहू-बेटी सम्मेलन में सुरक्षा से लेकर स्वावलंबन तक की दी गई जानकारी

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत आज जनपद महोबा के समस्त थाना क्षेत्रों में ÷बहूबेटी सम्मेलन÷ का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी एसओपी के क्रम में आयोजित इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मनिर्भरता के अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं, बहुओं, बालिकाओं, छात्राओं, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्त्रियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम प्रधानों तथा स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। सम्मेलन के दौरान महिला पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद करते हुए उनके समक्ष आने वाली समस्याओं, सुरक्षा संबंधी चिंताओं एवं सामाजिक चुनौतियों पर चर्चा की गई। महिलाओं को



घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, बाल विवाह, महिला उत्पीड़न तथा लैंगिक अपराधों से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं छात्राओं को शिक्षा को अपने सशक्तिकरण का माध्यम बनाने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा किसी भी दबाव अथवा प्रलोभन में आकर जल्दबाजी में निर्णय न लेने की सलाह दी गई। साथ ही आत्मरक्षा, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार एवं सोशल मीडिया के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई।महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराध के बढ़ते स्वरूपों से भी अवगत कराया गया। फर्जी कॉल, लिंक, केवाईसी अपडेट, ऑनलाइन निवेश, पार्ट-टाइम जॉब, डिजिटल अरेस्ट, कूरियर एवं अन्य साइबर ठगी के तरीकों के प्रति सावधान करते हुए ओटीपी, यू पी आई पिन सीवीवी, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की अपील की गई। साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 पर सूचना देने के साथ ही निकटतम थाना अथवा साइबर सेल से संपर्क करने की जानकारी दी गई। ÷बहूबेटी सम्मेलन÷ के माध्यम से महिलाओं को शासन द्वारा संचालित महिला एवं बालिका कल्याण से जुड़ी योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में भी बताया गया। मिशन शक्ति, महिला हेल्प डेस्क, वन स्टॉप सेंटर, कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजनाओं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र महिलाओं को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान महिला सुरक्षा एवं सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1098, 1930, 1076, 102 एवं 108 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं एवं बालिकाएं बिना किसी संकोच के इन सेवाओं का उपयोग कर सकती हैं।

कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं द्वारा बताई गई समस्याओं एवं सुझावों को पुलिस टीमों द्वारा गंभीरता से सुना गया तथा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महोबा पुलिस द्वारा महिलाओं को भरोसा दिलाया गया कि उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए पुलिस हर समय तत्पर है।

# प्रतिनिधि सम्मेलन में तान्या गुप्ता के शानदार नृत्य ने मोहा सभी का मन

**महोबा।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन के दौरान देर रात तक सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बुंदेलखंड की लोक संस्कृति से सजे कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से उपस्थित पत्रकारों और अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बुंदेलखंड की प्रसिद्ध लोक विधा राई नृत्य की शानदार प्रस्तुति से हुआ। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति को दर्शकों ने जमकर सराहा। इसके बाद सुबोध सोनी के बच्चों ने गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण तान्या गुप्ता की सावनी गीत पर शानदार नृत्य प्रस्तुति रही। उनकी मनमोहक प्रस्तुति पर पूरा परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। उपस्थित पत्रकार साथियों ने तान्या गुप्ता की प्रतिभा की जमकर सराहना की और उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके बाद राधा प्रजापति ने भी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम के दौरान नगर के वरिष्ठ पत्रकार




रामदत्त तिवारी, अवधेश दुबे एवं नईमुर्रहमान को सम्मानित किया गया। वहीं प्रेस क्लब की टीम को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुज शर्मा, एके त्रिपाठी, मुकेश गुरुदेव, सुमित तिवारी, प्रकाश सक्सेना, राजेश चतुर्वेदी, आशीष द्विवेदी, धीरेंद्र सिंह चौहान, ललित विश्वकर्मा सहित शहर के गणमान्य नागरिकों को भी सम्मानित किया गया।

रविवार को प्रातः आठ बजे प्रतिनिधि मंडल ने महोबा के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। पत्रकारों ने सूर्य मंदिर, छोटी चंद्रिका माता मंदिर, खकरा मठ, शिव तांडव, गुरु गोरखनाथ तपोस्थली और मां बड़ी चंद्रिका मैया सहित विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर फोटोग्राफी की।

सम्मेलन के दौरान बुंदेली संस्कृति और क्षेत्र की विभूतियों के सम्मान में बुंदेली गौरव सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। इसके बाद बुंदेली भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समापन की घोषणा प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा ने की। विदाई समारोह के बाद देशभर से आए पत्रकारों को खजुराहो के लिए रवाना किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, व्यापारी, पत्रकार एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदी का सम्मान केवल भाषा का सम्मान नहीं, बल्कि देश की सभ्यता संस्कृति और स्वाभिमान का सम्मान है : आशीष अलबेला



**महोबा।** हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी प्रवक्ता आशीष अलबेला ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, एकता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की पहचान है। यदि भारत को पुन: विश्व गुरु के पद पर प्रतिष्ठित होना है तो अपनी भाषा और भारतीय भाषाओं को उचित सम्मान देना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी के प्रयोग को देश की उन्नति के लिए आवश्यक मानते थे। 14 सितंबर 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी है। हिंदी किसी एक क्षेत्र की भाषा नहीं, बल्कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड सहित अनेक राज्यों की बोलियों और लोकभाषाओं को अपने भीतर समेटे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा मॉरीशस, फिजी सहित कई देशों में हिंदी बोली और समझी जाती है। न्याय व्यवस्था में भी आमजन की सुविधा के लिए हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा मिलना चाहिए। भाषा का सम्मान हमारी संस्कृति और जड़ों को मजबूत करता है। आशीष अलबेला ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की पंक्ति 卐निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल卐 का उल्लेख करते हुए युवाओं से हिंदी के सम्मान और प्रयोग को बढ़ाने का आह्वान किया।

### घुटने व जोड़ों के दर्द की बीमारी की अनदेखी से गंभीर समस्या बन सकती : डॉ यादव

**समय जगत राठ (हमीरपुर)।** बदलती जीवनशैली, मोटापा और शारीरिक गतिविधियों की कमी के बीच गठिया और जोड़ों से जुड़ी बीमारियां कम उम्र के लोगों को भी परेशान करने लगी हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ की आर्थोपेडिक ओपीडी में प्रतिदिन करीब 250 से 300 मरीज प्रीतिदिन पहुंच रहे हैं, जिनमें लगभग 150 मरीज केवल घुटनों के दर्द की शिकायत लेकर आते हैं। सीएचसी राठ के अधीक्षक एवं आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अरविंद कुमार यादव ने बताया कि पहले जहां बढ़ती उम्र के साथ घुटनों और जोड़ों की समस्याएं अधिक देखने को मिलती थीं, वहीं अब पैंतीस से चालीस वर्ष की उम्र में भी लोग घुटने, कमर और अन्य जोड़ों के दर्द से परेशान होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई मरीज शुरुआती दौर में दर्द को नजरअंदाज कर लंबे समय तक उपचार नहीं कराते। ऐसे में बीमारी बढ़कर ग्रेड-3 और ग्रेड-4 जैसी गंभीर अवस्था तक पहुंच जाती है, जिससे इलाज जटिल हो सकता है और सामान्य उपचार के विकल्प भी सीमित हो जाते हैं। डॉ. यादव ने बताया कि जोड़ों में लगातार दर्द, सूजन, अकड़न, चलने-फिरने में परेशानी और जोड़ की गति कम होना गठिया के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। उम्र बढ़ने के साथ घुटने और कूल्हे के जोड़ अधिक प्रभावित होते हैं, जबकि कंधे और रीढ़ से जुड़ी समस्याएं भी आम हैं। उन्होंने लोगों से बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा या लंबे समय तक पेनकिलर लेने से बचने की अपील की। गलत उपचार और बीमारी की अनदेखी से समस्या गंभीर हो सकती है। *डॉ0 अरविंद यादव की सलाह-----* वजन नियंत्रित रखें, नियमित रूप से क्षमता के अनुसार व्यायाम करें, लंबे समय तक लगातार बैठने या खड़े रहने से बचें और शरीर को सक्रिय रखें। चोट को नजरअंदाज न करें। यदि लंबे समय से दर्द, सूजन, अकड़न या चलने में परेशानी हो रही है तो तुरंत आर्थोपेडिक विशेषज्ञ से सलाह लें। उन्होंने कहा कि सही समय पर बीमारी की पहचान, उचित उपचार और नियमित फॉलो-अप से जोड़ों की कई समस्याओं को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

### 2 मोटरसाइकिल की गईं बरामद

**बांदा।** थाना बिसंडा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया ।थाना बिसंडा क्षेत्र के रहने वाले मनधीर व जितेन्द्र द्वारा अपनें अपनें घरों को बाहर खडी मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के संबंध मे थाना बिसंडा पर सूचना दी ।जिसके संबंध में अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी । थाना बिसंडा पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर एक बाल अपचारी को एलएनटी मोड बिसण्डा के पास से संरक्षण में लिया गया ।बाल अपचारी द्वारा बताया गया कि उसने दो मोटरसाइकिलों को चुराया है ।निशांदेही पर चोरी की 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

### एसडीएम चित्रा निर्वाल ने अस्थाई गौशाला का किया निरीक्षण, गोवंशों की व्यवस्थाएं परखीं, दिए आवश्यक दिशा निर्देश अमित निगम राठ हमीरपुर

**समय जगत राठ (हमीरपुर)।** उपजिलाधिकारी चित्रा निर्वाल ने कस्बे के महोबा रोड स्थित नगर पालिका परिषद राठ की अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला में संरक्षित गोवंशों के रखरखाव, चारा-पानी और साफ-सफाई समेत उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने गौशाला परिसर की साफ-सफाई, गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गोवंशों की देखरेख में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और उन्हें पर्याप्त मात्रा में चारा-पानी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने गोवंशों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि बीमार या कमजोर गोवंश मिलने पर तत्काल पशु चिकित्सक से परीक्षण कराकर उपचार कराया जाए। साथ ही गौशाला परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने को कहा। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं को व्यवस्थित रखने तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गोवंशों की देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पुलिस अधीक्षक ने तीजा मेला की तैयारियों के तहत दिए निर्देश

**समय जगत हमीरपुर।** आगामी तीजा मेला के सफल आयोजन और सुरक्षा प्रबंधों के दृष्टिगत, पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा पुलिस व प्रसाशनिक अधि0/कर्म0 को ब्रीफ किया गया। इस दौरान मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, तथा यातायात प्रबंधन को लेकर गहन समीक्षा की गई । अधिकारियों ने मेला स्थल पर विभिन्न सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि मेले के दौरान जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो । खासतौर पर मेला क्षेत्र के प्रवेश और निकास द्वारों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने, मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से मार्ग तैयार करने, तथा फायर ब्रिगेड और चिकित्सा टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा गया कि मेले के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी । साथ ही, उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और तत्काल कार्रवाई करने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए । मेले में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जाने की भी आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके तहत महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती और मेला क्षेत्र में मदद केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा, यातायात नियंत्रण के लिए मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, एवं मेले के दौरान वाहनों के सुचारु संचालन हेतु ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए गए



। पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग रास्ते की व्यवस्था की जाएगी ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके मौजूद अन्य वरिष्ठ अधिकारियों जैसे एडीएम (अपर जिलाधिकारी) हमीरपुर, ए0एस0पी हमीरपुर, एसडीएम (उप जिलाधिकारी) सदर, सीओ (क्षेत्राधिकारी) सदर, क्षेत्राधिकारी मौदहा व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे । उन्होंने भी अपनी-अपनी विभागीय जिम्मेदारियों के अनुसार मेले के सफल और सुरक्षित आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंधों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, शौचालय सुविधाएं, और बिजली की निर्बाध आपूर्ति पर भी चर्चा की गई, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो । मेला आयोजन समिति और स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा, जो पूरे मेला अवधि के दौरान सक्रिय रहेगा। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आग्रह किया, ताकि तीजा मेला आगंतुकों / श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित, व्यवस्थित और आनंददायक अनुभव साबित हो सके।

### आर्थिक रूप से परेशान के किसान ने लगाया गले में रस्सी का फंदा



**समय जगत हमीरपुर।** आर्थिक रूप से परेशान किसान ने पत्नी से झगड़ने के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया कस्बा थाना क्षेत्र के बिंहुनी खुर्द गांव में बीती शनिवार रात में एक किसान दंपति के बीच घरेलू कलह के चलते किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर पति ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। बिंहुनी खुर्द गांव निवासी शिवा मिश्रा 24 वर्ष ने बताया कि उनके पिता मुन्नीलाल मिश्रा 60 वर्ष पुत्र श्यामसुंदर मिश्रा ने 2 वर्ष पहले अपनी लगभग 10 बीघा जमीन पर कृषि कार्य के लिए लोन पर नया ट्रैक्टर खरीदा था। जिसकी किस्तें चुकाने में परेशान रहते थे। दूसरी ओर कृषि भी साथ नहीं दे रही थी। इस वर्ष खरीफ की फसल अतिवृष्टि के चलते पूरी तरह से खराब हो चुकी है। जिससे पिता और अधिक परेशान रहते थे। आर्थिक रूप से परेशान होने के चलते घर में कलह होना आम बात हो गई थी। बीती रात मानसिक परेशान पिता की किसी बात पर मां सुहागरानी के साथ झगड़ा हो गया। इसके बाद पिता ने मां को एक कमरे में बंद कर दिया। और बाहर वाले कमरे में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया कि वह मां बाप का झगड़ा सुनते सुनते सो गया। बड़ा भाई निष्कर्ष 26 वर्ष बाहर शहर में रहकर मजदूरी कर पैसा कमाता है, जोकि शनिवार को ही घर से निकला था। मृतक के दो अविवाहित बेटे और एक विवाहित बेटी है। रविवार सुबह शिवा ने पिता को फंदे पर लटका देखा तो उसकी चीज निकल गई। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। जिस पर थाना उपनिरीक्षक राजीव कुमार साहू मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में ले लिया। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट ने घटना से जुड़े साक्ष्य संकलित किए और शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। उपनिरीक्षक राजीव कुमार साहू ने बताया कि परिजनों से तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# लोक अदालत में निपटे 123708 वाद

**बांदा।** जनपद मुख्यालय,बाह्य न्यायालय अतर्रा,बबेरू,नरैनी एवं तहसील मुख्यालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत में 1,23,708 वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये गये।जिसमें कुल 17,56,61,618 रूपयें अर्थदंड वसूल किया गया।जनपद न्यायाधीश अल्पना द्वारा सिविल व क्रिमिनल के 4 वाद निस्तारित करते हुए 500 अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 71 वाद निस्तारित करते हुए 3,92,42,000 रूपये बीमा कम्पनियों से पीड़ित पक्षों को दिलवाया गया।पवण कुमार सिंह प्रथम अपर जिला जज द्वारा 2 वाद निस्तारित करते हुए 500 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।विशेष न्यायाधीश (एस.सी.एस.टी. एक्ट) द्वारा 1 वाद निस्तारित किया गया।अपर जिला जज (एफ.टी.सी.) द्वारा 6 वाद निस्तारित किये गये। विशेष न्यायाधीश



(ई.सी.एक्ट) द्वारा कुल 167 वाद निस्तारित करते हुए 50,24,806 रूपयें अर्थदंड अधिरोपित किया गया।विद्युत के 9882 वाद प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित कर 7,25,94,378 रुपया वसूला गया।बैंक द्वारा कुल 936 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया।जिसमें 9,95,00,000 रुपये कर्जदारों से वसूल किये गये तथा बीएसएनएल द्वारा 11 वाद निस्तारित करते हुए कुल 10,874 रूपयें वसूल किया गया।समारोह में समस्त न्यायिक अधिकारीगण,विमल कुमार सिंह अध्यक्ष एवं राजेश त्रिपाठी महासचिव जिला अधिवक्ता संघ के साथ जिला अग्रणी प्रबंधक बैंक तथा रामनयन यादव,शशिराज अहमद भी मौजूद रहे।

# पशुओं में लंपी वायरस जैसी बीमारी का प्रकोप

**कुलपहाड़ (महोबा)** तहसील तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के दुधारू जानवर गाय व बैलों में विचित्र बीमारी लंपी वायरस जैसी जानलेवा बीमारी का प्रकोप शुरू हो गया है इन दिनो भी यह बीमारी तहसील क्षेत्र के अधिकतर जानवरों में फैली हुई है इस बीमारी के प्रकोप से कई जानवर अपनी जान गमा बैठे हैं।

कृषक सुरेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बतलाया कि यह बीमारी गाय और बैलों में फैल रही है शुरुआत में जानवर को भीषण बुखार हो जाता है इसके बाद जानवरों के पूरे शरीर में काले रंग के दाने पड़ जाते हैं इन दानो में बाद में मवाद बनने लगता है इस बीमारी के प्रकोप से अंत में जानवरों की मौत हो जाती है अगर



समय पर इलाज नहीं मिला तो जानवर गंभीर बीमार हो जाते हैं।

कुलपहाड़ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इस बीमारी का भीषण असर है कुल पहाड़ में संतोष कुमार सोनी की एक गाय व उसका बछड़ा इस बीमारी की प्रकोप से अपनी जान गम चुका है ग्राम बमोरी खुर्द के ग्राम प्रधान प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बतलाया कि गांव में बीमारी का भीषण प्रकोप है चरण सिंह पाल कालका प्रसाद व द्वारका प्रसाद साहू कि जानवरों को भी इस वायरस का भीषणप्रकोप फैल गया है रावतपुरा खुर्द के किसान सुरेश कुमार यादव सहित कई किसानों ने बतलाया कि गांव में बालकिशन यादव की गाय प्रीतम सिंह यादव की गाय भी लंपी के प्रकोप बीमारी से ग्रसित हैं। कस्बा कुलपहाड़ के पशु अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों से जब भी संबंध में बात की गई तो उन्होंने जानकारी देते हुए बतलाया इस बीमारी का इलाज संभव है जिस पशु पालक के जानवरों को यह बीमारी हो जाती है उसको तुरंत पशु अस्पताल में आकर सूचना देना चाहिए अस्पताल में मौजूद स्टाफ मौके पर पहुंचेगा तथा जानवरों का इलाज किया जाएगा इलाज हो जाने के बाद तुरंत इस बीमारी पर नियंत्रण कर लिया जाता है।

### बाढ़ पीड़ितों के घाव में मलहम लगाने जैसा अनवरत सहयोग कर रही है सेवा भारती

**समय जगत चित्रकूट।** सेवा भारती द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के मंत्र को शिरोधार करते हुए 29 तारीख से लगातार चित्रकूट में आई दैवीय आपदा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में आज मानिकपुर तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवो ( सकरौहा, चमरौहां ऊंचाडीह चुरेहकसेरुवा ऐलहा बढ़िइया ) में बाढ़ से पीड़ित लोगों को घाव में मलहम लगाने जैसा गिलहरी प्रयास पूरे निस्वार्थ भाव से कर रही है। सेवा भारती की जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने बताया कि की सेवा भारती द्वारा बाढ़ से प्रभावित अब तक लगभग सभी क्षेत्र में अति आवश्यक सामग्री ( चटाई, दरी,चद्दर,तिरपाल, बच्चों बुजुर्गों के लिए कपड़े,महिलाओं के लिए सलवार सूट, साड़ियां एवं खाद्यान्न सामग्री में आटा, दाल,चावल, शक्कर, नमक, तेल, मसाला ,सोयाबीन बड़ी, बिस्किट,लाई आदि) विपरीत किया गया।卐मुश्किल वक्त में हाथ बढ़ाएं, मानवता का फर्ज निभाएं।卐 आप सभी से अपील है कि अपनी क्षमता के अनुसार भोजन, कपड़े, दवाइयां या आर्थिक सहयोग देकर उनकी सहायता कर सकते हैं। आपका एक छोटा सा योगदान किसी को नई जिंदगी और उम्मीद दे सकता है। थोड़ी सी जिंदगी है पर ख्वाब बहुत है जुर्म तो पता नहीं साहब पर इल्जाम बहुत है कुदरत के फैसले पर शक कैसा अगर सजा मिल रही है तो गुनाह भी हुआ होगा। सेवा भारती की जिला अध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला ने कहा कि सेवा भारती निरंतर शोषित वंचित पिछड़ों जरूरतमंदों को हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर्य है इस भीषण आपदा में सेवा भारती चित्रकूट द्वारा एक छोटा सा सहयोग हौसला नहीं टूटने के लिए किया गया। इस दुख की घड़ी में हम सब लोग साथ हैं।

### सीएचसी मऊ में 3.50 किलो के ट्यूमर का चिकित्सकों ने किया सफल ऑपरेशन



**समय जगत चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मऊ में चिकित्सकों की टीम ने महिला के पेट से करीब 3.50 किलोग्राम वजन के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया। कई महीनों से पेट दर्द और लगातार रक्तस्राव की समस्या से परेशान सिकरौं निवासी कमलेश पत्नी राजकुमार को उपचार के लिए सीएचसी मऊ की ओपीडी में लाया गया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में सीएचसी मऊ के अधीक्षक डॉ. हारून की देखरेख में वरिष्ठ सर्जन डॉ. विद्यासागर, वरिष्ठ निश्चेतक डॉ. ऋषि प्रताप सिंह और उनकी टीम ने महिला की जांच के बाद ऑपरेशन का निर्णय लिया। चिकित्सकीय टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर महिला के पेट से लगभग 3.50 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला। ऑपरेशन सफल होने के बाद महिला की हालत चिकित्सकों की निगरानी में बताई गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. हारून ने ऑपरेशन में शामिल वरिष्ठ सर्जन, निश्चेतक चिकित्सक सहित पूरी ओटी टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीएचसी में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और चिकित्सकों की टीम के प्रयास से मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। अधीक्षक ने इस सफल ऑपरेशन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी का आभार भी व्यक्त किया। चिकित्सकीय टीम के इस प्रयास की अस्पताल परिसर में सराहना की गई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव पर भाजपा झांसी महानगर द्वारा सेवा का महाकुंभ

## 17 को वृहद रक्तदान शिविर, शाम को दीपों की रोशनी से जगमगाएगा महानगर

### - जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने की कार्यक्रम की समीक्षा



**समय जगत, झाँसी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके सार्वजनिक सेवा के संकल्प को समर्पित आगामी कार्यक्रमों को लेकर एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी 17 सितंबर को जिले भर में आयोजित होने वाले श्वृहद रक्तदान दिवसश् और शाम को प्रस्तावित श्आशीर्वाद का दीयाश् महाअभियान की रूपरेखा तय कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर महादानरू वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन श्अंत्योदयश् और श्जनसेवाश् का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके जन्मदिवस को संगठन द्वारा सेवा और समर्पण के रूप में मनाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में 17 सितंबर को जिले के विभिन्न केंद्रों पर वृहद रक्तदान शिविर मेडिकल कॉलेज झांसी मै आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से जुड़कर किसी का जीवन बचाना ही प्रधानमंत्री जी के प्रति सच्ची कृतज्ञता होगी। युवा मोर्चा और समस्त पढ़ाकरियों को निर्देश दिया गया कि वे अधिक से अधिक युवाओं और आम नागरिकों को इस रक्तदान अभियान से जोड़ें, एवं स्वयं भी इस सामूहिक रक्तदान का अंश बने।

श्जिसने संवारा जीवन हमारा, उसको आशीर्वाद हमाराश् कृ हर घर प्रज्वलित होगा दीया

जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण, विकास और राष्ट्र निर्माण की योजनाओं से देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को संवारने का कार्य किया है। उनके प्रति जन-जन का स्नेह और आभार व्यक्त करने के लिए 17 सितंबर की शाम को ष्जिसने संवारा जीवन हमारा, उसको आशीर्वाद हमाराष् के ध्येय वाक्य के साथ श्आशीर्वाद का दीयाश् अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक बूथ, गांव, मोहल्ले और हर घर पर शाम के समय दीपक जलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दीया केवल रोशनी का प्रतीक नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और राष्ट्र सेवा के निरंतर संकल्प के लिए मंगलकामनाओं का आशीर्वाद स्वरूप होगा।

बूथ स्तर तक जन-जन को जोड़ने का आह्वान जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंडल और बूथ स्तर पर टीम बनाकर अभियान को जनआंदोलन का रूप दें। प्रमुख चौराहों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर भी सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन के प्रबंध किए जाएं।बैठक में उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर और शाम के श्आशीर्वाद का दीयाश् कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य बनाने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरविंद राजपूत ,विकास कुशवाहा,जिला उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, मीनू राजावत ,अनिरुद्ध दुबे , विनीत खटीक ,संजीव अग्रवाल , सह मीडिया प्रभारी मोहित पोरवाल श्वेता पराशर ,प्रतिमा कुलकर्णी ,नीरजा गुप्ता ,गीतमाला गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपास्थि रहे।

# हिन्दी दिवस को समर्पित सरस मासिक काव्य संगोष्ठी में तीन–साहित्यकारों की पुस्तकों का हुआ विमोचन




**समय जगत, झांसी।** शास्त्री विश्व भारती संस्कृति एवं साहित्य शोध संस्थान सीपरी बाजार शास्त्री भवन में मासिक साहित्यिक सरस काव्य संगोष्ठी सम्पन्न हुई। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ0 पी0 के0 अग्रवाल (आई0ए0एस0 सेवा निवृत) द्वारा की गई। गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. बी. बी. त्रिपाठी ख्रिदेशक संस्कृत शोधपीठ, बुन्दे0 विश्वविद्यालय झांसी, एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. निहालचन्द शिवहरे, डॉ0 प्रताप नारायण दुबे, राजगोस्वामी (दतिया) श्री दिलशेख श्दिलश, डॉ0 ए0 के0 हिंगवासिया, श्री हरशरण शुक्ल, श्री सतीश कुमार (प्राचार्य जी0आई0 सी0) श्री आलोक शांडिल्य, श्रीमती मालती शिवहरे रहे। डॉ. ब्रजलता मिश्रा द्वारा सरस्वती-बन्दना प्रस्तुत की गई।

श्री जी0पी0झा के शंखवादन से गोष्ठी का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर डॉ0 निहालचन्द्र शिवहरे द्वारा रचित सौ हाइकु काव्य संग्रह ष्हाइकु सरिताष् का विमोचन किया गया। तत्पश्चात डॉ0 बी. बी. त्रिपाठी द्वारा रचित ष्रामराजीय शतकम्ष् (संस्कृत एवं हिन्दी भावार्थ सहित), डॉ0 पी0 के0 अग्रवाल द्वारा युवा पीढ़ी को प्रेरित करने वाली पुस्तक श्गीता और युवा का विमोचन किया गया।

संस्थान की ओर से सभी पुस्तक रचनाकारों का शाल, श्रीफल, पटका पहनाकर सम्मान किया गया। गोष्ठी में डॉ. रामशंकर भारती द्वारा हाइकु सरिता पुस्तक की उत्कृष्ट एवं प्रभावी समीक्षा की गई। डॉ0 सुश्री नीति शास्त्री द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं राष्ट्रभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। काव्य पाठ की सरस प्रस्तुति करते हुए क्रमश रू डॉ0 सुखराम चतुर्वेदी फौजी, श्री कैलाश नारायण मालवीय श्री रामबिहारी सोनी तुक्कड़, श्रीमती संध्या निगम, श्रीमती ब्रजलता मिश्रा, रचना तिवारी, विजय प्रकाश सैनी श्यामशरण नायक, अताउल्लाह खान, ज़ब्बार शारिख, तेजभान सिंह बुन्देला ममता श्रीवास, मीरा अग्रवाल हरिशंकर वाल्मीकि (शंकर) बलराम सोनी, संजय तिवारी राष्ट्रवादी, शरद मिश्र, रामलखन सिंह परिहार, जे. पी. झा, सुधा सक्सेना, हरशरण शुक्ल, कामता प्रसाद प्रजापति, डॉ. बी. बी. आर्य, डॉ. अशोक शादिल्य, ए. के. सिंह रहित मुख्य अतिथि सभा अध्यक्ष समस्त विशिष्ट अतिथियों ने श्रेष्ठ सार्थक रचनाओं की प्रस्तुति देकर गोष्ठी को सार्थकता प्रदान की। इस अवसर पर गौरीशंकर उपाध्याय ष्सरलष् अब्दुल रशीद, ए. बी. मजूमदार (वैज्ञानिक) काशीराम, मंगल सेन, विभा पांड्या, सुभाष चंद्र, शीलू गौतम, नीरज सिंह सहित अनेक श्रोतागढ़ उपस्थित रहे।

गोष्ठी का संयुक्त संचालन डॉ. सुश्री नीति शास्त्री एवं महाकवि श्री सुखराम चतुर्वेदी (फौजी) द्वारा किया गया। अंत में कई श्री नेमी चंद जैन के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धारण कर गोष्ठी का समापन आभार ज्ञापन से किया गया।

# म. प्र. श्रम जीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष शलभ भदौरिया का निवाडी में हुआ स्वागत



**समय जगत, निवाड़ी ।** मध्यप्रदेश श्रम जीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया जी भोपाल से छतरपुर जिला स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु वंदे भारत से उतरकर कार द्वारा छतरपुर जाते समय निवाड़ी तिगैला यातायात चौकी पर कुछ देर के लिए रुके जहां पर दादा श्री शलभ भदौरिया जी का माल्यार्पण पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र उड़ा कर सम्मान किया गया जिसमें श्री दीपक नीखरा ने अंग वस्त्र उड़ाया एवं माल्यार्पण किया ।

इसके बाद जिला इकाई श्रम जीवी पत्रकार संघ के द्वारा दादा को भगवान श्री रामजी का रामदरबार भेंट किया गया माल्यार्पण करने वालों में अरविंद गुप्ता, श्री देवेंद्र श्रीवास्तव, श्री राजीव गुप्ता, श्री रूपेंद्र राय, श्री ऋषि खेवरया, श्री अजय गुप्ता बाबूजी, शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे दादा से कुछ पुरानी यादें ताजा हुई जब अरविंद गुप्ता ने कहा दादा निवाड़ी की धरा पर आपका दूसरी बार स्वागत है 8 नवंबर 1995 को निवाड़ी में सम्मेलन हुआ था।

उसका व्यवस्थापक में ही था जिसमें आप के अतिरिक्त श्री राजेश बादल न्यूज एंकर दूरदर्शन, श्री नाती राजा महराज टीकमगढ़, श्री आई के कोचर जी, मैनेजिंग डायरेक्टर के, पी साल्वेक्स प्राइवेट लिमिटेड निवाड़ी, श्री सुरेश शर्मा वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे दादा को तुरंत सब याद आ गया उन्होंने श्री राजेंद्र शेखर एडवोकेट एवं श्री सुरेश शर्मा को याद कर दादा की आँखें भर आई आज श्री राजेंद्र शेखर एडवोकेट एवं श्री सुरेश शर्मा दोनों हमारे साथ नहीं है ।

# 37वां संकुल खेल कूद समारोह सम्पन्न



**समय जगत, झांसी।** विद्या भारती कानपुर प्रांत द्वारा आयोजित 37वीं संकुल खेल कूद समारोह 11 से 12 सितम्बर 2026 भानी देवी गोयल स. वि. म. इ0 कॉ0 बालाजी मार्ग झाँसी में सम्पन्न हुआ। जिसमें संकुल के 14 विद्यालयों के 200 खिलाड़ी भैया बहिनों ने 15 निर्णायक 10 संरक्षक ने निर्विवाद इस एथलेटिक्स की प्रतियोगिता को समय से सम्मिलित होकर कार्यक्रम में सहभाग किया।मुख्य अतिथि झाँसी संभाग के संभाग निरीक्षक श्री मान शिवकरण जी ने भैया बहिनों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्होंने कहा खेल कूद के माध्यम से सर्वांगीण विकास।इस अवसर पर प्रान्तीय खेल कूद प्रमुख राकेश वधवार ने भैया बहिनों का खेलों में किस तरह से विकास हो उन्होंने विद्या भारती के माध्यम से कई राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रान्तीय सह खेल कूद प्रमुख प्रभाकर त्रिपाठी ने सभी आभार व्यक्त किया। सभी अतिथि महानुभावों विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया शैलेन्द्र यादव ने सभी का स्वागत भी किया।इस अवसर पर- प्रधानाचार्य छत्रसाल स्वर्णकार, जनक किशोर दुबे, उमा भारती, अनूप खरे, धर्मेन्द्र रजक, प्रभाकान्त मिश्रा, शैलेन्द्र यादव आदि।यदि आप इस हिन्दी पाठ का किसी अन्य भाषा में अनुवाद (जैसे अंग्रेजी) करवाना चाहते हैं या इसमें कुछ सुधार करना चाहते हैं, तो कृपया मुझे बताएं।

# स्व. विवेक निरंजन स्मृति में विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव पन्द्रह से : अवधेश निरंजन




**समय जगत, झांसी।** स्व. विवेक निरंजन स्मृति में विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर 15 सितंबर से 26 सितंबर तक विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन एवं विवेक निरंजन खेल अकादमी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करता आ रहा है।

प्रेस वार्ता में फाउंडेशन सचिव रामकिशन निरंजन एवं अकादमी अध्यक्ष अवधेश निरंजन,जीतू नरवरिया ,मधुकर निरंजन,डॉ वी के निरंजन ने बताया कि फाउंडेशन एवं एकेडमी जिला महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट ,क्षेत्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट,(कोट बेहटा) एवं किशोरपुरा (मऊरानीपुर )अखिल भारतीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट ,(घुराट तेजपुरा) इंटरमीडिएट कॉलेज लीग, कबड्डी, खो खो ,क्रिकेट , महापुरुषों की जयंतियां, वृक्षारोपण, सम्मान समारोह ,स्वच्छता एवं जागरूकता के कार्यकम आदि का आयोजन करते है।

इसी कड़ी में 15 सितंबर 2026 को प्रातः 8: 30 बजे से विवेक निरंजन वॉलीबॉल कोर्ट पर विवेक निरंजन महिला वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा ,जिसके प्रभारी राजेश पटेल और सतीश कंचन होंगे।

जिसमें विवेक निरंजन खेल अकादमी और बी टीम , 1, -2, निर्मला कान्वेंट स्कूल, बड़ागांव इंटर कॉलेज, सन इंटरनेशनल स्कूल, अल्पाइन पब्लिक स्कूल, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज,बुंदेलखंड विश्वविद्यालय,बुंदेलखंड इंजीनियरिंग कॉलेज, माउंट लिट्रा , भेल शिक्षा निकेतन,आर्मी पब्लिक स्कूल,आर्यन पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों की टीमें भाग ले रही हैं। '15 सितंबरक पूर्वान्ह 11 बजे वृक्षारोपण विवेक निरंजन वॉलीबॉल कोर्ट पर होगा ,इसके प्रभारी मधुकर निरंजन दादा डॉ वी के निरंजन रहेंगे।

'16 सितंबर को दोपहर 1 बजे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में होगा ,इसके प्रभारी सुहानी यादव, खुशी यादव होगी। '16 सितंबर को ही मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन 2रू30 बजे महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में होगा इसके प्रभारी सिद्धि यादव प्रिंसी यादव रहेगी।'18 सितंबर 2026 को 12 बजे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आदर्श आदर्श इंटर कॉलेज खजूर बाग झांसी में होगी,इसके प्रभारी हेमंत कुशवाह, स्कंद्र पटेल रहेंगे।

'19 सितंबर को प्रातः 9 बजे विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन नेशनल हाफिज सिद्दीकी इंटर कॉलेज में किया जाएगा,जिसके प्रभारी आचार्य राकेश मिश्रा एवं संजीव त्रिपाठी रहेंगे। '21 सितंबर को दोपहर 12 बजे सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भानी देवी इंटर कॉलेज, महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज, कुलदीप सरस्वती विद्या मंदिर में संपन्न होगी, इसके प्रभारी प्रफुल्ल सक्सेना, अवधेश निरंजन रहेंगे।'25 सितंबर को चित्रकला प्रतियोगिता आदर्श इंटर कॉलेज खजूर बाग, न्यू एरा पब्लिक स्कूल ,भानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न होगी, जिसके प्रभारी हेमंत कुशवाह, नम्रता कुशवाहा, कौशलेंद्र पाल सिंह हो रहेंगे।

'26 सितंबर को निबंध प्रतियोगिता ,विषय -ष्कृत्रिम बुद्धिमत्ता (।प्) मानव जीवन के लिए कितना लाभदायक हैष् का आयोजन भानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज में संपन्न होगी ,जिसके प्रभारी संजीव दुबे रहेंगे। 'वॉलीबाल टूर्नामेंट में विजेता एवं उपविजेता टीम क्रमशः 5100/- ,3100/- नकद राशि एवं टीम सदस्यों को मेडल , व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जायँगे। सभी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में उत्तर प्रदेश सरकार के किसी मन्त्री एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा।

प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को ट्राफी एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल दिए जाएंगे। रजिस्ट्रेशन प्रतियोगिता स्थल पर ही होंगे।विज्ञान प्रश्नोत्तरी हेतु विद्यालय केवल दो छात्र ही शामिल किए जाएंगे। चित्रकला सीनियर कक्षा 9 से 12 तक का विषय 2047 का भारतष्एवं जूनियर ग्रुप कक्षा 5 से 8 तक का विषय ष्स्वच्छ पर्यावरणष् रहेगा। पत्रकार वार्ता में विनोद निरंजन सुरेश रायकवार ,अंकित राय,महिपत निरंजन हिमांशु निरंजन आदि लोग उपस्थित रहे। अंत में आभार विवेक निरंजन फाउंडेशन सचिव रामकिशन निरंजन ने व्यक्त किया।

# कलमकार प्रकोष्ठ ने किया भारत माता पूजन , हिंदी साहित्य भारती के साहित्यकार पत्रकार प्रकोष्ठ कलमकार प्रकोष्ठ ने किया श्रद्धा समर्पण महोत्सव



**समय जगत, झाँसी ।** हिंदी साहित्य भारती ने भारत माता पूजन एवं श्रद्धा समर्पण महोत्सव की श्रृंखला में केंद्रीय कार्यालय होटल द मारवलस में कलमकार प्रकोष्ठ में साहित्यकारों और पत्रकारों ने भारत माता पूजन कर श्रद्धा समर्पित की ।

दीप प्रज्वलन उपरान्त डॉ ब्रजलता मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति दी और सोनू बाथम ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया। संस्थापक एवं केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रवींद्र शुक्ल ने अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि हिंदी साहित्य भारती प्रत्येक इकाई के प्रत्येक प्रकोष्ठ में श्रद्धा समर्पण महोत्सव आयोजन में भारत माता की आरती उपरांत श्रद्धा समर्पित करना प्रत्येक भारतीय का राष्ट्रीय कर्तव्य है ।

डॉ निहाल चंद्र शिवहरे की पुस्तक हाइकु सरिता का विमोचन मंचासीन अतिथियों ने किया ।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन में कवि साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से माँ भारती को अपने शाब्दिक श्रद्धा सुमन समर्पित किए ।

प्रो. बलभद्र त्रिपाठी, आलोक शांडिल्य, डॉ प्रताप नारायण दुबे, डॉ वी पी सैनी, कैलाश नारायण मालवीय, राहुल मिश्रा, वैभव दुबे, रवि कुशवाहा, धर्मेंद्र सारांश, सुखराम चतुर्वेदी फौजी, संध्या निगम, तेजभान बुंदेला, कामता प्रसाद प्रजापति, बलराम सोनी, गौरी शंकर सरल, दिनेश शर्मा चिंतक, बद्री पाढरी, विजय शंकर करौलिया, राम बिहारी सोनी तुक्कड़, जी पी बर्मा मधुरेश आदि ने काव्यपाठ किया ।

वरिष्ठ पत्रकार रामसेवक अरजरिया, दीपक त्रिपाठी , कुंदन सोलंकी, आशीष, द्विवेदी , प्रभात साहनी, आदि उपस्थित रहे ।

महानगर अध्यक्ष संजय राष्ट्रवादी ने संचालन किया और प्रकोष्ठ संयोजक डॉ शरद मिश्र ने आभार व्यक्त किया।

# यशोबर्धन गुप्त भैया जी की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम



**- सरजू शरण पाठक**

**समय जगत, गुरसरांय।** दैनिक जागरण के निदेशक यशोवर्धन गुप्त भैया जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके द्वारा किये गए योगदानों को याद किया गया।

सर्व प्रथम उनके चित्र पर पुष्पांजलि करने के बाद बोलते हुए मुख्य वक्ता मेजर अखिलेश पिपरैया ने कहा कि भैया जी के द्वारा समाज एवं हिंदी जगत को एक दिशा प्रशस्त की गई उसे समाज हमेशा याद रखेगा। पूर्व प्रधानाचार्य के के तिवारी ने कहा कि भैया जी ने अपनी लेखनी से सभी को दिशा निर्देश देते हुए सामाजिक सरसता की नींव रखी।पूर्व प्रवक्ता शिवकुमार तिवारी ने कहा कि आज समाज को अखवार ही आईना दिखाता है।यह कार्य भैया जी ने किया उनके द्वारा किये गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

संचालन सितारवादक सरजू शरण पाठक ने किया। कार्यक्रम संयोजक एवं दैनिक जागरण व्यूरो चीफगुरसरांय सुनील चौहान ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर पूर्व अध्यापक ओमप्रकाश शर्मा,ठाकुरदास तिवारी,छुन्ना कोठारी, रामबाबू शर्मा,पूर्व प्रवक्ता ब्रजेन्द्र कुमार खरे,सुरेश नायक आमली,पूर्व अध्यापक चंद्रभान यादव,वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र कौशल,मानिक लाल साहू,कैलाश नारायण मिश्रा,राधेश्याम यादव,झनक सिंह यादव,रमेश अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण घोष,पन्नालाल यादव,मुन्ना भाई,प्रवीण पटेरिया आदि उपस्थित रहे।

**यशोवर्धन गुप्त को संगीत कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि**

गुरसरांय।दैनिक जागरण के निदेश यशोबर्धन गुप्त भैया जी को माँ शारदा संगीत विद्यालय के संगीत गुरु पं परशुराम पाठक के शिष्यों ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में सितार वादक पं सरजू शरण पाठक ने अपनी प्रस्तुति में,इक दिया जलाया है,उसका प्रकाश रहेगा अमर,जो लोग दिखाए डगर,वह होगा जीवन का सफर ,के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की।

कु मधु दीक्षित,चंचल दीक्षित ने भजन ,एक बार तो राधा बनकर देखो मेरे सांवरिया, राधा यूं रो रो कहे,की भाव भीनी प्रस्तुति दी।तबले पर संगत रामजी सेन एवं नमन गौतम ने की।

नेहा पटेल ने भजन महापुरुषों की याद हमेशा याद आएगी की प्रस्तुति दी।इसके अलावा नाल वादक देवेन्द्र घोष, मधु गौतम,कृष्णा गौतम,श्रेया सोनी,गार्गी पाठक, देव पटेरिया, आरवी जैन,नव्यांश सोनी,आशी गुप्ता आदि कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर यशोबर्धन गुप्त भैया जी को श्रद्धांजलि अर्पित की ।

# हमेशा याद आती है शेखर की वह दिल को छूने वाली आवाज मेरा तो छोटा भाई चला गया मुझे छोड़कर: दिग्विजय सिंह



**समय जगत, निवाड़ी ।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह जी आज एक मुलाकात में भावुक हो गए अपने दतिया से छतरपुर जाते समय अल्प विश्राम प्रवास पर ओरछा में जैसे ही रुके ओरछा तिगैला पर गाड़ियों का काफिला था उसी समय एडवोकेट श्री राजुल शेखर अपने परिवार के साथ ओरछा श्री रामराजा सरकार दर्शन हेतु जा रहे थे उसी समय दिग्विजय सिंह गाड़ी से उतरे तो गाड़ी से उतर कर एडवोकेट श्री राजुल शेखर ने श्री दिग्विजय सिंह को प्रणाम किया पूर्व मुख्यमंत्री जी श्री अमित राय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के निवास पर जा रहे थे निवास पर श्री प्रेम चंद्र राय एवं श्री मती सरोज प्रेमचंद राय अध्यक्ष जिला पंचायत निवाड़ी ने उनका अभिनंदन किया पूर्व मुख्यमंत्री जी के बैठ जाने पर उन्होंने अमित राय के माध्यम से एडवोकेट राजुल शेखर को बुलाया और राजुल के सिर पर हाथ रखा और भावुक हो गए उन्होंने कहा शेखर मेरे छोटे भाई थे उनकी बहुत याद आती है मेरे सारे कार्यक्रमों का मंच संचालन वही करते थे इस अवसर पर राजुल ने कहा मेरे डैडी अक्सर कहा करते थे जब भी राजा साहब श्री दिग्विजय सिंह जी से मुलाकात होती थी वह अक्सर पूछते थे कि शेखर दिल कैसा है तो मेरे डैडी जवाब देते थे कि राजा साहब जिस दिल में राजा साहब रहते हैं उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता तो राजा साहब मुस्करा उठते क्योंकि शेखर जी का दिल का ऑपरेशन 2004 में कांग्रेस फंड से राजा साहब ने ही करवाया था और मुझे याद है जब श्री दिग्विजय सिंह जी ने स्वयं डाक्टर श्री नरेश त्रेहान जी से कहा था कि डाक्टर साहब ये शेखर जी इनकी आवाज ही इनकी पहचान है में चाहता हूं ये आवाज बंद न हों पाये डाक्टर साहब मुस्करा उठ ।